e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 301

# प्रभात मंत्र

**सुविचार**
छल करोगे तो छल मिलेगा,
आज नहीं तो कल मिलेगा,
अगर जियोगे जिंदगी सच्चाई
से, तो सुकून हर पल मिलेगा !

रविवार
05.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



## संक्षिप्त खबरें

### नगर पंचायत क्षेत्र में प्लास्टिक कैरी बैग की खरीद बिक्री होगी प्रतिबंधित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में प्लास्टिक कैरी बैग की खरीद बिक्री पर पूर्णतः रोक रहेगी । इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा अधिसूचित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट (एमेंडमेंट) रूल 2021 के प्रावधान के अंतर्गत नप क्षेत्र में 75 मिक्रोन्स थिकनेस्स से कम के प्लास्टिक कैरी बैग के निर्माण, आयात, भंडारण, खरीद, बिक्री एवं उपयोग प्रतिबंधित है। वहीं प्लास्टिक के स्थान पर जूट, कागज या कपड़े के थैला का उपयोग करने की अपील की गई है। साथ ही किसी भी दुकानदार के पास प्लास्टिक कैरी बैग हो तो यथाशीघ्र नप कार्यालय में जमा करने की बात कही गई है। प्लास्टिक कैरी बैग के निर्माण आयात, भंडारण, खरीद, बिक्री या उपयोग किए जाने पर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम तथा नगरपालिका अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत आर्थिक दंड के साथ-साथ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# रोजगार मेला में 350 बेरोजगारों का किया गया निबंधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में जेएसएलपीएस के तत्वाधान में शनिवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला का शुभारंभ अंचल पदाधिकारी सुनील कुमार,जिला परिषद सदस्य बाला रानी,प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे तथा जेएसएल पीएस के जिला प्रबंधक नवल किशोर राजू ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि बेरोजगार युवक, युवतियों के लिये यह सुनहरा अवसर है। रोजगार पाने के लिये बेरोजगार युवक, युवतियां अपना अपना निबन्धन कराकर रोजगार पाएं और इस अवसर का लाभ उठावें। रोजगार मेला में नगर उंटारी के बेरोजगारो को रोजगार उपलब्ध



कराने के लिए ओएसएस फेसिलिटी सर्विस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, आईएसएस एसडीबी सिक्योरिटी, पीवीटी एलटीडी, रीडसोसाईटी रांची की कंपनियां शामिल हुई। रोजगार मेला में 350 बेरोजगार युवक, युवतियों का निबन्धन किया गया। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम धनंजय कुमार, सामुदायिक संवन्यक योगेंद्र सिंह, भरत कुमार, संजय राम, निधि भारती, नीरज मिश्रा, प्रमोद कुमार, जाबिर अंसारी, धर्मेन्द्र सिंह, सखी मंडल के सदस्य सहित बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक-युवतियां उपस्थित थे।

# बस की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** बस के चपेट में आने से सड़क पर टहल रही महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई घटना छतरपुर थाना गेट कि सामने की है लोगों ने बताया कि महिला ज्ञान्ति देवी 35 वर्षीय पति चितरंजन सिंह ग्राम खजुरी नैडीहा एवं मिडिल स्कूल के सामने छतरपुर सुबह 5 बजे टहलने के लिए निकली हुई थी हर रोज की तरह ठाकुरबारी मंदिर में प्रार्थना कर लौटती थी शनिवार की सुबह कोरबा अंबिकापुर से सासाराम जाने वाली सिंह बस के चपेट में आने से बस स्टैंड थाना गेट के सामने ही दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद चालक एवं खलासी मौके से फरार हो गए गुस्साए लोगों ने डाल्टनगंज औरंगाबाद रोड थाना गेट के सामने ही सड़क जाम कर दिया मुवावजे एवं चालक की गिरफ्तारी मांग को लेकर करीबन 4 घंटे तक सड़क जाम रखा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं पुलिस समझा बूझकर लोगों को जाम हटाया बस को जप्त कर थाने में लगाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज आगे ही कार्रवाई में जुट गई।

## सतबहिनी नदी में बालू का उठाव शुरू



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत हुटार पंचायत के सतबहिनी नदी बालू घाट में मुख्य अतिथि शोभा देवी,बालू घाट अध्यक्ष सुबोधकांत कुमार, जिला परिषद सदस्य छोटन सिंह, विश्व सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी, पसंस पति मनोज प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर बालू घाट का उठाव शुरू किया। जिला परिषद छोटन सिंह ने कहा कि प्रति ट्रेलर 100 की चालान दिया जाएगा। इस बालू का उठाव शुरू होने से विकास का कार्य अब बाधित नहीं होगा।प्रधानमंत्री आवास सरकारी योजनाओं में बालू की अहम भूमिका होती है इससे अब तेजी से विकास होगा।मनोज प्रसाद समाजसेवी ने कहा कि लोगों का अब बालू आसानी से तथा सस्ते दामों में मिल जायेगा।विश्व सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी ने कहा कि लोगों को घर बनाने और सरकारी कामों में बालू के उठाव से फायदा होगा कम लागत में सब को बालू मिलेगा। मौके पर मुखिया पति नागेंद्र राम, सचिव ओबिजन अंसारी, कोषाध्यक्ष संतोष भुइयां, हुटार पिकेट प्रभारी, सदस्य देवनारायण यादव, बिफन भुइयां, कलीम अंसारी, अजीत कुमार चंद्रवंशी, नसीर उद्दीन अंसारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सीओ व बीडीओ को प्रखंड प्रमुख सहित पंचायत समिति सदस्य ने गुलदस्ता देकर किया सम्मानित



**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद के नवपदस्थापित अंचलाधिकारी धनंजय कुमार गुप्ता एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रणबीर कुमार को प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी एवं पंचायत समिति सदस्य गण ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया मौके पर उप प्रमुख इंदू देवी पंचायत समिति सदस्य राजवंश यादव सुमेर राम सुरेन्द्र चौधरी अरविंद कुमार मेहता मंटू मेहता राजकुमार समाजसेवी पवन कुमार पटेल सहित अंचल कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

# भाजपा छोड़ एक दर्जन से अधिक लोग झामुमो में शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत हासनदाग के एक दर्जन से अधिक लोग भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। शुक्रवार को सभी कार्यकर्ताओं ने मनोज कुमार दुबे उर्फ बबलू दुबे के नेतृत्व में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर झामुमो में शामिल किया। मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब, आदिवासी, शोषित, पीड़ित एवं वंचितों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर आज मेराल के हासनदाग से कई लोग भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल हुए हैं।



पार्टी में शामिल होने वालों का अभिनंदन करते हुए मंत्री ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले नये लोग काफी उर्जावान हैं। इनसे पार्टी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सभी लोग क्षेत्र में जनता के बीच जाकर हेमंत सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दें एवं इन योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके यह भी सुनिश्चित करें। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से बबलू दुबे, सुदर्शन विश्वकर्मा, बुद्धदेव चौधरी, राजेंद्र चौधरी, मुकेश ठाकुर आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, मदनी खान आदि लोग उपस्थित थे।

# नहीं रहे भूतपूर्व सरपंच सह समाजवादी नेता बिरझन वर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परसोडीह के भूतपूर्व सरपंच सह समाजवादी नेता 96 वर्षीय बिरझन वर्मा शुक्रवार की रात्रि 9:30 बजे के करीब अंतिम सांस लेकर इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की खबर सोशल मीडिया के जरिये पूरे क्षेत्र में फैल गई प्रखंड क्षेत्र के लोगों का आवागमन निधन के तुरंत बाद से ही होने लगा। क्षेत्र के लोगों को प्रखर समाजवादी नेता को खो देने का गम चारों तरफ फैला हुआ था लोग दूर-दूर से उनकी अंतिम दर्शन करने को लेकर पैतृक आवास परसोडीह पहुंच अंतिम दर्शन करने के पश्चात शवजनो को ढाढ़स बढ़ा रहे हैं। वही जानकारी पाकर स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही पैतृक आवास परसोडीह पहुंच बिरझन वर्मा की पार्थिव शरीर को दर्शन कर दुख दायक परिजनों को संतावना दिया साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे पूज्य पिता पूर्व मंत्री स्व0 लाल हेमेंद्र



प्रताप देहाती के परम् मित्र परसोडीह के लाल समाजवादी, क्रांतिकारी नेता बिरझन वर्मा थे उनका कमी हम सबों को हमेशा महसूस होगी। गौरतलब हो की बिरझन वर्मा के दो पुत्र और तीन पुत्रियां थी उनका भरा पूरा परिवार था वह पिछले कई महीनो से चलने फिरने से असमर्थ थे उनका भरण पोषण घर पर ही हुआ करता था। वह हमेशा समाज कल्याण एवं विकास के लिए अपने जीवन काल का अधिक समय समाज सेवा में लगाया करते थे। उन्हें समाज में उत्कृष्ट समाज सेवी होने का गौरव प्राप्त था उनके बड़े पुत्र अजय वर्मा वर्तमान में आजाद समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश सचिव हैं जो अपने पार्टी में मुखर एवं कद्दावर नेता के रूप में माने जाते हैं। उनका अंतिम संस्कार हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पास के ही पंडा नदी तट पर किया गया। इस मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, केतार जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, भवनाथपुर जिप सदस्य शर्मा रंजनी, खरौंधी जिप सदस्य धर्मराज पासवान, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे, पूर्व मुखिया दशरथ गुप्ता, विनोद सिंह, विक्रम सिंह, मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, मूंगा साह, इम्तेयाज आलम, अजय राम, ब्रह्मदेव कुमार गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, झामुमों के वरिष्ठ नेता लल्लूराम, आजाद समाज पार्टी के नेता रामकृष्ण राम, भागीदारी पार्टी के नेता देवेंद्र कुमार प्रजापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, मनोज पहाड़िया सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पांकी के सोनाली बजाज शोरूम में लॉन्च हुई बजाज की बाइक पल्सर एन 150




**पांकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के थाना रोड स्थित सोनाली बजाज शोरूम में शनिवार की दोपहर बड़े ही धूमधाम से बजाज की धांसू बाइक पल्सर एन 150 लांच की गई, इस अवसर पर बजाज के डिवीजनल मैनेजर एल लीलाधर एवं सर्विस मैनेजर एम सेन पांकी सोनाली बजाज के सर्विस मैनेजर मोहम्मद शरीफ समेत सोनाली बजाज की कर्मचारियों के द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर एवं पर्दे हटाकर बाइक लॉन्च की गई, इस अवसर पर मौके पर उपस्थित ग्राहकों एवं लोगों के संबोधन में डिविजनल मैनेजर ने बताया कि बजाज ने एन 160 के बाद काफी कम कीमत में एन 150 बाइक लॉन्च की है जो दमदार माइलेज के साथ बेहद आकर्षक एवं स्पोर्टी लुक के साथ कई रंगों में उपलब्ध है, इस बाइक में कार जैसे फीचर्स दिए गए हैं जो ग्राहकों को बेहद पसंद आने वाली है व यह बाइक अब बहुत जल्द सभी बाइक को पीछे छोड़ने वाली है। बाइक लॉन्च के बाद कई ग्राहकों ने धांसू बाइक की बुकिंग भी करवाई वहीं पल्सर एन150 के पहले ग्राहक को डिविजनल मैनेजर ने चाबी एवं उपहार देकर सम्मानित भी किया। मौके पर मौजूद शोरूम के प्रबंधक ने बताया कि ग्राहकों की संतुष्टि ही उनका पहला कर्तव्य है त्योहारों के इस सीजन में सभी बाइक पर डिस्काउंट दिए जा रहे हैं, सबसे ज्यादा डिस्काउंट पल्सर 150 पर 7200 रूपए का है। बाइक लांच होने के दौरान मौके पर सोनाली बजाज के सभी कर्मचारियों समेत प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मोतियाबिंद ऑपरेशन का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डीबीसीएस पलामू राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दगवार के तत्वाधान में शनिवार को निःशुल्क आईओएल विधी द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन। नेत्र शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल चिकित्सा प्रभारी डॉ दीपक कुमार फिता काटकर किया शुभारंभ मौके पर अनुमंडल चिकित्सा प्रभारी दीपक कुमार ने कहा कि नेत्र ज्योति विना सुंदरता अधुरी है वहीं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संचालक डॉ अखिलेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सभी जांच नेत्र ज्योति मोतियाबिंद ऑपरेशन गुणवत्ता के साथ किया जाएगा वहीं पहला दिन 48 लाभुकों को सफलतापूर्वक आप्रेशन गुणवत्ता के साथ किया गया मौके पर उपस्थित शहरी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ विनोद कुमार नगर उपाध्यक्ष ज्ञयासुदीन सिद्दीकी दगंवार पंचायत मुखिया अमरेन्द्र कुमार ठाकुर उपेन्द्र कुमार पासवान रविरंजन कुमार प्रहलाद ठाकुर जय प्रकाश सुनिल पशु सचिन ठाकुर बसंती देवी राजनी कुमारी काजल कुमारी दयानंद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मिट्टी धंसने से महिला की मौत, एक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कंकारी पंचायत के हुकवा में घर लिपाई के लिए मिट्टी खोदने के क्रम में मिट्टी धंस जाने से हुकवा निवासी रामनाथ चौधरी के 28 वर्षीय विवाहित पुत्री मंजू देवी की मौत शनिवार की सुबह करीब 7:30 बजे मिट्टी की धंसने से मौत हो गई। कंकारी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सह ग्रामीण मुन्ना पाल ने बताया कि मंजू देवी शनिवार की सुबह करीब 7:30 बजे अपने 19 वर्षीय भाई लल्लू चौधरी के साथ घर की लिपाई पुताई के लिए केरा दह नदी किनारे मिट्टी लेने गई थी। वह एक बार मिट्टी लेकर घर पहुंचा चुकी थी ।दूसरी बार वह मिट्टी लाने के लिए निकाल रही थी कि अचानक ऊपर से मिट्टी धंस गया। जिसमें वह और उसका भाई दोनों दब गए।मंजू देवी पुरी तरह से दब गई थी जबकि भाई का कुछ हिस्सा बाहर था। वह मिट्टी में दबे हुए ही अपने ऊपर की पॉकेट से मोबाइल निकाल कर घर वालों को इसकी सूचना दी। घर



वाले और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचकर दोनों को बाहर निकाला। बाहर निकालते ही 5 मिनट के अंदर मंजू देवी की मौत हो गई तथा उसका भाई लल्लू चौधरी घायल है। मंजू देवी की शादी चैनपुर थाना क्षेत्र के लाली बहेरा गांव में सुनील चौधरी के साथ 10 वर्ष पूर्व हुई थी। उसे एक 8 वर्षीय पुत्र और एक 7 वर्षीय पुत्री है। मंजू देवी 2 दिन पूर्व अपनी ससुराल से अपनी मायके आई थी। उसका पति सुनील चौधरी उसे मायके छोड़कर बाहर कमाने गया है। मंजू देवी की मौत की सूचना मिलते ही ससुराल पक्ष के लोग आकर शव को अपने साथ लाली बहेरा ले गए। जहां उसका अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

# श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र का 136 वां शुभ जन्म महोत्सव की तैयारी हो गई है पूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र का 136 वां शुभ जन्म महोत्सव की तैयारी पूरी हो गई है.5 नवम्बर को जंगीपुर ग्राम स्थित लघु सिंचाई विभाग के मैदान में सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के निकट श्री श्री अनुकूलचन्द्र जी का 136वां जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने बताया कि 5 नवम्बर को प्रातः5 बजे उषा कीर्तन, प्रातः 6.09 बजे सामूहिक प्रार्थना व प्रणाम, इसके बाद विभिन्न भाषाओं में परम् प्रेममय श्री श्री ठाकुर जी के अमिय ग्रंथो का पाठ, प्रातः 9.30 बजे भव्य शोभायात्रा बाबा बंशीधर मन्दिर से कार्यक्रम स्थल तक, दोपहर 12.05 बजे संगीतांजली, दोपहर 1 बजे से मातृ सम्मेलन, दोपहर 2 बजे साधारण सभा तथा 5:07 बजे संध्या कालीन समवेत प्रार्थना पाठ, संगीतांजली का आयोजन किया जायेगा। शनिवार को प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभातफेरी सत्संग उपासना केंद्र से निकलकर उसका कला, जंगीपुर, अधौरा ग्राम का भ्रमण करते हुये श्रवण विश्वकर्मा के आवास पर पहुंचकर प्रार्थना के बाद सम्पन्न हुआ.इस कार्यक्रम में दिल्ली से पूज्यनिया दीप्ति जी, पूजनीय सात्वत दा, पूज्यनिया सतरूपा दी सहित कई सत्संगी वृन्द विभिन्न जगहों से शामिल होंगे।

## लक्ष्मी पूजा समिति के अध्यक्ष बने मनोज गुप्ता व उपाध्यक्ष चंद्रभूषण

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के मेन बाजार परिसर मे लक्ष्मी पूजा को लेकर मुखिया प्रतिनिधि के आलोक यादव के अध्यक्षता मे बैठक की गई। इस बैठक मे सर्व सहमति से लक्ष्मी पूजा समिति का गठन किया। जिसमे अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष चंद्रभूषण गुप्ता, सचिव अभिषेक गुप्ता-कुंदन गुप्ता, कोषाध्यक्ष बनारसी प्रसाद व साकेत प्रसाद, मीडिया प्रभारी संतोष गुप्ता को बनाया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया और साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। पूजा समिति के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार गुप्ता ने बताया की आगामी 25 नवम्बर को भोजपुरी जगत के गायक चन्दन यादव और ज्योति माही का शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## एसडीओ ने दो विद्यालय का किया निरीक्षण



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने शनिवार को मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के विशेष अभियान दिवस को राजकीय मध्य विद्यालय जंगीपुर व राजकीय मध्य विद्यालय भोजपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने चल रहे मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की जानकारी लिया। उन्होंने विद्यालय के बच्चों से एमडीएम से सम्बंधित पूछ ताछ भी किया। मौके पर प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी विकास कुमार व विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

# गढ़वा के हुनरमंद बच्चों की हुनर को कई वर्षों से निखार रहा है लायंस विशाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के द्वारा शान्ति निवास उच्च विद्यालय गढ़वा में छात्र छात्राओं के बीच पिस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन पुर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला0 डॉ आर एस दिवाकर की अध्यक्षता में शनिवार को किया गया। जिसमें बच्चों ने स्वच्छता, पर्यावरण, स्वास्थ्य, कोरोना महामारी बिमारी और उससे बचाव, इस तरह के अनेक तरह कि चित्र बनाकर जब लायंस विशाल के पदाधिकारियों को सौंपा तो लोग बस देखते ही रह गये।सभी ने बच्चों को खड़े होकर उनके जज्बे और हौसले का सम्मान बढ़ाया।प्रतियोगिता में कुल 40 छात्र छात्राएं शामिल हुए। जिन्हें दो घंटे का निर्धारित समय दिया गया। सभी बच्चों ने अपना हुनर दिखाया। जिसमे से प्रथम, द्वितीय, तृतीय, का चयन किया जाएगा। उसके बाद लायंस इंटरनेशनल 322 ऐ के तहत बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर



सम्मानित किया जाएगा। बताते चलें कि लायंस इंटरनेशनल 322 ऐ में सबसे पहले पिस पोस्टर प्रतियोगिता कि शुभारंभ गढ़वा से लायंस विशाल के द्वारा किया गया था। जो अब पुरे 322 ऐ के तहत सभी क्लबों के द्वारा पिस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जो लायंस विशाल के लिए गौरव का पल माना जाता है और लगातार 1986 से लायंस विशाल मानवता कि सेवा में समर्पित होकर सेवा दे रही है। शान्ति निवास की प्राचार्या सिस्टर रोशमा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हर वर्ष लायंस विशाल के द्वारा मेरे विद्यालय के बच्चों के बीच पिस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जो बहुत ही सराहनीय है।ऐसे प्रतियोगिता से बच्चों का मनोबल बढ़ता है।बच्चे के हुनर को देश दुनिया के लोग देखते हैं। लायंस क्लब के माध्यम से बच्चे जब पुरस्कृत होते है तो, उनका मनोबल कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए क्लब को आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल होने वालों में डॉ एनके रजक, डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, ब्रजमोहन प्रसाद, डॉ अर्जुन विश्वकर्मा, गिरिश कमलापुरी, पीआरओ शौकत खान समेत विद्यालय परिवार के बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

# एसडीओ ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत किये जा रहे निर्वाचन कार्यो का किया समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत किये जा रहे निर्वाचन कार्यो की समीक्षा किया। बैठक में विद्यालयों में अध्ययनरत वैसे छात्र जिनकी आयु एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो गई है या पूर्ण होगी का विद्यालय से प्राप्त प्रपत्र 6 के वापसी व ऑनलाइन इंट्री की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विभिन्न विद्यालयों से 2326 प्रपत्र 6 प्राप्त हुये हैं, जिनकी ऑनलाइन इंट्री पूर्ण नही हुई है.एसडीओ ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को दो दिनों के अंदर अन्य कम्प्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से उक्त प्रपत्रों का ऑनलाइन इंट्री कराने का निर्देश दिया.मतदाता सूची पुनरीक्षण के अंतर्गत अब तक प्राप्त प्रपत्र 6,7 व 8 की समीक्षा की गई। इसमें पाया गया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अब तक काफी कम



1300 प्रपत्र प्राप्त हुये हैं। उन्होंने सभी बीडीओ व बीएलओ सुपरवाइजरों को विशेष अभियान के लिए निर्धारित तिथि 4 व5 नवम्बर को विशेष रूप से सभी योग्य व्यक्तियों का नाम जोड़ने के लिये बीएलओ एप के माध्यम से प्राप्त 6एंट्री कराने का निर्देश दिया.उन्होंने कहा कि आदिम जनजाति व मुसहर जाति के सभी सदस्यों का जिनका उम्र 18 वर्ष पूरे हो गया है उनका नाम मतदाता सूची में निबंधन कराने का निर्देश दिया तथा मतदाता सूची में निबंधित सभी आदिम जनजाति व मुसहर जाति के मतदाताओं का विवरणी उपलब्ध कराने को कहा। घर घर हुये सर्वे के दौरान पाये गये स्थानांतरित, अनुपस्थित व मृत मतदाताओं की संख्या व उसके विलोपन सबंधी कार्रवाई का प्रतिवेदन तथा मृत मतदाताओं के मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत किये जाने सबंधी प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीडीओ अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत वैसे मतदान केंद्र जिनके नाम मे आंशिक संशोधन की आवश्यकता हो का प्रतिवेदन दो दिनों के अंदर विहित प्रपत्र में दो दिनों के अंदर सबंधित सहायक निर्वाचन निबन्धन पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## डीलरों के मनमानी पर राशन वितरण के लिए कर्मी हुए प्रतिनियुक्ति

**केतार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी नंदजी राम ने पत्र प्रेषित कर परसोडीह पंचायत के बांसडीह कला के जन वितरण प्रणाली विक्रेता रवि राम को और मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव के जन वितरण प्रणाली सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा अक्टूबर माह के प्राप्त गरीबों को मिलने वाला राशन वितरण के लिए प्रतिनियुक्ति कर्मी पंचायत सचिव अशोक कुमार एवं नवनियुक्त पंचायत सचिव आदित्य कुमार को यह आदेश दिया है कि उक्त दोनों कर्मी स्वयं जन वितरण प्रणाली के दुकान पर उपस्थित होकर लाभुकों के बीच राशन वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि इन दोनों जन वितरण प्रणाली के संचालकों पर माह सितंबर और अक्टूबर का खदान वितरण किए जाने में अनियमित बरते जाने की शिकायत मिली है। जिसके आलोक में मुख्यालय से खदान वितरण हेतु कर्मी प्रति नियुक्त किया गया है।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 301
रविवार
05.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
छल करोगे तो छल मिलेगा,
आज नहीं तो कल मिलेगा,
अगर जियोगे जिंदगी सच्चाई
से, तो सुकून हर पल मिलेगा !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने मियांवाली एयरबेस में घुसे नौ आतंकियों को किया ढेर

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के मियांवाली में सेना के एयरबेस पर शनिवार सुबह हमला करने वाले सभी नौ आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आतंकवादियों के खात्मे के लिए शुरू किया गया अभियान इसी के साथ खत्म हो गया। पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने एयरबेस में घुस रहे तीन आतंकवादियों को गेट के कुछ आगे मारकर पूरे इलाके को घेर लिया था।रिपोर्ट्स के अनुसार आतंकियों ने हमले में तीन ग्राउंडेड लड़ाकू विमान और एक ईंधन टैंकर को नष्ट कर दिया था। इस बीच इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा है कि सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान वायुसेना के मियांवाली ट्रेनिंग एयरबेस पर आतंकी हमले को विफल कर सभी नौ दहशतगर्दों को मार गिराया। कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर ने कहा कि सुरक्षाबलों ने एक बार फिर आतंकवादी हमले को विफल करके अपनी क्षमता साबित की है। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि आतंकवाद को हराने के लिए हमारी सेनाएं सतर्क और एकजुट हैं।

### हमास पर इजरायल का सबसे बड़ा हमला,आतंकियों के आका इस्माइल हानिया के घर पर मिसाइल अटैक

**येरूशलम :** इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग के 29वें दिन बड़ी सूचना आ रही है. बताया जा रहा है कि इजरायली सेना ने हमास के मुखिया इस्माइल हानिया के घर पर मिसाइल अटैक किया है. अल-अक्सा रेडियो ने शनिवार को बताया कि एक इजरायली ड्रोन ने इस्माइल हानिया के गाजा स्थित घर पर मिसाइल दागी. हालांकि, इस हमले के दौरान वो अपने घर पर मौजूद नहीं था. वहां उसका परिवार रहता था, लेकिन हमले के वक्त कोई सदस्य मौजूद था या नहीं, ये अभी तक पता नहीं चल पाया है. हमास का राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हनिया साल 2019 से गाजा पट्टी के बाहर तुर्की और कतर के बीच रह रहा है.

### केरल में भारतीय नौसेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, हादसे में गई एक क्रू मेंबर की जान

**कोच्चि :** केरल के कोच्चि में आईएनएस गरुड़ पर मेंटेनेंस टैक्सी जांच के दौरान भारतीय नौसेना का एक चेतक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हादसे में नौसेना के एक ग्राउंड क्रू की जान चली गई है. भारतीय नौसेना ने कहा है कि हादसे के कारणों की जांच के लिए एक बोर्ड ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया गया है.नौसेना के सूत्रों के मुताबिक, नेवल एयर स्टेशन आईएनएस गरुड़ के रनवे पर उड़ान भरने के तुरंत बाद हेलीकॉप्टर हादसाग्रस्त हो गया. हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण उड़ान पर था.

### माओवादियों ने की भाजपा नेता की हत्या

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में पहले चरण के मतदान से तीन दिन पहले माओवादियों ने चुनाव प्रचार कर रहे बीजेपी के एक बड़े नेता की हत्या कर दी. रतन दुबे भाजपा की नारायणपुर जिला इकाई के उपाध्यक्ष थे. पुलिस ये यह जानकारी दी है.बताया जाता है कि रतन दुबे छत्तीसगढ़ चुनाव को लेकर प्रचार कर रहे थे. इसी दौरान नक्सलियों ने उन्हें निशाना बनाया.फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. यह घटना शनिवार को जिले के कौशलनार इलाके में हुई. दुबे ने जिला पंचायत में क्षेत्र में प्रतिनिधित्व करते थे. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हत्या की जांच के लिए एक टीम मौके पर पहुंच गई है. राज्य में दो चरणों में 7 और 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होंगे.छत्तीसगढ़ में लंबे समय से ये होता आ रहा है कि चुनाव प्रचार के दौरान नक्सलियों ने राजनीतिक दलों के नेताओं को निशाना बनाया है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

6.4 तीव्रता वाले विनाशकारी भूकंप के तेज झटकों से तबाह हुआ नेपाल

# 157 की मौत

* भूकंप का झटका दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों में भी महसूस किया गया



एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल के सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात आए 6.4 तीव्रता वाले विनाशकारी भूकंप के तेज झटकों ने तबाही मचाई। अब तक 157 लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग घायल हो चुके हैं. इस भूकंप की वजह से दर्जनों लोग मलबे में अब भी दबे हैं और कई मकान ढह गए. फिलहाल नेपाल पुलिस और नेपाली सेना राहत-बचाव कार्य में जुटी है और आशंका जताई जा रही है कि भूकंप में मरने वालों की संख्या में और इजाफा हो सकता है. भूकंप पर पीएम मोदी ने नेपाल को हर संभव मदद का भरोसा जताया है, वहीं नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया. बताया जा रहा है कि भूकंप से सबसे अधिक तबाही जाजरकोट और रुकुम जिले में हुई है.राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार, शुक्रवार की देर रात 12 बजकर आठ मिनट पर 4.5 तीव्रता, इसके कुछ मिनट बाद 4.2 तीव्रता, 12 बजकर 35 मिनट पर 4.3 तीव्रता और तड़के चार बजकर 16 मिनट पर 4.6 तीव्रता का झटका आया. कई लोग फिर से भूकंप आने और मकानों को होने वाले संभावित नुकसान की आशंका से डरकर रात भर बाहर रहे.

### भारतीयों की मदद के लिए आगे आई सरकार, जारी किया हेल्पलाइन नंबर

भारत सरकार की तरफ से अब भूंकप में फंसे लोगों की मदद के लिए एक इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है. नेपाल में फंसे भारतीय चाहें तो इस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर वहां मौजूद दूतावास के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं.नेपाल में भारतीय दूतावास के एक्स हेंडल इंडिया इन नेपाल के माध्यम से एक पोस्ट डाला गया है.इस पोस्ट में कहा गया कि हाल में आए भूंकप के बाद मदद के लिए इमरजेंसीनंबर-+977-9851315807 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के डायरेक्टर ओपी मिश्रा ने कहा कि हिमालय क्षेत्र में घटना की गंभीरता के लिए इमारतों संरचना जिम्मेदार हैं.

**इस भूकंप की वजह से दर्जनों लोग मलबे में अब भी दबे हैं और कई मकान ढह गए.**

नेपाल के पीएम पुष्पकमल दहल प्रचंड ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया

**बताया जा रहा है कि भूकंप से सबसे अधिक तबाही जाजरकोट और रुकुम जिले में हुई है.**

### नेपाल में भूकंप के कारण हुई क्षति से दुखी हूं : पीएम मोदी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल में आए भूकंप को लेकर एक्स पोस्ट पर अपना दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा,नेपाल में भूकंप के कारण हुई जनहानि और क्षति से अत्यंत दुखी हूं। भारत नेपाल के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

पीएम मोदी के ऐलान से 80 करोड़ लोगों को होगा फायदा

# गरीबों को 5 साल तक मिलता रहेगा मुफ्त राशन

**पीएम मोदी ने कहा,मैंने निश्चय कर लिया है कि देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली योजना को भाजपा सरकार अब अगले पांच साल के लिए और बढ़ाएगी. आपका ये प्यार और आशीर्वाद मुझे हमेशा पवित्र निर्णय करने की ताकत देता है.**



एजेंसी

**रायपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को छत्तीसगढ़ पहुंचे. वहां दुर्ग जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने ऐलान किया है कि मुफ्त में राशन योजना पीएमजीकेएवाई को 5 साल और बढ़ाया जाएगा.प्रधानमंत्री की इस घोषणा से देश के करीब 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा. पीएम मोदी ने कहा,मैंने निश्चय कर लिया है कि देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली योजना को भाजपा सरकार अब अगले पांच साल के लिए और बढ़ाएगी. आपका ये प्यार और आशीर्वाद मुझे हमेशा पवित्र निर्णय करने की ताकत देता है.कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'कांग्रेस ने गरीब को धोखे के सिवाय कभी कुछ नहीं दिया. कांग्रेस गरीब की कभी कद्र नहीं करती.इसलिए जब तक कांग्रेस केंद्र सरकार में रही, वो गरीबों के हक का पैसा लूटकर खाती रही, अपने नेताओं की तिजोरी में भरती रही.पीएम मोदी ने राज्य के सीएम भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने महादेव को भी नहीं छोड़ा और अवैध सट्टेबाजी ऐप के जरिये भ्रष्टाचार से अपनी तिजोरी भरी है. पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ भाजपा की पूरी टीम को बधाई दूंगा कि उन्होंने आपके सपनो को सच बनाने वाला संकल्प पत्र कल ही जारी किया है. इस संकल्प पत्र में छत्तीसगढ़ की माताएं-बहनें, यहां के युवा और यहां के किसानों को सबसे बड़ी प्राथमिकता दी गई है.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिट्रेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से की बात, दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिट्रेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से टेलीफोन पर बात की.उन्होंने ऋषि सुनक के कार्यकाल का एक साल सफलतापूर्वक पूरा होने पर बधाई दी. दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर बात की. दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, उभरती प्रौद्योगिकी, रक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत रखने को लेकर चर्चा की. पीएम मोदी ने ऋषि सुनक से पश्चिम एशिया क्षेत्र के विकास और इजरायल-हमास जंग पर बात की. दोनों नेताओं ने आतंकवाद, बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और नागरिकों की जान के नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की.

दोनों नेता क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा, स्थिरता और निरंतर मानवीय सहायता की आवश्यकता पर सहमत हुए.पीएम मोदी और ऋषि सुनक ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं भी दी.

## तीन बच्चों के साथ तालाब में कूदी महिला, दो बच्चों सहित महिला की मौत




एजेंसी

**हुसैनाबाद (पलामू) :** पलामू जिला के हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत करीमंडीह गांव के पसियाडीह टोला निवासी जवाहिर राम की तीस वर्षीय पत्नी निर्मला देवी ने घरेलू विवाद में अपने तीन बच्चों के साथ मोकहर कला के समीप पोखरा में कूद कर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने सभी को पोखरा से बाहर निकाला। उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर लाया गया। चिकित्सक डा. मंजूर आलम ने महिला निर्मला देवी,उसकी 8 वर्षीय पुत्री लाडली कुमारी व 6 वर्षीय पुत्र करण कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि 4 वर्षीय पुत्र गुड्डु कुमार की स्थिति खतरे से बाहर है। गुड्डु कुमार का प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया गया है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि निर्मला देवी के पति जवाहिर राम दो दिन पूर्व मजदूरी करने सिकंदराबाद के लिए निकले हैं। उन्होंने बताया कि महिला के साथ परिवार के लोगों के साथ लड़ाई झगड़ा हो रहा था। शनिवार की सुबह करीब 8 बजे महिला निर्मला देवी अपने तीनों बच्चों को लेकर घर से मोकहर कला गांव की ओर निकली थी। उसने अपने बच्चों को पोखरा में डाल कर खुद भी कूद गई। अंत में जिस बच्चे को फेकी उसे ग्रामीणों ने तत्काल निकाल लिया, जिससे उसकी जान बच गई। जबकि महिला और दो बच्चों को ढूंढने में देर होने की वजह उनकी मृत्यु हो गई। सभी को ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर पहुंचाया। महिला व दो बच्चों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना से गांव में मातम सा माहौल है। लोगों ने बताया कि घर में अक्सर लड़ाई झगड़ा होता था। महिला का पति के रहते समझा बुझा कर मामला शांत करा दिया जाता था। पति की गैर मौजूदगी में महिला निर्मला देवी ने यह कदम उठा कर घर को बरबाद कर दिया। घटना की सूचना देने के बावजूद पुलिस अस्पताल नहीं पहुंची थी। परिजन शव लेकर घर रवाना हो गए। घटना पर मुखिया नजमा खातून, पूर्व मुखिया सैफुल्ला खान समेत समाजसेवियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## बीजेपी के नेता आदिवासियों को जानवर से भी बदतर समझते हैं : राहुल

**राहुल ने कहा कि हमने अडानी का प्रोजेक्ट कैंसिल करके दिखाया है. देश के सबसे बड़े उद्योगपति और पीएम मोदी के दोस्त के प्रोजेक्ट को हमने कैंसिल किया है.**




एजेंसी

**रायपुर :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को राज्य के बस्तर जिले के जगदलपुर में रैली की.राहुल ने यहां बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी के नेता आदिवासियों को वनवासी कहते हैं.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,बीजेपी और आरएसएस के लोगों ने एक नया शब्द निकाला है। वे लोग आदिवासियों के लिए वनवासी शब्द का इस्तेमाल करते हैं.राहुल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी और वनवासी में बहुत अंतर है.अभी एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें एक आदिवासी एक ऊपर पेशाब किया गया और फिर उसे वायरल किया गया. पेशाब करने वाला शख्स बीजेपी का नेता ही था. उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी के नेता आदिवासियों को जानवर से भी बदतर समझते हैं. इस वजह से ही वे जानबूझकर आदिवासी लोगों के लिए वनवासी शब्द का इस्तेमाल करते हैं. कांग्रेस नेता ने लोगों को आदिवासी शब्द का मतलब भी समझाया.

उन्होंने कहा कि आदिवासी का मतलब देश के पहले और असली मालिक से है. यानी इस देश की जमीन जंगल जो कभी आपकी हुआ करती थी, आज उसे आप से ले लिया गया है. राहुल ने कहा कि बीजेपी कभी इस बारे में बात नहीं करती है, क्योंकि उसे ये सब आपको लौटना पड़ेगा. इसलिए उन्होंने ये शब्द निकाला है, वनवासी यानी जानवरों की तरह वन में रहने वाला. ये शब्द अपमानजनक है, कांग्रेस इसे स्वीकार नहीं करती है.

राहुल ने कहा कि हमने अडानी का प्रोजेक्ट कैंसिल करके दिखाया है. देश के सबसे बड़े उद्योगपति और पीएम मोदी के दोस्त के प्रोजेक्ट को हमने कैंसिल किया है.हम जनता का नुकसान नहीं सह सकते हैं.कांग्रेस के कारण अब पीएम मोदी वनवासी नहीं बोलते आदिवासी बोलते हैं लेकिन सोच वनवासी वाली है.इस देश में दलितों को हर रोज तंग किया जाता है. ओबीसी का अपमान होता है. पीएम कहते हैं इस देश में सिर्फ एक ही जाति है गरीब की,तब आप खुद को ओबीसी क्यों बोलते हैं.

## झारखंड में ईडी अफसरों की बढ़ाई गई सुरक्षा, सीआईएसएफ को मिला जिम्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जमीन,बालू,शराब और अवैध खनन जैसे घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की सुरक्षा बड़ा दी गयी है।

ईडी के अधिकारियों को नुकसान पहुंचाने और झूठे केस में फंसाने की साजिश रची गयी थी। ईडी अफसरों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को दी गई है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक पत्र भी राज्य पुलिस को भेजा है, जिसमें ईडी अफसरों की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिया गया है। ईडी की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि ईडी के अफसरों को न सिर्फ राज्य के बड़े अफसरों के साथ मिलकर फर्जी मुकदमे में फंसाने की साजिश रची गई थी,बल्कि ईडी के दो अफसरों को तो नुकसान पहुंचाने के लिए आरोपितों ने झारखंड के एक गैंगस्टर से भी संपर्क साध लिया था। रांची जेल में बंद गैंगस्टर के एक गुर्गे से इसे लेकर आरोपितों ने बैठकर प्लानिंग भी की थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद ईडी ने शुक्रवार को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी की थी। ईडी को जेल में छापेमारी के दौरान सीसीटीवी फुटेज सहित कई कागजात मिले, जिसे खंगाला जा रहा है। इस मामले में जेल अधीक्षक और जेलर को ईडी फिर समन कर सकता है। इससे पहले ईडी को यह भी जानकारी मिली थी कि ईडी के एक अफसर को धुर्वा में एसटी-एससी केस में आरोपित करने के बाद नए सिरे से गंभीर किस्म के आरोप में फंसाने की साजिश जेल से ही रची गई थी। आरोपितों ने ईडी अफसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए पहले नक्सलियों से संपर्क किया था लेकिन नक्सलियों ने इस मामले में पड़ने से साफ इंकार कर दिया था। इसके बाद झारखंड के एक गैंगस्टर से संपर्क साधा और प्लानिंग शुरू की। इस साजिश में अवैध खनन और जमीन घोटाले में शामिल प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल सहित कई दूसरे कैदियों की भूमिका बतायी जा रही है।

**ईडी के अधिकारियों को नुकसान पहुंचाने और झूठे केस में फंसाने की साजिश रची गयी थी। ईडी अफसरों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को दी गई है।**




## उद्योगपति मुकेश अंबानी को धमकी देने वाला आरोपित तेलंगाना से गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई :** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को लगातार पांच धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले आरोपित को महाराष्ट्र पुलिस ने तेलंगाना से गिरफ्तार किया। आरोपित की पहचान गणेश रमेश वनपारधी के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपित को शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपित को 08 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार मुकेश अंबानी के ई-मेल पर एक हफ्ते के अंदर पांच ई-मेल आए थे। मेल का जवाब न देने पर पहले 20 करोड़ रुपये फिर 200 करोड़ और 400 करोड़ की फिरौती मांगी गई और रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी थी।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, रविवार, 5 नवंबर 2023 | पेज 4


## गणेश स्पोटिंग क्लब राय के दो खिलाड़ियों का अग्नि वीर आर्मी के लिए हुआ चयन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गणेश स्पोटिंग क्लब राय के दो एथलेटिक्स खिलाड़ियो का अग्नि वीर आर्मी के लिए चयन किया गया है।उक्त दोनो एथलेटिक्स खिलाड़ियो ने इस वर्ष राँची मे आयोजित अग्नि वीर आर्मी बहाली मे शामिल हुए थे।जिसमे दोनो एथलेटिक्स खिलाड़ियो का चयन किया गया है।इससे पूर्व दिनो एथलेटिक्स खिलाड़ियो ने गणेश स्पोटिंग क्लब राय के द्वारा लगातार तीन वर्ष तक प्रशिक्षण प्राप्त कर चतरा मे आयोजित जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता एवं बरकाकाना रेलवे एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन कर खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रौशन कर चुके है।चयनित होने वाले एथलेटिक्स खिलाड़ियो मे राय बाजार निवासी अभय नायक और चुरी निवासी प्रियांशु प्रताप सिंह का नाम शामिल है।इस संबधं मे गणेश स्पोटिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया कि कोयलांचल क्षेत्र के राय गांव से पहली बार दो खिलाड़ियों का अग्नि वीर आर्मी के लिए चयन किया गया है।उन्होंने बताया कि दोनो एथलेटिक्स खिलाड़ी वर्तमान मे पुने महाराष्ट्र मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।इधर दोनो के चयन पर गणेश स्पोटिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने दोनो एथलेटिक्स खिलाड़ियो को शॉल प्रदान कर सम्मानित करते हुए दोनो को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कुल कल्याणपुर के पांच बच्चे मैराथन दौड़ के लिए हुए रवाना

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कुल कल्याणपुर से पांच स्कूली बच्चे शनिवार को मैराथन दौड के लिए जमशेदपुर रवाना हुए। जानकारी के अनुसार जमशेदपुर में होने वाले मैराथन दौड़ के लिए न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर के पांच बच्चों का चयन किया गया है।चयनित बच्चों कक्षा दसवी से प्रिती टोप्पो,कक्षा नौ से आरती कुमारी,कक्षा सात के अरुण गंझू,कक्षा छः के बिनोद कुमार गंझू,कक्षा नौ के सुमीत उरांव का नाम शामिल है।शनिवार को स्कुल के प्रबंधक मोहम्मद साहिल और विद्यालय कमेटी के सदस्यो ने हरी झंडी दिखाकर सभी बच्चो को स्कूल प्रागंण से रवाना किया।इस दौरान स्कूल के शिक्षको और प्रबंध समिति के लोगों ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील करते हुए शुभकामना दी।इस मौके पर प्रबंधक मोहम्मद साहिल, प्राचार्य ताका नारो जमीर, अब्दुल अंसारी,सलीम जावेद,बंधु प्रजापति,शकील अंसारी,कारीनाथ कुमार महतो सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे सहित विद्यालय प्रबंध समिति के लोग मौजूद थे।

## भाजपा नेता कमलेश राम ने श्राद्धकर्म में किया सहयोग

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को कांके प्रखंड के मेसरा पूर्वी पंचायत के रूदिया गांव निवासी अनिता देवी के 35 वर्षीय पुत्र विजय मुंडा की असामयिक मृत्यु की सूचना भाजपा के युवा नेता कमलेश राम को प्राप्त हुई । जो कि वर्तमान में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर झारखंड राज्य से बाहर गए हुए हैं। सूचना मिलते ही भाजपा के युवा नेता कमलेश राम ने तुरंत अपने कार्यकर्ताओं व सहयोगियों को पीड़ित परिजनों से मिलने हेतु भेजकर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि परिवार के अपने सदस्य को खोना बेहद कष्टपूर्ण व दुख भरा पल होता है । जिसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता ।। इसके साथ ही भाजपा नेता ने अपने सहयोगियों द्वारा उनके ब्रह्मभोज हेतु आवश्यक सामग्री भिजवाई है, और इस परिवार के हर सुख दुख में साथ रहने का वादा किया है। मौके पर अमित कुमार, रतनी देवी, आशु वाल्मीकि, शंकर करमाली व अन्य मौजूद थे।

## सात नवम्बर को झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में करेंगे नंग धड़ंग प्रदर्शन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ की बैनर तले अपनी लंबित मांगो को लेकर चार महीने से राजभवन के सामने अनिश्चित कालीन धरना प्रर्दशन कर रहे है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सरकार हमलोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, और अपने चुनावी वादे से मुकर रही है। और अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। संघ ने निर्णय लिया है कि सात नवम्बर को झामुमो के केंद्रीय कार्यालय के सामने नंग धड़ंग कार्यक्रम किया जाएगा। इस कार्यक्रम में संघ के 24 जिला के पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक उपस्थित होंगे।

## दिव्यांग शिविर में लगभग 90 लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन हुआ

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड कार्यालय में शनिवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे लगभग 71 लाभार्थियों को उनकी सक्षम योग्यता के आधार पर चयनित किया गया। रजिस्ट्रेशन करने आए अभ्यर्थियों में पैर से विकलांग कान से कम सुनना आंखों से देखा नहीं पाने वालों की संख्या अधिक थी। इन लोगों की जांच के साथ रजिस्ट्रेशन भी किया गया एवं इन्हें निकट भविष्य में आने वाले आधुनिक उपकरण भी उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, उप प्रमुख आरती देवी तथा दिव्यांग के साथ आए हुए उनके परिजन भी मौके पर उपस्थित थे।

# सर्तकता जागरुकता सप्ताह पर बचरा में पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफीसर्स क्लब में शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरंजन सेनापति और संचालन कार्मिक प्रबंधक रविवार ने किया।इस समारोह में सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर विभिन्न स्कूलों में कराए गए प्रतियोगिता में सफल हुए बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।समारोह मे निबधं,लेखन, श्लोगन,पेन्टीग और नुक्कड़ नाटक मे शामिल विभिन्न स्कूलों के बच्चों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिपरवार, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरटोला,नेहरू आदर्श विधालय बेंती,बचरा हाई स्कूल और प्रस्तावित बालिका उच्च विद्यालय बचरा के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के बच्चों ने सतर्कता जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एजीएम निरंजन सेनापति ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिता और खेल के क्षेत्र में भी आगे रहने की जरूरत है।सीसीएल प्रबंधन के द्वारा आयोजित इस तरह के प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूली बच्चों ने क्षेत्र के लोगों को सतर्कता और अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक करने का काम किया है।उन्होने सभी बच्चो से इस तरह के प्रतियोगिता में आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने स्कूली बच्चों के साथ बचरा ऑफीसर्स क्लब से लेकर बचरा चार नंबर चौक तक पैदल मार्च कर क्षेत्र के लोगों को सतर्कता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।इस मौके पर एजीएम निरजंन सेनापति,इन्द्रजीत सिंह,सकील अख्तर,अरूण कुमार महतो,रवि बाड़ा, ज्योति कुशवाहा,नागेश कुमार गोपाल,आभा खन्ना सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## एक्यूप्रेशर संसद का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** एक्यूप्रेशर परिसर झारखंड शाखा टाटीसिल्वे रांची मे एक्यूप्रेशर संसद का आयोजन एक्यूप्रेशर परिषद के राष्टीय अध्यक्ष डॉ श्री प्रकाश बरनवाल के नेतृत्व में किया गया । एक्यूप्रेशर संसद द्वारा कुमारी वंदना को सभापती बनाकर एक्यूप्रेशर सांसदों द्वारा समस्या समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई । इस संसद में 18 पंचायत 9 प्रखंड एवं विधानसभा क्षेत्र के एक्यूप्रेशर प्रतिनिधि भाग लिए । सांसदों द्वारा एक्यूप्रेशर को घर-घर पहुंचने ,एक्यूप्रेशर को सस्ता ,सुलभ बनाने एवं समाजसेवी बुद्धिजीवी जनप्रतिनिधि से बढ़-चढ़कर सहयोग करने की बात कही गई । सभा पटल पर रखी गई सवालों का जवाब देते हुए डॉक्टर मधुसूदन पांडे सचिव एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा द्वारा कहा गया एक ग्राम सभा के द्वारा, विधायक प्रतिनिधि के द्वारा, विधानसभा और सांसद प्रतिनिधि के द्वारा लोकसभा एवं सरकार द्वारा एक्यूप्रेशर को विकास देने के लिए पत्राचार प्रतिनिधि द्वारा संपर्क कर पड़ोसी राज्यों की तरह एक्यूप्रेशर का विस्तार किया जाए । पड़ोसी राज बिहार में जिस तर्ज पर स्वास्थ्य उप केदो में एक्युप्रेशर योगा थैरेपिस्ट की बहाली की गई है ,झारखंड में भी इस प्रतिक्रिया को लागू किया जाए । इस अवसर पर राज फर्नीचर खान मार्केट टाटीसिल्वे द्वारा खिचड़ी महाभोग व्यवस्था किया गया, जो प्रत्येक शनिवार को एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा में किया जाता है ।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर बलराम महतो, डॉ नरेश महतो ,डॉक्टर महेश प्रजापति ,समाजसेवी राजेश मिश्रा ,डॉक्टर लापन कुमारी , रुकमणी कुमारी ,डॉ सरस्वती कुमारी ,पूजा कुमारी ,ललिता कुमारी का बहुत बड़ा योगदान रहा । धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सदस्य प्रोफेसर लखन मिश्रा द्वारा दिया गया।

## पिपरवार के किचटो में हुई लोकल संवेदक संघ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत भवन में स्थानीय लोकल संवेदक संघ की बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता कुलदीप राम और संचालन राजेन्द्र साव ने किया।बैठक में सीसीएल द्वारा 2022-23 सीएसआर योजता की समीक्षा की गई और 2023-24 में सीएसआर योजना पर चर्चा की गई।बैठक में आपसी सहमति एंव एकजुटता बनाने,एक दूसरे के कार्यो में प्रतिस्पर्धा नही करने,स्थानीय संवेदको को प्राथमिकता के आधार पर काम देने सहित कई बातों पर चर्चा की गई।बैठक के दौरान स्थानीय संवेदकों की समस्या को लेकर संवेदक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही पिपरवार जीएम से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।बैठक में जितेन्द्र कुमार,राजू पासवान, ओम प्रकाश,महेश साव, मोहम्मद अब्बास,सलीम जावेद,अर्जुन महतो,बिनोद टाना भगत, मुकेंद्र पासवान,दिनेश महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच का अनशन समाप्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के संस्थापक सह अध्यक्ष राकेश रंजन महतो के नेतृत्व में पिछले 5 दिनो से आमरण अनशन कर रहे चांडिल डैम विस्थापितों का महामहिम राज्यपाल से सकारात्मक वार्ता हुई। राजभवन के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जल संसाधन विभाग को अपना निर्देश जारी किया और सभी बिंदुओं को समझने के लिए विभाग



को कहा। 10 सूत्री मांगों में से वर्तमान में मुख्य चार बिंदुओं के लिए तत्काल कार्यान्वयन हेतु आदेश जारी करने की बातें हुई। देर शाम प्रशांत कुमार सचिव, डब्ल्यूआरडी से सकारात्मक वार्ता होने के बाद अधिवक्ता मदन महतो ने जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। 10 सूत्री मांगों में से पहला चांडिल डैम द्वारा विस्थापन के बदले में मिला मुआवजा, प्राप्त नौकरी, निर्गत विकास पुस्तिका, प्राप्त पुनर्वास पैकेज तथा पुनर्वास स्थल पर आवंटन समेत अन्य मांगें थी। ज्ञात हो कि 30 अक्टूबर सोमवार को नामकुम रेलवे स्टेशन से जाकिर हुसैन पार्क राजभवन रांची तक शांतिपूर्ण तरीके से विस्थापितों ने अधिकार पदयात्रा करने के बाद राजभवन के समक्ष जाकिर हुसैन पार्क में 10 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे हुए थे। इसके लिए 17 अक्टूबर को 10 सूत्री मांग पत्र के साथ महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। मंच के अध्यक्ष राकेश रंजन महतो ने कहा कि मंच के बैनर तले चांडिल डैम के 84 मौजा 116 गांव के विस्थापित पिछले 16 जून 2023 से चांडिल डैम स्थित पुराना अधीक्षक कार्यालय परिसर में 122 दिन तक अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे थे।


### कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़।

**(आम सूचना)**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय-शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) योजना के शहरी फुटपाथ विक्रेताओं हेतु सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत घुटुवा वार्ड सं0 20 नवनिर्मित वेंडिंग जोन का आवंटन शहरी फुटपाथ विक्रेताओं के बीच किया जाना है। इसके लिए रामगढ नगर परिषद द्वारा सर्वेक्षण सूची में शामिल वैसे शहरी फुटपाथ विक्रेता, जिन्हें नगर परिषद, रामगढ द्वारा निबंधित पथ विक्रेता का प्रमाण पत्र दिया गया है, निम्न दस्तावेजों के साथ दिनांक 03.11.2023 से 10.11.2023 तक कार्यविधि के दौरान, रामगढ़ नगर परिषद के कार्यालय के DAY-NULM कोषांग में विहित आवेदन पत्र में आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उक्त वेंडिंग जोन में फुटपाथ पथ विक्रेताओं को "पहले आओ –पहले पाओ" के आधार पर या अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी के माध्यम से स्थल आंवटित किया जायगा। वार्ड सं0 20 एवं 21 के वेंडिंग कार्ड प्राप्त करने वाले पथ विक्रेता को प्राथमिकता दी जायगी। किसी भी परिस्थिति में रजिस्ट्रेशन शुल्क वापस नहीं की जायगी तथा आपकी पात्रता के जांचोपरांत ही लॉटरी में भाग लिया जा सकता है।

| व्यवसाय हेतु वेंडिंग जोन स्थल | व्यवसाय हेतु बैठने की कुल व्यवस्था | रजिस्ट्रेशन शुल्क | मसिक शुल्क |
|---|---|---|---|
| घुटुवा नवनिर्मित वेंडिंग जोन, रामगढ | 18 | 300 | 300 |

**वांछित दस्तावेज:**

1.नगर परिषद् रामगढ द्वारा प्रदत निबंधन कार्ड
2.एक पासपोर्ट साइज फोटो, एवं
3.आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करें।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 310653 (District) 23-24 (D)

### श्रम अधीक्षक का कार्यलिय, गढ़वा

Email-ID-bocgarhwa@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

ई–श्रम पोर्टल में निबंधित वैसे श्रमिक जिनकी दुर्घटना मृत्यु 31.03.2022 को अथवा इसके पूर्व एवं 26.08.2021 के बाद हुई हो, के संबंध में अनुदान राशि के भुगतान हेतु ई–श्रम पोर्टल के अंतर्गत एक ऑनलाईन मॉडयुल तैयार किया गया है जिस पर अर्हता प्राप्त आवेदन को अपलोड किया जा सकेगा। इस पूरी प्रक्रिया अर्थात जिला स्तर पर ई–श्रम के तहत अनुदान राशि के भुगतान का अनुश्रवण करने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया जा चुका है जिसके अध्यक्ष उपायुक्त, गढ़वा है एवं पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन अपर समाहर्त्ता एवं श्रम अधीक्षक समिति के अन्य सदस्य हैं। सहायता राशि के अंतर्गत दुर्घटना मृत्यु एवं पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 200000/– रू0 एवं आंशिक विकलांगता की स्थिति में 100000/–रू0 का भुगतान किया जाएगा।

उक्त अनुदान की राशि के भुगतान हेतु निम्न दस्तावेजों को ऑनलाईन मॉडयुल पर अपलोड किया जाना है :–

1. आवेदक का आधार
2. मृतक का ई–श्रम कार्ड
3. मृत्यु प्रमाण–पत्र/विकलांगता प्रमाण–पत्र
4. मृत्यु का चिकित्सा प्रमाण–पत्र
5- FIR रिपोर्ट
6. पोस्टमार्टम रिपोर्ट
7. जिला न्यायालय द्वारा निर्गत अभिभावक प्रमाण–पत्र (आवेदक के अल्पवयस्क होने की स्थिति में) अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए आवेदक को मार्च 2024 के पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा। अनुदान राशि के लिए आवेदन हेतु श्रम अधीक्षक कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क किया जा सकता है।

श्रम अधीक्षक,
गढ़वा

PR 310614Labour Employment and Traning(23-24)#D

### सहायक श्रमायुक्त का कार्यालय, संयुक्त श्रम भवन, रेड़मा, मेदिनीनगर, पलामू।

Email-ID-bocpalamau@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

ई–श्रम पोर्टल में निबंधित वैसे श्रमिक जिनकी दुर्घटना मृत्यु 31.03.2022 को अथवा इसके पूर्व एवं 26.08.2021 के बाद हुई हो, के संबंध में अनुदान राशि के भुगतान हेतु ई–श्रम पोर्टल के अंतर्गत एक ऑनलाईन मॉडयुल तैयार किया गया है जिस पर अर्हता प्राप्त आवेदन को अपलोड किया जा सकेगा। इस पूरी प्रक्रिया अर्थात जिला स्तर पर ई–श्रम के तहत अनुदान राशि के भुगतान का अनुश्रवण करने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया जा चुका है जिसके अध्यक्ष उपायुक्त, पलामू है एवं पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन अपर समाहर्त्ता एवं श्रम अधीक्षक समिति के अन्य सदस्य हैं। सहायता राशि के अंतर्गत दुर्घटना मृत्यु एवं पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 200000/– रू0 एवं आंशिक विकलांगता की स्थिति में 100000/–रू0 का भुगतान किया जाएगा।

उक्त अनुदान की राशि के भुगतान हेतु निम्न दस्तावेजों को ऑनलाईन मॉडयुल पर अपलोड किया जाना है :–

1. आवेदक का आधार
2. मृतक का ई–श्रम कार्ड
3. मृत्यु प्रमाण–पत्र/विकलांगता प्रमाण–पत्र
4. मृत्यु का चिकित्सा प्रमाण–पत्र
5. FIR रिपोर्ट
6. पोस्टमार्टम रिपोर्ट
7. जिला न्यायालय द्वारा निर्गत अभिभावक प्रमाण–पत्र (आवेदक के अल्पवयस्क होने की स्थिति में) अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए आवेदक को मार्च 2024 के पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा। अनुदान राशि के लिए आवेदन हेतु सहायक श्रमायुक्त कार्यालय, पलामू में सम्पर्क किया जा सकता है।

श्रम अधीक्षक,
पलामू।

PR 310662 District(23-24)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – **RDD/SD/LOHARDAGA/E-17/2023-24 PR No. 310081 Lohardaga (23-24)_D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.10.2023 | 08.11.2023 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 08.11.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 16.11.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09.11.2023 अपराह्न 03:00 बजे | 18.11.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्त्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा

PR 310638 (Lohardaga)23-24*D

### उपायुक्त, खूँटी का कार्यालय (खनन शाखा)

**खूँटी जिलान्तर्गत कर्रा अंचल के मौजा– बकसपुर, एवं मौजा– लापा तथा रनिया अंचल के मौजा– टुटिकेल में जब्त बालू खनिज की आम नीलामी हेतु सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (यथा संशोधित) के नियम 54(A) के प्रावधानों के अंतर्गत उपायुक्त, खूँटी के आदेश दिनांक– 02.11.2023 के आलोक में अपर समाहर्त्ता, खूँटी की अध्यक्षता में दिनांक 16.11.2023 को पुर्वाहन 11:00 बजे अपर समाहर्त्ता, खूँटी के कार्यालय कक्ष में सम्पन्न किया जाऐगा। बालू खनिज की नीलामी में वही व्यक्ति/संस्था भाग लेने के हकदार होंगे जो निर्धारित नियमों, शर्तों एवं बंधेजों का अनुपालन करेंगे। बालू खनिज की विवरणी, नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्तो को www.khunti.nic.in /कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

सरकारी नीलामी हेतु उपलब्ध बालू खनिज की विवरणी :–

| क्रम सं० | अंचल का नाम | ग्राम पंचायत/ग्राम सभा का नाम | मौजा | नदी का नाम | बालू खनिज की मात्रा | नीलामी हेतु निर्धारित न्युनतम राशि | सुरक्षित जमा राषि निर्धारित न्युनतम राशि का 10% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कर्रा | लापा | लापा | कारो | 30,000.00 सी०एफ०टी० | **2,25,000.00** | **22,500.00** |
| 2 | कर्रा | बकसपुर | बकसपुर | कारो | 11,000.00 सी०एफ०टी० | **82,500.00** | **8,250.00** |
| 3 | रनिया | टुटिकेल | टुटिकेल | कोयल | 4,000.00 सी०एफ०टी० | **30,000.00** | **3,000.00** |

ह०/–
उपायुक्त, खूँटी।

PR.NO.310649 Mines and Geology(23-24):D

### कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची

।। आम सूचना ।।

पत्रांक.............................. रॉंची/दिनांक–.......................................

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है कि अंकेक्षण दल द्वारा VARIATION OF CONDITIONS OF NATIONAL PERMIT की बकाया शुल्क की राशि नही कराए जाने पर आपत्ति की गई है, जिसकी सूची निम्नवत है–

नेशनल परमिट की सूची:–

| S. No. | VEHICLE NO. | DUE AMOUNT | S. No. | VEHICLE NO. | VALIDITY PERIOD |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH05L3797 | 4000 | 43 | JH05M5845 | 4000 |
| 2 | BR14G6468 | 6000 | 44 | JKH05M5847 | 6000 |
| 3 | BR14G3105 | 6000 | 45 | JH05M6472 | 6000 |
| 4 | JH01L6643 | 2000 | 46 | JH05M5848 | 4000 |
| 5 | BR18A1604 | 2000 | 47 | JH05M8894 | 4000 |
| 6 | JH05E8588 | 6000 | 48 | JH06B1860 | 2000 |
| 7 | JH01L6941 | 6000 | 49 | JH05M7742 | 2000 |
| 8 | JH01L6963 | 8000 | 50 | JH01M9399 | 2000 |
| 9 | BR14G6251 | 2000 | 51 | JH01M9167 | 2000 |
| 10 | JH01L6747 | 4000 | 52 | JH01M5745 | 4000 |
| 11 | JH07B0935 | 8000 | 53 | JH05M7826 | 2000 |
| 12 | JH05L5455 | 2000 | 54 | JH05M7828 | 2000 |
| 13 | BR16G4311 | 4000 | 55 | JH05M0783 | 2000 |
| 14 | BR16G9802 | 2000 | 56 | JH05M9262 | 4000 |
| 15 | JH01L7805 | 2000 | 57 | JH01M0810 | 4000 |
| 16 | JH01L5968 | 2000 | 58 | JH06B5786 | 2000 |
| 17 | JH01L7809 | 4000 | 59 | JH01N0812 | 4000 |
| 18 | BR14G1671 | 2000 | 60 | JH05M0687 | 2000 |
| 19 | BR18A9924 | 6000 | 61 | JH05N1430 | 4000 |
| 20 | JH05L5556 | 6000 | 62 | JH05M5846 | 4000 |
| 21 | JH05L6621 | 2000 | 63 | JH05M6493 | 2000 |
| 22 | JH05L8622 | 2000 | 64 | JH05M6531 | 2000 |
| 23 | BR16G7722 | 4000 | 65 | JH01N3023 | 2000 |
| 24 | JH05L8374 | 2000 | 66 | JH01N1786 | 2000 |
| 25 | JH05L6915 | 2000 | 67 | JH05N1821 | 2000 |
| 26 | JH05L3706 | 4000 | 68 | JH05M1833 | 2000 |
| 27 | JH05L7295 | 2000 | 69 | JH05M4311 | 4000 |
| 28 | JH05K5932 | 2000 | 70 | MP06E3290 | 2000 |
| 29 | BR16G8775 | 2000 | 71 | JH01N5793 | 2000 |
| 30 | BR14G5173 | 2000 | 72 | JH05N0018 | 2000 |
| 31 | JH01K8406 | 2000 | 73 | BR14G2525 | 2000 |
| 32 | JH05L9801 | 6000 | 74 | JH05N3033 | 4000 |
| 33 | JH05L7959 | 4000 | 75 | JH05M2929 | 4000 |
| 34 | JH05L3667 | 4000 | 76 | JH01N7173 | 4000 |
| 35 | BR16G9734 | 6000 | 77 | JH01M9832 | 2000 |
| 36 | JH01L9050 | 2000 | 78 | JH05P0120 | 4000 |
| 37 | JH01E1479 | 6000 | 79 | JH05P1444 | 4000 |
| 38 | MP06E2711 | 4000 | 80 | JH01P0215 | 4000 |
| 39 | UP80AC9312 | 2000 | 81 | JH05M9968 | 2000 |
| 40 | JH05M9216 | 4000 | 82 | JH05P0387 | 4000 |
| 41 | JH05M7745 | 6000 | 83 | JH05P1255 | 4000 |
| 42 | JH01M6843 | 4000 | 84 | | |

अतः उपरोक्त सभी वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि अपने वाहनों के विरूद्ध जमा की जाने वाली बकाया राशि को अविलम्ब जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरूद्ध मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द0छो0प्रा0परि0प्राधिकार, रांची।

PR.NO.310633 Transport(23-24):D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

एनआईटी जमशेदपुर में 13वां दीक्षांत समारोह आयोजित, 1040 छात्र-छात्राओं को प्रदान किया गया प्रमाण पत्र

# छात्र-छात्राएं क्रिएटिव रहकर देशहित में अपनी प्रतिभा का योगदान दें : राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** आदित्यपुर स्थित एनआईटी जमशेदपुर में शनिवार को 13वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को शामिल होना था। किंतु, अपरिहार्य कारणवश वे शामिल नहीं हो सके। कार्यक्रम को उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के कड़ी मेहनत का नतीजा है कि उन्हें आज मेडल से सम्मानित किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा की सफलता एक दिन में हासिल नहीं होती, इसके लिए आपको लगन के साथ मेहनत




करना होता है। संस्थान ने रोड मैप तैयार कर दिया है, लेकिन इस पर छात्रों को ही आगे बढ़ाना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से हमेशा क्रिएटिव रहने और देशहित में अपनी प्रतिभा का योगदान देने को कहा। इस मौके पर उपस्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति क्षिति भूषण दास ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इनोवेटिव बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज का समय युवाओं का है। आप स्टार्टअप के तहत जॉब प्रोवाइडर बन सकते हैं। मौके पर भूषण पावर एंड स्टील के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने छात्रों को देश के प्रगति में अपना अहम योगदान देने की अपील करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संस्थान के कुल 1040 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र सौंपा गया। इस दौरान 663 छात्र छात्राओं को बीटेक डिग्री प्रदान की गई जबकि 42 को पीएचडी की डिग्री, 152 छात्रों को एमटेक, 94 को एमसीए, 84 छात्र छात्राओं को एमएससी की डिग्री प्रदान किया गया। इस मौके पर संस्थान के दो छात्रों मेटलार्जिकल की छात्रा सायरी चटर्जी और एमएससी फिजिक्स के मैनाक भट्टाचार्या को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो0 गौतम सूत्रधर ने किया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एनआईटी के पूर्ववर्ती छात्र आईएएस टी. कृष्ण प्रसाद ने किया।

कोल्हान के डीआइजी अजय लिंडा ने होटल अतिथि सत्यापन प्रणाली के विस्तार की घोषणा की

# झारखंड में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस व होटल मालिक एकजुट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**जमशेदपुर :** कोल्हान के डीआइजी अजय लिंडा ने होटल सॉनेट में एक संबोधन के दौरान होटल अतिथि सत्यापन प्रणाली की पहुंच बढ़ाने की योजना का खुलासा किया। यह पहल, जिसका उद्देश्य अपराध से निपटना है, न केवल कोल्हान डिवीजन बल्कि राज्य के विभिन्न हिस्सों को भी कवर करेगी। पुलिस और जमशेदपुर होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन (जेएचआरए) के बीच सहयोग के परिणामस्वरूप होटल अतिथि पुलिस सत्यापन प्रक्रिया को बदलने के लिए एक उन्नत सॉफ्टवेयर समाधान का विकास हुआ है। जेएचआरए ने, जमशेदपुर एसएसपी के साथ साझेदारी में, आपराधिक और अवैध गतिविधियों की निगरानी में होटल और कानून प्रवर्तन दोनों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए तकनीकी प्रगति की आवश्यकता को पहचाना। राज्य राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) झारखंड ने अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर समाधान का अनावरण




करते हुए अनूठी परियोजना का नेतृत्व किया, जो सभी हितधारकों के लिए अधिक कुशल और सुव्यवस्थित अनुभव का वादा करता है। लॉन्च कार्यक्रम में कोल्हान के डीआइजी अजय लिंडा, आइपीएस एसएसपी किशोर कौशल और एनआईसी झारखंड के एसआईओ निदेशक डॉ. पीयूष गुप्ता मौजूद थे। एसएसपी किशोर कौशल ने अपराध पर अंकुश लगाने में पहल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, नए सॉफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में किसी भी चिंता को दूर करने के लिए विभाग की इच्छा व्यक्त करके जनता को आश्वस्त किया। किशोर प्रसाद, डीआईओ, पूर्वी सिंहभूम ने होटल अतिथि पुलिस सत्यापन प्रक्रिया में उल्लेखनीय सुधार के लिए डिज़ाइन किए गए एक परिष्कृत सॉफ्टवेयर के एनआईसी के विकास पर प्रकाश डाला। यह लॉन्च झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जिसमें होटल अतिथि पुलिस सत्यापन के लिए समर्पित अपनी तरह का पहला सॉफ्टवेयर पेश किया गया है। जेएचआरए के अध्यक्ष रवीश रंजन ने नवोन्मेषी सॉफ्टवेयर के बारे में उत्साह व्यक्त किया, जिसमें होटलों के लिए नियमित प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और परेशानी मुक्त अनुभव सुनिश्चित करने की इसकी क्षमता पर जोर दिया गया। सॉफ्टवेयर होटलों, स्थानीय पुलिस स्टेशनों और जिला पुलिस विभागों के बीच निर्बाध संचार की सुविधा प्रदान करता है, जो सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करता है।

### 15 नवंबर तक चलेगा क्रोमा का फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स

**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इस दिवाली, सपनों के सच होने की खुशी का आनंद लें क्योंकि टाटा उद्यम, क्रोमा में फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स कैम्पेन शुरू हुआ है, जो आगामी 15 नवम्बर तक चलेगा। इस कैम्पेन में सभी क्रोमा स्टोर्स और क्रोमा डांट कांम वेबसाइट पर सभी श्रेणियों में आकर्षक और बहुप्रतीक्षित ऑफर पेश किए गए हैं। स्मार्ट टीवी से लेकर लैपटॉप, वॉशिंग मशीन, एसी, रेफ्रिजरेटर, स्मार्टफोन और कई अन्य उत्पादों पर इन ऑफर्स का लाभ उठाया जा सकता है। अपने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, क्रोमा ने आपके सपनों को साकार करने के लिए आकर्षक छूट और ऑफर पेश किए हैं। ऑफर का लाभ क्रोमा स्टोर्स, क्रोमा डांट कांम वेबसाइट और टाटा नेउ पर लिया जा सकता है।




### फेविकोल रेलम के साथ चन्द ही घंटों में अपने फर्नीचर का बदल सकते हैं पूरा लुक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** त्योहारों के दिन आ गए हैं और हम अपने घरों की दरो-दीवार को पेंट से सजा रहे हैं और सजावट का सामान बदल रहे हैं तो फर्नीचर को क्यों पीछे छोड़ दिया जाना चाहिए? फेविकोल रेलम के साथ, फेस्टिव सीज़न में अपने फर्नीचर को नया रूप देना एक परेशानी मुक्त प्रेक्टिस बन जाता है। फेविकोल रेलम का उपयोग करके, अब आप लैमिनेट पर लैमिनेट चिपका सकते हैं और इस प्रकार फर्नीचर रेनोवेशन का प्रोसेस काफी सरल बना सकते हैं और वह भी केवल कुछ घंटों में। फेविकोल रेलम एडहैसिव 7-8 घंटों में तुरंत पकड़ और प्रोसेसिंग की ताकत देता है। इसमें कोई गंध नहीं है। इसका उपयोग करना आसान है और उपयोग से पहले इसको अच्छी तरह से मिक्स करने की भी जरूरत नहीं होती है।



### एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को लाकड़ी पंचायत के बांदु फुटबॉल मैदान में स्वाभिमान क्लब बांदु द्वारा एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। फाइनल मैच का उद्घाटन आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने किक मारकर किया। मुख्य अतिथि हरेलाल महतो ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता शिक्षा का अनिवार्य अंग है। उन्होंने सुदूरवर्ती क्षेत्र में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि आयोजक क्लब खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से समाज में आपसी सहयोग एवं सद्भावना बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रतियोगिता में काशीडीह के टीम प्रथम स्थान, बाजनडीह के टीम द्वितीय स्थान, मुरुगडीह के टीम तृतीय स्थान व सिंदूरपुर के टीम चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। चारों टीम को क्लब द्वारा नगद राशि पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि रंजित माझी, क्लब के अध्यक्ष राम टुडू, सुकेन माझी, आघनु माझी, मंगल माझी, डॉ. बंक बिहारी महतो, लक्ष्मीकांत महतो, पवित्र महतो, राजाराम महतो, संदीप महतो आदि उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने सिम्बा व्हाट्सएप ग्रुप से समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का दिया निर्देश

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत स्तर से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने तथा समाज के सभी वर्गों के लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचे इसी को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी प्रखण्डों के नोडल के साथ वीसी के माध्यम से बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रखण्डों के ग्रुप से बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के साथ साथ आम जनता को भी जोड़ें। ग्रुप में पंचायत जनप्रतिनिधि, जल सहिया, सेविका, सहायिका, तेजस्विनी क्लब के सदस्य, सहिया, शिक्षक, पारा शिक्षक, पीडीएस डीलर, किसान मित्र, सीएलएफ सदस्य, जेएसएलपीएस की सखी दीदी, पत्रकार, शिल्पकार, कारीगर तथा प्रखण्डों में रहने वाले सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व पर बल दिया गया। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि सूचनाओं का त्वरित रूप से संप्रेषण जरूरी है ताकि अधिकाधिक लोगों तक सही समय मे जानकारी पहुंचाई जा सके।

### दलमा ईको सेंसेटिव जोन व नदी किनारे बने निर्माण का बनाये सूची : मंजूनाथ

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने स्वर्णरेखा नदी तट एवं दलमा के ईको सेंसेटिव जोन में अनाधिकृत अधारभूत संरचना निर्माण को लेकर पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में अपर उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम, सीओ जमशेदपुर सदर एवं मानगो, मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त, सीओ चांडिल, वन विभाग, प्रदूषण विभाग, स्वर्णरेखा परियोजना, जुस्को समेत अन्य सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में दलमा के ईको सेंसेटिव जोन तथा नदियों के किनारे किए गए निर्माण की सूची बनाने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया गया ।

## कार पर बकरी लादकर भाग रहे थे चोर, पुलिस की घेराबंदी देख गाड़ी छोड़ भागे जंगल की ओर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा थाना गेट के समीप दीपक दत्त की दुकान के बाहर टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर मौजूद तीन बकरियों को दिनदहाड़े एक कार पर लादकर भाग रहे दो चोरों का पीछा करते हुए पुलिस ने मजबूत घेराबंदी की। करीब 8 किमी दूर भुईयांसिनान कैम्प के बगल में कैम्प के जवानों की मदद से चोरी की योजना को विफल कर दिया। हालांकि दोनों चोर बकरियों समेत गाड़ी छोड़कर जंगल की ओर भागने में सफल रहे। घटना शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे की है। जानकारी के अनुसार पटमदा बाजार



में सड़क किनारे बैठी बकरियों को अचानक काटिन की ओर से जमशेदपुर जा रही बिना नंबर की एक कार अचानक रूकी और गेट खोलकर एक युवक ने बकरियों को गाड़ी के अंदर लादना शुरू किया। दिनदहाड़े हुई यह घटना एक दुकान की सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा इसकी सूचना दुकान मालिक दीपक दत्त को दिए जाने पर उन्होंने तुरंत थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह को दूरभाष पर जानकारी दी। पटमदा स्थित अपने कार्यालय में मौजूद इंस्पेक्टर हीरालाल महतो ने बोड़ाम थाना प्रभारी धनंजय बैठा, हलुदबनी ओपी प्रभारी व भुईयांसिनान कैम्प प्रभारी को सूचना दी और पुलिस अधिकारियों को लेकर मुख्य सड़क पर निकल पड़े। करीब एक घंटे के अंदर भुईयांसिनान कैम्प के पास पुलिस की घेराबंदी देख चोरी के दोनों आरोपी गाड़ी को जमशेदपुर की ओर खड़ी करके जंगल की ओर भाग गए। पुलिस ने बकरियों समेत गाड़ी को जब्त कर लिया है।

## मतदाता सूची संशोधन विशेष शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** शनिवार को मतदान केंद्रों में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची संशोधन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। तोड़ंगहातु पंचायत का निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी मुकेश मछुवा ने संयुक्त रुप से किया। अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी श्री मछुवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष इस महीने में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य होता है। अनुमंडलाधिकारी मुकेश मछुवा ने कहा कि जिन लोगों का नाम विशेष शिविर में भी नहीं जुट पाएगा वैसे

**एसडीओ सहित बीडीओ ने किया निरीक्षण**

मतदाता या अभिभावक बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ा ले. वहीं दूसरी ओर, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण - के तहत प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों पर आयोजित विशेष कैम्प का पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। मौके पर जगन्नाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने बड़ानन्दा, कसलापोस व मोगरा पंचायत के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। मौके पर लक्ष्मण महतो सहित अन्य उपास्थित थे.

## 55 करोड़ की लगत से बनेगा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का जलमीनार

**6 पंचायत को मिलेगा लाभ**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** जिले के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के डाटम जंगल के पास ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत घर घर नल जल योजना का शनिवार को विधायक सविता महतो ने नारियल फोड़कर व शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। कुकड़ु प्रखंड के संपूर्ण अंचल ग्रामीण जलापूर्ति योजना पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सरायकेला के द्वारा करीब 55 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। ग्रामीण जलापूर्ति योजना का शिलान्यास होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में जल समस्या से निजात मिलने का आश जगी है। विधायक सविता महतो ने कहा कि घर घर जल नल योजना 6 पंचायत के गांवों में जलापूर्ति किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी जलापूर्ति



योजना का क्रियान्वित होने से शहर की तरह गांवों में भी लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। उन्होंने कहा कि संवेदक को समय सीमा के अंदर योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, प्रमुख प्रतिमा सिंह पातर, बीडीओ राकेश गोप आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## स्कूल भवन में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप

**जिला पार्षद ने निरीक्षण कर जताई नाराजगी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत जोड़सा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) निधि से स्वीकृत अतिरिक्त पांच कमरों के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप है। ग्रामीणों की शिकायत पर शनिवार को पटमदा दक्षिणी के जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके पश्चात प्रदीप बेसरा ने बताया कि स्कूल भवन का छत लेवल तक जोड़ाई का काम में भी कम मात्रा में सीमेंट का उपयोग किया गया है। अभी बिना नक्शा में ही छत ढलाई के लिए रॉड बांधने का काम जारी है। मिस्त्री से पूछने पर पता चला कि



इंजीनियर नहीं आते हैं।उन्होंने बताया कि रॉड बांधने में घटिया व लोकल रिंग का उपयोग मिस्त्री द्वारा किया जा रहा है। योजना की जानकारी से संबंधित बोर्ड भी कहीं नहीं लगाया गया है। मौके पर उनके साथ मुखिया प्रतिनिधि रूपेण सिंह, भाजपा के पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमाशंकर कुंभकार ने शामिल थे। मुखिया ने कहा कि गड़बड़ी की शिकायत जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से की जाएगी ताकि समय रहते सुधार हो सके।

## डीएसओ ने नीमडीह प्रखंड के राशन डीलर के साथ किया समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी सह एमओ एस अभिनव की अध्यक्षता में बैठक प्रखंड के राशन डीलर के साथ संपन्न हुआ। बैठक में डीएसओ झुनु कुमार मिश्रा द्वारा बार बार सवाल यह उठता है कि धोती साड़ी सस्ता है परंतु 20 रुपया मूल्य का क्वालिटी जांच करने के बाद लाभुको बीच वितरण किया जाता है। बैठक के दौरान पीडीएस के कुछ दुकानदारों ने शिकायत भी किया गया, बोरे में 4 से 6 किलो कमी चावल और गेहूं पाए जाते हे। जिसका शिकायत डीलर द्वारा डीएसओ के समक्ष रखा गया। वहीं जिला से अबतक पीडीएस दुकान जामडिह के श्यामा पद दास पर कोई कारवाई नही किया गया, सिर्फ सस्पेंड किया गया। मौके पर डीएसओ झूनू कुमार मिश्रा,प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ एस अविनभ, एजीएम भुवन महतो, सहित प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदार उपस्थित थे।

## आरएसबी ट्रांसमिशंस के मेगा रक्तदान शिविर में 348 यूनिट रक्त संग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया की प्रमुख कंपनी आरएसबी ट्रांसमिशंस इंडिया लिमिटेड के यूनिट-दो में शनिवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जमशेदपुर ब्लड बैंक एवं वोलेन्टरी ब्लड डोनर एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस शिविर में बतौर मुख्य अतिथि कंपनी के वाईस चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक एसके बेहरा, विशिष्ट अतिथि के रूप में कोल्हान प्रमंडल के उपश्रमायुक्त राकेश प्रसाद तथा सीआरपीएफ 157 बटालियन के कमांडेंट प्रणव शेखर उपस्थित



थे। इस मौके पर प्रबंध निदेशक बेहरा ने अपने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कंपनी अपने सामाजिक दायित्व के तहत हर तीन माह में अपने विभिन्न प्लांट्स में रक्तदान शिविर का आयोजन करती है, जिसमें हर स्तर के कर्मचारी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते है। इस शिविर के माध्यम से कुल 348 यूनिट संग्रह किया गया जिसे जमशेदपुर ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया है। इस मौके पर कंपनी के निदेश(ऑपरेशन) एम शंकरनारायण, प्लांट ऑपरेशन हेड प्रकाश बिस्वाल, यूनिट एक प्लांट हेड एम सुरेश, यूनिट तीन प्लांट हेड बी जेना, एचआर विभाग के सुयश वर्मा, जया सिंह आदि भी मौजूद थे। शिविर के सफल आयोजन में सुनीता भट्टामिश्रा, हेमंत प्रधान, सागरिका हेमंत पतासानी, अभिजीत, देवी प्रसाद प्रधान, निशा गिरी, सुशीला हाँसदा यूनियन के पंकज सिंह, विमलेश कुमार, एससी झा, शंकर, अनिल, प्रदीप, संजय सोय, सुभाष महतो, इन्द्रकेश, विनोद समेत सभी सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

कुकडू फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के कार्यालय व गोदाम का हुआ उद्घाटन

## किसानों को सही हक दिलाएगा कंपनी : सविता महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरूलडीह :** भारतीय लोक कल्याण संस्थान संस्थान एवं लघु कृषक कृषि व्यवसाय कंसर्टोरियम न्यू दिल्ली के सहयोग से सेंट्रल स्कीम 10 हजार एफपीओ के तहत निर्मित कुकड़ू फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एफपीओ के कार्यालय, गोदाम, शेयर होल्डर सर्टिफिकेट एवं कुसुम बीज का वितरण कार्यक्रम आज कुकरू प्रखंड परिसर के सामने ईचागढ़ विधायक सविता महतो की उपस्थिति में हुई। मौके पर मुख्य अतिथि ईचागढ़ विधायक सविता महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष मधु महतो, एलडीएम वीरेन कुमार सीट,



प्रमुख प्रतिमा वाला पातर, बीस सूत्री अध्यक्ष नव किशोर हसदा, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार गोप , प्रखंड कृषि पदाधिकारी आनंद महतो, बीटीएम हिमांशु कुमार , देवव्रत सिन्हा, बीपीएम जेएसएलपीएस ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कार्यालय एवं गोदाम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा 200 शेरहोल्डरों के बीच शेयर होल्डर सर्टिफिकेट एवं कुसुम के बीच का वितरण किया गया। संस्था के सचिव कुणाल कुमार सिंह ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देखकर स्वागत और सम्मानित किए। कार्यक्रम का संचालन भारतीय लोक कल्याण संस्थान के उज्जवल आनंद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुकड़ू फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के फागू राम महतो, सीएफपी कुकड़ू के अनूप कुंभकार अफरोज अंसारी रोहित कुमार विकास कुमार एवं सूरज महतो ने अहम भूमिका निभाई।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण टूर्नामेंट में चुनीडीह को हरा हाथियाडीह टीम बनी विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जिला खेल पदाधिकारी के निर्देश पर बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत पोखरिया पंचायत के हाथियाडीह फुटबॉल मैदान में शनिवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें सिर्फ दो ही टीमों ने भाग लिया। चुनीडीह एवं हाथियाडीह के बीच खेले गए मैच में एक गोल से चुनीडीह को हराकर हाथियाडीह की टीम विजेता बनी। अब यह टीम प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होगी। मौके पर मुखिया माधुरी सिंह सरदार, पंचायत सचिव मिहिर कुमार महतो, ग्राम प्रधान आनंद माझी व सुनील कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संपादकीय

# इतना घातक है प्रदूषण

वायु प्रदूषण से डायबिटीज (मधुमेह) का खतरा 22 फीसदी बढ़ रहा है। यह दिल्ली और चेन्नई के करीब 12,000 लोगों पर किए गए प्रयोग और शोध का निष्कर्ष है। अध्ययन के शोधकर्ताओं में शामिल मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. वी. मोहन के अनुसार, यह अध्ययन आंखें खोल देने वाला है, क्योंकि अब मधुमेह के कारणों का एक नया आयाम खुल गया है। उनके मुताबिक, प्रदूषण के पीएम 2.5 में सल्फेट, नाइट्रेट, भारी धातुओं और कार्बन के सूक्ष्म कण होते हैं, जो रक्त-वाहिकाओं की परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। धमनियों को सख्त करके रक्तचाप बढ़ा सकते हैं। ये कण वसा-कोशिकाओं में जमा हो सकते हैं। सूजन पैदा कर सकते हैं और सीधे हृदय की मांसपेशियों पर भी हमला कर सकते हैं। बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण शहरी भारत में गर्भ के दौरान भी डायबिटीज के मामले सामने आए हैं। एक और चिकित्सीय शोध किया गया है, जिसका निष्कर्ष है कि प्रदूषित हवा से 56 फीसदी तक पार्किन्सन का रोग बढ़ जाता है। यह शोध एक अमरीकी संस्था ने किया है। यह अध्ययन करीब 90,000 रोगियों पर किया गया है। इस बीमारी में हाथ-पैर तो कांपने ही लगते हैं, लेकिन मस्तिष्क पर भी प्रभाव पड़ते हैं। आदमी लडख़ड़ाने लगता है, सुनने की शक्ति क्षीण हो जाती है। भारत में फिलहाल पार्किन्सन की बीमारी प्रति एक लाख में 0.5 लोगों को ही है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि अगले 10 साल में यह संख्या 25 फीसदी से अधिक बढ़ सकती है। चूंकि राजधानी दिल्ली देश का सबसे प्रदूषित शहर है, लिहाजा यहां के बाशिंदों की उम्र, वायु प्रदूषण के कारण ही, औसतन 11.9 वर्ष घट जाती है। यानी इतने साल पहले मौत दिल्लीवालों की दहलीज पर आ जाती है। यह अध्ययन भी किया गया है। दिल्ली में आजकल वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 को छूने वाला है, जो एक गंभीर स्थिति है। सामान्य प्रदूषण 100 तक झेला जा सकता है। उसके बाद खतरनाक और फिर गंभीर स्थिति आती है। दो-तीन दिन पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के एक कॉलेज के आसपास का वायु गुणवत्ता सूचकांक 999 दर्ज किया गया, जो किसी गैस चैंबर से भी भयावह है। दिल्ली ऐसा महानगर है, जहां देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद और सर्वोच्च अदालत हैं। विदेशों के दूतावास और राजनयिक भी हैं। दिल्ली भारत का हृदय है और यहीं प्रदूषण की जानलेवा समस्या हर साल उभरती है और तीन माह तक राजधानी प्रदूषण की परत में घिरी रहती है। दिल्ली की स्थानीय सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के प्रशासन में है। अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री हैं। जब तक पंजाब में 'आप' सत्तारूढ़ नहीं हुई थी, तब तक पराली जलाने के मुद्दे पर खूब प्रलाप किया जाता था। पंजाब में 'आप' सरकार के करीब पौने दो साल के कार्यकाल के बावजूद पराली जलाने के हजारों मामले आज भी आ रहे हैं। पराली पंजाब में ही नहीं, हरियाणा में भी खूब जलाई जाती है, क्योंकि हरियाणा भी बुनियादी तौर पर कृषि प्रधान राज्य है। पराली जलाने का धुआं हवा के साथ उड़ कर दिल्ली तक पहुंचता है और यहां हवा जहरीली होने लगती है। राजधानी के आसपास के इलाके भी प्रदूषित होने लगते हैं। आश्चर्य है कि अदालतों ने बार-बार सरकारों को फटकार लगाई है, सवाल पूछे हैं, लेकिन हर साल हवा जहरीली ही रहती है। न्यायाधीश भी वही प्रदूषित वायु कुछ न कुछ झेलते ही होंगे। सरकार के हुक्मरानों को दंडित क्यों नहीं किया जा सकता? प्रदूषण का प्रभाव इतना गहरा और घातक होता है कि मानवीय फेफड़े काले हो जाते हैं। बहरहाल प्रदूषण का एक अकेला कारण कुछ भी नहीं है और न ही केजरीवाल का अकेला दायित्व है। भारत सरकार भी इसका स्थायी हल ढूंढे।

बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण शहरी भारत में गर्भ के दौरान भी डायबिटीज के मामले सामने आए हैं। एक और चिकित्सीय शोध किया गया है, जिसका निष्कर्ष है कि प्रदूषित हवा से 56 फीसदी तक पार्किन्सन का रोग बढ़ जाता है। यह शोध एक अमरीकी संस्था ने किया है। यह अध्ययन करीब 90,000 रोगियों पर किया गया है। इस बीमारी में हाथ-पैर तो कांपने ही लगते हैं, लेकिन मस्तिष्क पर भी प्रभाव पड़ते हैं। आदमी लडखड़ाने लगता है, सुनने की शक्ति क्षीण हो जाती है। भारत में फिलहाल पार्किन्सन की बीमारी प्रति एक लाख में 0.5 लोगों को ही है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि अगले 10 साल में यह संख्या 25 फीसदी से अधिक बढ़ सकती है। चूंकि राजधानी दिल्ली देश का सबसे प्रदूषित शहर है, लिहाजा यहां के बाशिंदों की उम्र, वायु प्रदूषण के कारण ही, औसतन 11.9 वर्ष घट जाती है। यानी इतने साल पहले मौत दिल्लीवालों की दहलीज पर आ जाती है। यह अध्ययन भी किया गया है। दिल्ली में आजकल वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 को छूने वाला है, जो एक गंभीर स्थिति है। सामान्य प्रदूषण 100 तक झेला जा सकता है। उसके बाद खतरनाक और फिर गंभीर स्थिति आती है। दो-तीन दिन पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के एक कॉलेज के आसपास का वायु गुणवत्ता सूचकांक 999 दर्ज किया गया, जो किसी गैस चैंबर से भी भयावह है।

## कुछ अलग

# मेहरबानी से मेयर

कितने बेआबरू हैं हमारे शहर, होंठों पे गर्द लगा के हमीं से बात करते हैं। यह सिर्फ हिमाचल में क्यों होने लगा कि संस्थानों के माथे पे सरहद के निशां चस्पां हैं। हिमाचल के चार नए नगर निगमों में तलाश है सूरमाई मेयर की, तो कहीं दो विश्वविद्यालयों के घोड़ों पर सवार होने के लिए कुलपतियों की तलाश है। इस तलाश का कुछ तो मकसद रहा होगा, वरना बेरोजगार ओहदों के बाहर कतार खड़ी है। शिक्षण संस्थानों की पैरवी करने वाली ताकतों को यह क्यों मंजूर हुआ कि एकसाथ शिमला व मंडी विश्वविद्यालय बिना वीसी के फकीर बने नजर आए। योग्यता की परिपाटी में रेगिस्तान साबित होते हमारे विश्वविद्यालयों का आलम यह है कि कहीं जंजीरों के कवच में मौलिक होने की अदा है। इससे यह भी मायने निकलते हैं कि शिक्षा जैसे क्षेत्र की जरूरतें भी धक्के खा सकती हैं और दूसरा यह भी कि हम विश्वविद्यालय के स्तर पर भी सियासी जुराब रख कर इत्र ढूंढ रहे हैं। बिना वीसी के भी चल निकले जो उस इम्तिहान की क्या तारीफ करें। चल निकलने की होड़ में हर संस्थान का कचूमर इतना कि राजनीति ने हिमाचल के हर ताज पर घर बसा लिया। चार प्रमुख शहरों की बेडियां हटाने के वजूद में आए नगर निगम अब एक गणित हैं, मुगालतों का। नागरिकों ने जब धर्मशाला, पालमपुर, मंडी व सोलन नगर निकायों को नगर निगम के आवरण में देखा होगा, तो खुशफहमी यह हुई होगी कि आगे के सफर में कदमों की शक्ति आएगी, लेकिन यहां भी लोकतंत्र की हजामत हो गई। पिछले काफी समय से रोटेशन पर मेयर की तलाशी में न बंदा हाजिर है और न ही बंदगी कबूल है। नगर निगम के हाथियों पर बैठाने की जुगत भी कैसी कि तलाशियां भी मेहरबानियां ढूंढ रही हैं। जिस पे मेहरबानी बरसेगी वही शख्स मेयर की कुर्सी पर तैनात होगा। यह लोकतंत्र की स्वीकार्यता नहीं, फिर भी हिमाचल में मेयर के प्रत्यक्ष चुनाव को अप्रत्यक्ष तरीके तक पहुंचाने में हर राजनीतिक दल का अपना-अपना शोध और दौर रहा है। यह जोर आजमाइश केवल आंकड़ों की नहीं, नीयत और नीति को जमींदोज करने की कवायद भी है, वरना अप्रत्यक्ष चुनाव की सीटियां यूं खराब न होतीं। नगर निगमों की आर्थिक हालत और शहरों की प्रशासनिक व प्रबंधकीय क्षमता पहले ही जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है, ऊपर से 76 करोड़ की ग्रांट इन एड का छीना जाना, कंगाली में आटे को और गीला कर रहा है। मेयर का पद अगर सत्ता की शरण में पल्लवित व पुष्पित होने लगा, तो हर शहर को राज्य सरकार के ही तलवे चाटने पड़ेंगे। शहरों की आत्मनिर्भरता के लिए स्थानीय नेतृत्व की स्वतंत्र व मौलिक पहचान आवश्यक है, लेकिन हिमाचल के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय निकायों का इस्तेमाल ही सत्ता है। यानी सत्ता के कारण और सत्ता के नाम स्थानीय निकायों का वर्चस्व देखा जाता है। विडंबना यह भी है कि समाज अपनी भूमिका में न तो स्थानीय निकायों के हिसाब से सही पार्षद ढूंढ पा रहा है और न ही इनके जरिए अपने शहर को मुकाम तक ले जा पा रहा है। बेशक पचास फीसदी आरक्षण में महिला पार्षदों की ताजपोशी हो रही है, लेकिन इस आरक्षण के भीतर भी कई आरक्षण हैं और अंततः मेयर का पद भी एक ऐसी रोटेशन का चक्रव्यूह है, जहां बार-बार सियासत घोंसले बदल कर अपनी मेहरबानियों के ताज को जन्म देती है। कायदे से अब तक चार मेयर तसदीक हो जाने चाहिए थें, लेकिन हर शहर में म्यूजिकल चेयर रेस चल रही है और इसके सूत्रधार घडियां गिन रहे हैं। जाहिर है इस तरह के चुनावों या चयन प्रक्रिया से शहर दर शहर और शहरीकरण की उम्मीदें थक रही हैं।

## हमास एक आतंकवादी संगठन है जो इजराइल को समाप्त करना चाहता है

# हमास-इजरायल संघर्ष और इरान

कुलदीप चंद अग्निहोत्री



गाजा पट्टी पर हमास का ही कब्जा है। हमास एक आतंकवादी संगठन है जो इजराइल को समाप्त करना चाहता है। इजराइल का अस्तित्व 1948 में फिलिस्तीन के एक हिस्से में हुआ था। वैसे यह क्षेत्र मूल रूप से यहूदियों का ही था, लेकिन कालक्रमानुसार इसी क्षेत्र में ईसा मसीह का जन्म हुआ, जिसने यहूदी विश्वासों से इतर एक नए पंथ को जन्म दिया। यहूदी ओल्ड टैस्टामैंट को अपनी धार्मिक किताब स्वीकारते हैं। लेकिन ईसा मसीह ने उससे भिन्न उपदेश देने शुरू किए तो उस समय के शासकों ने उसकी अत्यन्त क्रूर तरीके से हत्या कर दी। ईसा मसीह के चेले ईसाई कहे जाने लगे। इन चेलों की संख्या भी बढने लगी और साथ ही उनमें गुस्सा भी बढने लगा कि उनके मार्गदर्शक की हत्या यहूदियों ने की थी। इन चेलों ने ईसा मसीह के वचनों को भी संकलित करना शुरू कर दिया और नई पोथी का नाम न्यू टैस्टामैंट रखा, जिसे सामान्य भाषा में बाईबल भी कहा जाता है। ज्यों ज्यों ईसा मसीह के चेले बढने लगे त्यों त्यों उनकी यहूदियों से पार बढने लगी। यहूदियों ने वहां से भागना शुरू कर दिया और शेष बचे ईसा मसीह के चेलों में ही शामिल हो गए। लेकिन मामला यहीं शान्त नहीं हुआ। कालान्तर में इसी क्षेत्र में हजरत मोहम्मद का जन्म हुआ। उन्होंने एक अलग मजहब की शुरुआत की जिसे अरबी भाषा में इस्लाम कहा जाता है। शुरू में तो मोहम्मद साहिब का भी बहुत विरोध हुआ और उनको भाग कर मदीना जाना पड़ा। लेकिन मोहम्मद साहिब ने इन सभी विरोधों का बहादुरी से मुकाबला किया और अन्ततः जीत प्राप्त की। धीरे धीरे मोहम्मद साहिब के चेले भी बढने लगे और अब ईसाइयों पर संकट आ खड़ा हुआ। बहुत से ईसाई ही अब इस्लाम पंथ में दाखिल हो गए। फिलिस्तीन अब इस्लाम मानने वालों का केन्द्र हो गया। जहां कभी यहूदी रहते थे, वहां अब इस्लाम पंथ को मानने वाले थे। यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि बहुत से लोग तो वही थे जो पहले यहूदी थे, बाद में ईसाई हो गए और उसके बाद इस्लाम पंथी बन गए। जो यहूदी ही बने रहे, वे जान बचाने के लिए फिलिस्तीन के अलावा दुनिया के हर हिस्से में चले गए। और फिलिस्तीन ओटोमन साम्राज्य के कब्जे में चला गया। उस पर तुर्कों का झंडा फहराने लगा। कभी अरब तुर्कों को बुद्ध से हटा कर इस्लाम के पाले में ले आए थे, लेकिन उस वक्त शायद उन्होंने नहीं सोचा था कि वही तुर्क इस्लाम का चोगा पहन कर उन्हीं पर राज करना शुरू कर देंगे। लेकिन इससे यहूदियों को कोई फर्क नहीं पडने वाला था। वे तो पूरी दुनिया में दर-बदर होकर भटक रहे थे। वे भारत में भी आए थे। लेकिन प्रथम विश्व युद्ध ने पासा पलट दिया। इस युद्ध ने ओटोमन साम्राज्य को तोड़ दिया। उसकी गुलामी में दिन काट रहे देश आजाद होने लगे। फिलिस्तीन भी उनमें से एक था। (यह अलग बात है कि कांग्रेस ने उस समय आन्दोलन चलाया था कि ओटोमन साम्राज्य को बरकरार रखा जाए जिसे खिलाफत आन्दोलन कहा जाता है)। जब फिलिस्तीन तुर्कों की गुलामी से आजाद हो गया तो यहूदियों में भी आशा जगने लगी थी। इसलिए इधर उधर भटक रहे अनेक सम्पन्न यहूदियों ने फिलिस्तीन में जमीन खरीदनी शुरू कर दी थी और कुछ ने तो वहां अपना व्यवसाय भी शुरू कर दिया था। लेकिन यूरोप में हालात फिर बदल रहे थे जिसके कारण एशिया में भी हलचल मचने वाली थी। पिछली सदी के चौथे दशक तक आते आते दूसरा विश्व युद्ध दस्तक देने लगा। लेकिन इस विश्व युद्ध का सबसे बड़ा खमियाजा यूरोप में बसे यहूदियों को ही भुगतना पड़ा। जर्मनी ने तो इन्तहा ही कर दी। यहूदियों को गैस चैम्बरों में डाल डाल कर मारा जाने लगा। घायल जर्मन सैनिकों को बचाने के लिए यहूदियों का सारा खून निकाला जाने लगा। हाहाकार मच गया। यहूदी अब भाग कर कहां जाएं? वे अमेरिका की ओर भागे। यूरोप की सरकारों ने उन्हें घरों से मुकाम निकाल कर शरणार्थी शिविरों में कैद कर लिया। दूसरे विश्व युद्ध का यदि किसी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ, तो यहूदियों को ही भुगतना पड़ा। विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई। वहां भी यह सवाल उठा कि जगह जगह शरणार्थी शिविरों में दिन काट रहे यहूदियों का क्या किया जाए। तब 1948 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने रास्ता निकाला कि उनको वापस उनकी मूल भूमि में लाकर बसा दिया जाए। मूल भूमि तो उनकी फिलिस्तीन थी। उसी के एक हिस्से में उनको बसा कर उनके सनातन देश इजराइल का नाम भी उनको वापस दे दिया गया। लेकिन अब तक यह सारा क्षेत्र इस्लाम मजहब में मतान्तरित हो चुके अरब देशों से घिर चुका था। इतिहास का एक चक्र पूरा हो चुका था और अब दूसरा शुरू होने वाला था। इस्लाम पंथ में जा चुके अरब देश इन यहूदियों को दोबारा इजराइल में देखने के इच्छुक नहीं थे। अरब अनेक यहूदी एक। बत्तीस दान्तों में जीभ के समान। दोनों पक्षों में यदा कदा लड़ाई होने लगी। हैरानी की बात तो यह थी कि यहूदी, ईसाई और इस्लाम पंथी, तीनों ही अपने आप को एक ही पूर्वज अब्राहम की औलाद मानते हैं। लेकिन आपस में लड़ रहे हैं। जब अरब हार कर थक गए तो लगा कि मिलजुल कर रहना चाहिए। आखिर एक ही पूर्वज की औलाद हैं तो धीरे धीरे अरब देशों और इजराइल में सन्धियां होने लगीं। दूतावास खुलने लगे। अब तो मामला यहां तक आ गया था कि इस्लाम के गढ़ सऊदी अरब और इजराइल में भी निकट भविष्य में बातचीत होने वाली थी। अमेरिका इसका प्रयास भी कर रहा था। गाजा पट्टी के आतंकवादी संगठन हमास को लगा कि यदि ऐसा हो गया तो उसकी अपनी उपयोगिता खत्म हो जाएगी। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में एक देश ऐसा था जो पिछले कई सौ साल से अपने लिए अवसर की तलाश कर रहा था। वह है ईरान। ईरान को अरबों को सबक सिखाना था। सदियों पहले अरबों ने ईरान पर हमला करके उसे जीत लिया था। जीत ही नहीं लिया था बल्कि उसे बलपूर्वक इस्लाम पंथ में मतान्तरित भी कर लिया था। बहुत से ईरानी उस समय मतान्तरण से बचने के लिए ईरान से भाग कर भारत में भी आ गए थे जिन्हें आजकल पारसी कहा जाता है। लेकिन अब ईरान अरबों के आगे विवश था। उसकी सभ्यता संस्कृति खत्म हो रही थी। अरबों से बदला लेने का उसे पहला अवसर तब मिला जब मुसलमानों ने हजरत मोहम्मद को दामाद हजरत अली और उनके सभी रिश्तेदारों की कर्बला के मैदान में धोखे से हत्या कर दी थी। तब अली के शिष्यों में शिया पंथ की शुरुआत कर दी। ईरान, अरबों को सबक सिखाने के लिए शिया पंथ में चला गया। लेकिन उसने दूसरे अवसर की तलाश नहीं छोड़ी। उसे दूसरा अवसर मिला हमास की सहायता से। हमास इजराइल पर हमला कर देगा तो अरब देश चाह कर भी इजराइल के साथ समझौते कर सुखपूर्वक नहीं रह सकेंगे। ईरान चाहता है कि इजराइल और अरब लड़ते रहें ताकि उनकी शक्ति का क्षय होता रहे।

सदियों पहले अरबों ने ईरान पर हमला करके उसे जीत लिया था। जीत ही नहीं लिया था बल्कि उसे बलपूर्वक इस्लाम पंथ में मतान्तरित भी कर लिया था। बहुत से ईरानी उस समय मतान्तरण से बचने के लिए ईरान से भाग कर भारत में भी आ गए थे जिन्हें आजकल पारसी कहा जाता है। लेकिन अब ईरान अरबों के आगे विवश था। उसकी सभ्यता संस्कृति खत्म हो रही थी। अरबों से बदला लेने का उसे पहला अवसर तब मिला जब मुसलमानों ने हजरत मोहम्मद को दामाद हजरत अली और उनके सभी रिश्तेदारों की कर्बला के मैदान में धोखे से हत्या कर दी थी।

# इजरायल में भारतीय जांबाजों की शौर्य गाथा

'एक महान सिद्धांत के लिए युद्ध एक राष्ट्र को गौरवान्वित करता है', यह कथन अमेरिका के मशहूर लेखक, सैन्य कमांडर व वकील तथा न्यायाधीश रहे 'अल्बर्ट पाइक' का है। बेशक दुश्मन देशों से घिरा इजरायल 14 मई 1948 को आजाद मुल्क के तौर पर वजूद में आया था, लेकिन 23 सिंतबर 1918 इजरायल के इतिहास में एक अहमतरीन तारीख है। जब भारत की जोधपुर रियासत के राजपूत सैनिक इजरायल के 'हाइफा' शहर में तुर्क सेना पर शाहीन बनकर टूट पड़े थे तथा अपनी तलवारों से सल्तनत, उस्मानियां की चार सौ वर्षों की बादशाहत को खलास कर दिया था। दरअसल पहली जंगे अजीम के दौर में हाइफा पर तुर्की की उस्मानिया रियासत की हुकूमत कायम थी। प्रथम विश्व युद्ध में भारतीय ब्रिटिश सेना विश्व के कई मुल्कों के महाज पर जंग लड़ रही थी। उसी दौरान बर्तानिया हुकूमत ने इजराइल से तुर्क सेना को रुखसत करने के लिए जोधपुर, मैसूर तथा हैदराबाद, तीन रियासतों की सेनाओं को हाइफा के रण में उतारा था, मगर तुर्क सेना पर हमला मेजर 'दलपत सिंह राठौर' के नेतृत्व में केवल जोधपुर के राजपूतों ने ही किया था। हाइफा की आजादी की जंग में जोधपुर के सैन्य कमांडर मे. दलपत सिंह राठौर अपने कई सैनिकों के साथ तुर्क सेना पर हमले के दौरान मैदान-ए-जंग में ही बलिदान हो गए थे। जंग में बहादुरी के लिए अंग्रेजों ने मे. 'दलपत सिंह राठौर' को 'मिलिट्री क्रॉस' (मरणोपरांत) से सरफराज किया था। हाइफा की जंग में राजपूताने की सेना की दास्तान-ए-सुजात से प्रभावित होकर मल्लिका-ए-बर्तानिया ने जोधपुर रियासत के रीजेंट 'प्रताप सिंह' को 'सर' की उपाधि से नवाजा था। ब्रिटिश भारतीय सेना के जनरल 'क्लाउड रॉलिन्सन' के दौर में अंग्रेजों ने सन् 1922 में ब्रिटिश मूर्तिकार 'लियोनार्ड जेनिंग्स' द्वारा दिल्ली में 'त्रिमूर्ति स्मारक' तामीर करके हाइफा जंग के शूरवीरों को श्रद्धांजलि पेश की थी। स्मरण रहे हाइफा के मोर्चे पर राजपूतों की तलवारों के आगे जर्मन व तुर्क सेनाओं की तोपें व बंदूकें नाकाम सिद्ध हुई थीं। हाइफा जंग के बाद घुड़सवार सेना का प्रचलन भले ही बंद हो गया था, मगर राजपूतों की तलवारों की खनक हाइफा में आज भी महसूस की जा सकती है। दो विश्व युद्ध तथा हाइफा जंग के अलावा इजरायल की आजादी के बाद फिलिस्तीन व इजरायल के बीच शांति व अमन कायम करने के लिए भी भारतीय सेना सन् 1956 से लेकर 1967 तक गाजा पट्टी में 'संयुक्त राष्ट्र इमरजेंसी फोर्स' मिशन के तहत अपनी भूमिका निभा चुकी है। दूसरी जंगे अजीम की समाप्ति पर 'संयुक्त राष्ट्र जनरल असेंबली' ने फिलिस्तीन को अरब तथा यहूदी समुदाय के बीच तकसीम करके इजरायल की बुनियाद रखी थी। उस फैसले से नाराज होकर पांच अरब देशों ने मिस्र की कयादत में इजरायल पर हमला बोल दिया था। तब 'यूएनओ' ने जंगबंदी का ऐलान कराकर गाजा पट्टी और इजरायल के बीच 60 किलोमीटर लंबी सीजफायर लाइन चिन्हित कर दी थी। ग्यारह मई 1949 को इजरायल यूएनओ का सदस्य देश बन गया। उस वक्त जंग से बिगड़े हालात को काबू करने के लिए यूएनओ ने सन् 1950 के दशक में भारत सहित अपने दस सदस्य राष्ट्रों से गाजा पट्टी के लिए संयुक्त राष्ट्र आपात फोर्स भेजने का आग्रह किया था। हिमाचल प्रदेश के रणबांकुरों से सुसज्जित 'तीन डोगरा' बटालियन भी उस शांति सेना मिशन का हिस्सा बनकर दस नवंबर 1963 को गाजा के दैर-अल-बल्लाह में पहुंची थी। इसके अलावा 'तीन पंजाब', 'दो मराठा', 'चार गाड्र्स' जैसी भारतीय सेना की दिग्गज यूनिटों ने भी 1960 के दशक में उस 'यूएनईएफ' मिशन में अहम किरदार अदा किया था। वर्तमान में इजरायल के हमसाया मुल्क लेबनॉन में सैकड़ों भारतीय सैनिक यूएनओ शांति सैन्य मिशन के तहत तैनात हैं। भावार्थ यह है कि विश्व की चौथी ताकतवर सेना की हैसियत रखने वाला एटमी ताकत से लैस भारत हमेशा से शांति का पक्षधर रहा है। इसीलिए मौजूदा दौर में युद्ध की मार झेल रहे मुल्कों की निगाहें भारत की तरफ लगी हैं। हैरत की बात है कि रूस-यूक्रेन युद्ध हो या इजरायल-हमास की जंग, दुनिया के बड़े मुल्क युद्ध की आग को भडक़ाने में लगे हैं। युद्ध रोकने के प्रयास तथा मानवाधिकारों के मुद्दे गायब हो चुके हैं। दुनिया के कई मुल्क प्रत्यक्ष युद्ध से बचकर छद्म युद्ध को अपनी रणनीति का हिस्सा बनाकर आतंक को पोषित करने में मशगूल हैं। सन् 1987 में वजूद में आए हमास को अमेरिका ने सन् 1997 में आतंकी संगठन घोषित कर दिया था। हरदम जंगी जुनून में जीने वाली इजरायली सेना के तेवरों से वाकिफ होने के बावजूद फिलिस्तीन के हुक्मरानों ने हमास जैसे चरमपंथी संगठन को पनाह दे डाली। नतीजतन हमास का गढ़ गाजा पट्टी वार जोन बनकर तबाही का खौफनाक मंजर पेश कर रहा है। आतंक की हिमायत कितनी जायज है, कब्रिस्तान में तब्दील हो रहे फिलिस्तीन के शहर इसका उदाहरण हैं। गाजा पट्टी में एक मुद्दत से बारूद ठंडा नहीं हुआ। बंदूकें कभी खामोश नहीं हुई। मासूम मौत की आगोश में समा रहे हैं। दहशतगर्दी की उल्फत में डूबे मुल्कों को समझना होगा कि आतंक की पैरवी करना अपनी आवाम के लिए रोज-ए-महशर साबित होता है। इजरायली नागरिकों पर हैवानियत को अंजाम देकर हमास के लड़ाके भूमिगत हो गए। लेकिन इजरायली डिफेंस फोर्स के खूनी इंतकाम का संताप फिलिस्तीन की बेगुनाह आवाम झेल रही है।



बेशक दुश्मन देशों से घिरा इजरायल 14 मई 1948 को आजाद मुल्क के तौर पर वजूद में आया था, लेकिन 23 सिंतबर 1918 इजरायल के इतिहास में एक अहमतरीन तारीख है। जब भारत की जोधपुर रियासत के राजपूत सैनिक इजरायल के 'हाइफा' शहर में तुर्क सेना पर शाहीन बनकर टूट पड़े थे तथा अपनी तलवारों से सल्तनत, उस्मानियां की चार सौ वर्षों की बादशाहत को खलास कर दिया था। दरअसल पहली जंगे अजीम के दौर में हाइफा पर तुर्की की उस्मानिया रियासत की हुकूमत कायम थी। प्रथम विश्व युद्ध में भारतीय ब्रिटिश सेना विश्व के कई मुल्कों के महाज पर जंग लड़ रही थी। उसी दौरान बर्तानिया हुकूमत ने इजराइल से तुर्क सेना को रुखसत करने के लिए जोधपुर, मैसूर तथा हैदराबाद, तीन रियासतों की सेनाओं को हाइफा के रण में उतारा था, मगर तुर्क सेना पर हमला मेजर 'दलपत सिंह राठौर' के नेतृत्व में केवल जोधपुर के राजपूतों ने ही किया था।

## दृष्टिकोण

# मोबाइल फोन की सुरक्षा में लगातार सेंध

दुनिया में आज इंसानों की आबादी से भी ज्यादा मोबाइल फोन कनेक्शन हैं। उनमें से हर फोन को उसी तरह सुरक्षा कवच की जरूरत होती है, जैसे कोई मजबूत संस्थान या उपक्रम अपने कंप्यूटर और डिजिटल सिस्टम को प्रदान करता है। मोबाइल फोन व डिजिटल तंत्र को पुख्ता सुरक्षा की जरूरत है, पर क्या यह संभव हो पा रहा है? दुनिया में सुरक्षित समझे जाने वाले एप्पल फोन की टेपिंग और सुरक्षा को लेकर विवाद उठा है। दरअसल, अभी कोई ऐसा सिस्टम नहीं है, जिसमें सेंध को पूरी तरह असंभव माना जाए। कुल मिलाकर, एप्पल जैसे विशेष फोन के ग्राहकों तक यह बात पहुंची है कि उनका फोन भी हैकिंग, टेपिंग से सुरक्षित नहीं है। दरअसल, हम ऐसे विवादों के दौर में जी रहे हैं, जिनमें समय के साथ ऐसे विवाद सामान्य होते चले जाएंगे। डिजिटल विस्तार के साथ ही मोबाइल फोन की दुनिया भी तेजी से बढ़ रही है। जीएसएमए इंटेलिजेंस की नवीनतम सूचना आज दुनिया भर में 5.60 अरब मोबाइल ग्राहकों की ओर इशारा कर रही है, जो कुल जनसंख्या का 69.4 प्रतिशत के बराबर हैं। 14.50 करोड़ नए उपयोगकर्ताओं के जुड़ने के साथ, पिछले वर्ष मोबाइल फोन अपनाने वालों की संख्या में 2.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। इंटरनेट उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पिछले वर्ष में 3.7 प्रतिशत बढ़ा है और अक्तूबर 2023 तक 5.30 अरब तक पहुंच गया है। यह आंकड़ा दुनिया की आबादी के 65.7 प्रतिशत के बराबर है, हालांकि, ऐसे आंकड़े देर से मिलते हैं, अतः वास्तविक इंटरनेट पहुंच इन आंकड़ों से कहीं अधिक होने की संभावना है। अगले कुछ वर्षों में मोबाइल उपयोगकर्ताओं की आबादी लगातार बढ़ने वाली है। नए-नए उपयोगकर्ता जुड़ते चले जाएंगे। दुनिया के डिजिटलीकरण को अब थामना मुश्किल है, ऐसे में, डिजिटल उपकरण की सुरक्षा की चिंता भी बढ़ती चली जाएगी। एक विशेषज्ञ को जितनी मोबाइल फोन सुरक्षा की जरूरत है, उतनी ही सुरक्षा की जरूरत एक आम उपभोक्ता को भी है। यह बात छिपी नहीं है कि बहुत अनुभवी मोबाइल उपयोगकर्ताओं को भी धोखा दिया जा सकता है। ऐसी-ऐसी धोखाधड़ी की जाती है कि मोबाइल के नए उपयोगकर्ताओं को सूचित, शिक्षित करने और उनकी सुरक्षा करने की जरूरत वैश्विक अनिवार्यता बन जाती है। जीवन के सामान्य क्रम में लोग अपने वित्त, स्वास्थ्य, निवास, यात्रा और गतिविधि के बारे में बिना जान-समझे भी दूसरों से सूचना साझा करते रहते हैं। मोबाइल फोन इसे रिकॉर्ड करता है और विभिन्न ऐप के साथ साझा करता है, जब तक कि कोई सुरक्षा सेटिंग्स लागू नहीं हो जाती है। वैसे सुरक्षा सेटिंग्स के बावजूद एक मोबाइल उपकरण कई प्रकार के हमलों और हैकिंग के निशाने पर रहता है। फोन सुरक्षा से जुड़ा मुख्य प्रश्न जवाबदेही को लेकर है। किसी व्यक्ति को डाटा उल्लंघन के लिए किसे जिम्मेदार ठहराना चाहिए? उपकरण निर्माता, सेवा प्रदाता, ऐप निर्माता या सूचना डाटाबेस प्रबंधक? जहां सरकारी सेवाओं के लिए व्यक्तिगत पहचान बैंक, डिजिटल वॉलेट, हवाई अड्डा प्रवेश सेवाओं, कर पोर्टल, स्वास्थ्य बीमा से जुड़ी होती है, वहां सुरक्षा के प्रश्न और बड़े हो जाते हैं। भारत डाटा सुरक्षा कानून लागू कर रहा है, पर सुरक्षा प्रदान करने की चुनौतियां कानून से परे हैं। भारत को उपभोक्ताओं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए लगातार विकसित हो रही साइबर सुरक्षा तकनीक की जरूरत होगी। विभिन्न संस्थानों में रखे जाने वाले हर श्रेणी के डाटा के लिए स्पष्ट जवाबदेही तय करनी पड़ेगी।

## देश दुनीया से

# चिपको आंदोलन के 50 साल, महिलाओं की प्रत्यक्ष भागीदारी की गवाह रही है अनूठी मुहिम

दिसंबर 1973 का अंतिम सप्ताह भागम-भाग भरा था। यह चिपको आंदोलन में महिलाओं की पहली प्रत्यक्ष हिस्सेदारी थी। 29 दिसंबर को गोपेश्वर से श्यामादेवी, जिन्होंने दशौली ग्राम स्वराज्य संघ (दग्रास्वसं) भवन स्थापना के लिए जमीन दी थी, अन्य महिलाओं के साथ फाटा पहुंचीं। 30 दिसंबर, 1973 को श्यामा देवी, इन्द्रा, जेठुली, जयंती तथा पार्वती के नेतृत्व में रामपुर में ग्रामीण महिलाओं का पहला जुलूस निकला। श्यामा देवी की अध्यक्षता में सभा हुई और पेड़ों की सुरक्षा का प्रण दोहराया गया। शिशुपाल कुंवर तथा अनुसूया प्रसाद लगातार साथ थे। महिलाएं सफलता मिलने के बाद ही अपने घर वापस लौटीं। यह अगले साल रेणी में होने वाले प्रतिरोध का पूर्व संकेत था। लेकिन महिलाओं के लिए यह नई बात नहीं थी। कुछ ही साल पहले शराबबंदी आंदोलन में वे हिस्सेदारी कर चुकी थीं। चमोली में सक्रियता ज्यादा थी। वहां की महिलाएं टिहरी और गिरफ्तारी के बाद सहारनपुर जेल गईं। ग्रामीणों और कार्यकताओं की सावधानी, सक्रियता और सुसंगठन से मैखंडा जंगल के ज्यादा पेड़ बच गए। मंडल के बाद चिपको का दूसरा प्रतिरोध भी सफल रहा। यह कार्यकताओं की मेहनत और ग्रामीणों की समझ की बदौलत हुआ। चिपको के पहले प्रतिरोधों में ग्रामीणों के साथ चंडीप्रसाद भट्ट, आनन्दसिंह बिष्ट, शिशुपाल कुंवर, मुरारीलाल, केदारसिंह रावत, श्यामादेवी आदि का प्रत्यक्ष योगदान रहा। सुंदरलाल बहुगुणा 25 अक्तूबर से चार महीने की पदयात्रा पर निकल चुके थे। अभी जंगल की लड़ाई को उत्तरकाशी, नैनीताल और अन्य जगहों तक जाना था। फाटा की जीत से आंदोलन को ज्यादा गहराई और विस्तार मिला। सरकार ने चिपको आंदोलन के प्रतिनिधि को लखनऊ में बुलाकर उन्हें नई वन नीति हेतु सुझाव देने को कहा। दूसरी ओर, उनके इलाके में कटान-छपान जारी रखा। न सरकारी नीति बदली और न आंदोलनकारी ही। फाटा में चार पेड़ों का कटान हुआ, पर अगली नीलामी के लिए छपान जारी था। तभी रेणी तथा अन्य जंगलों की नीलामी की सूचना मिली। उधर उत्तराखंड के सात जिलों की 23 लीसा इकाइयां बंद थीं। 1,800 क्विंटल लीसे का नीलाम 150-155 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से हुआ। लेकिन यह स्थानीय इकाइयों को 180 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर मिला। पर अभी तो लीसा नहीं, रेणी की नीलामी महत्वपूर्ण थी। नवंबर, 1973 के प्रारंभ में गोविंद सिंह, चंडीप्रसाद, हयातसिंह, वासवानंद तथा जगतसिंह केरणी आदि जोशीमठ-रेणी के बीच के गांवों की यात्रा कर चुके थे। दिसंबर, 1973 में गोविन्द सिंह, हयातसिंह, वासवानंद आदि गांवों में जाते रहे। गोविंद सिंह ने तब 'आ गया है लाल निशान, लूटने वालो हो सावधान' नारे वाला 'चिपको आंदोलन का शुभारंभ' पर्चा निकाला। इसमें पहाड़ों को उपनिवेश बनाने और यहां की संपदा की लूट के विरोध के साथ संगठित होकर वनाधिकार प्राप्त करने का आग्रह था। फाटा से रेणी प्रतिकार के लिए ऊर्जा मिली। इलाके में कार्य जारी था। चंडीप्रसाद ने सर्वोदय मंडल के निर्णयानुसार देहरादून जाना उचित समझा, जहां जंगलों की नीलामी होने वाली थी। हालांकि, चंडीप्रसाद शहरों में नीलामी के विरोध से असहमत थे। चिपको आंदोलन का पर्चा बनाकर वह देहरादून पहुंचे। उन्हें सीमा पता थी, पर संदेश ज्यादा लोगों तक जा सकता था। यह नीलामी के प्रतीकात्मक विरोध की शुरुआत थी। पर्चे में जंगलों का विनाश रोकने, नीलामी-ठेकेदारी प्रथा बंद करने, हक-हकूक बढ़ाने, श्रम समितियां बनाने, कच्चा माल बाहर न भेजने, वनवासियों को कच्चा माल-तकनीक-पूंजी मुहैया कराने हेतु चिपको आंदोलन को सफल बनाने की अपील थी।

महिलाएं सफलता मिलने के बाद ही अपने घर वापस लौटीं। यह अगले साल रेणी में होने वाले प्रतिरोध का पूर्व संकेत था। लेकिन महिलाओं के लिए यह नई बात नहीं थी। कुछ ही साल पहले शराबबंदी आंदोलन में वे हिस्सेदारी कर चुकी थीं। चमोली में सक्रियता ज्यादा थी। वहां की महिलाएं टिहरी और गिरफ्तारी के बाद सहारनपुर जेल गईं। ग्रामीणों और कार्यकताओं की सावधानी, सक्रियता और सुसंगठन से मैखंडा जंगल के ज्यादा पेड़ बच गए। मंडल के बाद चिपको का दूसरा प्रतिरोध भी सफल रहा। यह कार्यकताओं की मेहनत और ग्रामीणों की समझ की बदौलत हुआ। चिपको के पहले प्रतिरोधों में ग्रामीणों के साथ चंडीप्रसाद भट्ट, आनन्दसिंह बिष्ट, शिशुपाल कुंवर, मुरारीलाल, केदारसिंह रावत, श्यामादेवी आदि का प्रत्यक्ष योगदान रहा। सुंदरलाल बहुगुणा 25 अक्तूबर से चार महीने की पदयात्रा पर निकल चुके थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## मुखिया के पिता का हुआ निधन गांव में शोक की लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारियातू पंचायत के मुखिया डेगन गंझू के पिता बिरजू गंझु उर्फ भगत जी का आकस्मिक निधन शनिवार अहले सुबह लगभग 3:00 बजे हो गया। जो 70 वर्ष के थे। बिरजू गंझु एक मृदुभाषी एवं सज्जन व्यक्ति थे।उन्हें गांव व पंचायत में भगत जी के नाम से लोग जानते थे। इनका पैत्रिक गांव महुआ टांड़ है।और इन्हें गांव के ही पंखरपनिया शमशान घाट में 12:00 बजे अग्नि दाह संस्कार किया गया। इनके दाह संस्कार कार्यक्रम में ढेर सारे राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता व ग्रामीण जनता शामिल हुए। जिसमें युवा नेता व समाजसेवी यदुनंदन पांडेय बहादुर दांगी बसंत सिंह गिद्धौर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र दांगी समाजसेवी प्राणेश गुप्ता दिनेश यादव व सैकड़ो लोग शामिल हुए।

# दीपावली और छठ पूजा के शुभ अवसर पर जतरा मेला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** दीपावली और छठ पूजा के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी बड़े उत्साह और उमंग के साथ लातेहार सदर प्रखंड की नेवाड़ी पंचायत के समीप ओवर ग्राम में जतरा मेला का आयोजन किया गया जहां ओवर ग्राम के पाहन हीरा सिंह,पुजार मुनेश्वर सिंह एवं सोबरन नायक के द्वारा पूरे विधि विधान एवं वैदिक मत्रों के साथ सुबह से ही पूजा अर्चना की जाती है,ढोल और मांदर के गूंज से पूरा पहाड़ गूंज उठता है। पूजा के उपरांत तकरीबन 2:00 बजे ओवर जतरा के लिए चैड़ी निकली जाती है जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग सैकड़ों की संख्या मे मेला देखने आते हैं,, लोगों का मान्यता है कि साक्षात देवी मां पाहन पुजार में सवार रहती हैं, गांव के लोगों में देवी मां की कृपा बनी रहती है और घर में सुख शांति और समृद्धि आती है। आपको बता दें कि आदिवासी समाज के लिए जतारा एक पारंपरिक त्यौहार है जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल होते हैं और खुशी मनाते हैं यहां तक की इस मेला में तरह-तरह की मिठाई के साथ-साथ कपड़ा के दुकान सिंगार की दुकान देखने को मिलती है।जहां लोग बड़े उत्साह के साथ इसका लुत्स उठाते हैं मौके पर अनिल नायक प्रदीप नायक रामानंद नायक संतोष नायक विनय नायक प्रदीप नायक कई लोग मौजूद थे।

## पशु चिकित्सा केन्द्र से चार लाभुको के बीच बॉयलर चूजा का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सा केन्द्र से शनिवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत जिला परिषद सदस्य रमेश राम, पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशिला वागे ने संयुक्त रूप से चार लाभुको के बीच 2000 बायलर कुक्कट चुजा वितरण किया। जिला परिषद सदस्य राम ने लाभुकों से कहा कि सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना बहुत ही फायदेमंद है। इस योजना के तहत लाभुकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर कुक्कुट चूजा दिया जा रहा है इस योजना का लाभ लेकर गाँव के लाभुक आत्मनिर्भर बने। वहीं इस संबन्ध मे जानकारी देते हुए पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशिला वागे ने कहा कि यह योजना वित्तीय वर्ष 2020-21 का है। जिसके तहत कुल चार लाभुक बलराम उरांव व राजकुमार उरांव टोंटी एवं सोमो देवी पति रामपति उरांव व जगमणी देवी पति रामकेवल उरांव डाढ़ा को 50 प्रतिशत अनुदान पर पांच पांच सौ कुक्कुट चूजा, दस-दस ड्रिंकर फिडर, लाईट व दवा का वितरण किया गया। साथ ही उन्होंने ने इनके रख रखाव के संबन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर टोंटी उप मुखिया जितेंद्र प्रसाद, बिनोद बैठा, सप्लायर अजय कुमार, मो शाहिद सराज सहित कई लोग उपस्थित रहे

## सीएस जगदीश प्रसाद ने किया रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमण्डल के एकमात्र रेफरल अस्पताल में सीएस चतरा जगदीश प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष आदि सभी जगहों पर बारीकी से जांच किया। जांच के दौरान प्रसव संधारण पंजी में काफी त्रुटि पाई जिससे आग बबूला हो गए और मौजूद नर्सो को खरी खोटी सुनाई। जांच के दौरान नर्सो से कई सवाल पुछे जहां मौजूद नर्सो ने उनके सवालों का एक भी विभागीय स्तर पर जबाब नहीं दी। जिससे काफी असंतुष्ट दिखे। अंत में सभी स्वास्थ कर्मियों को कहा कि जिन जिन स्वास्थ कर्मियों को ईमानदारी से कार्य करना है वो समय पर अपना कर्तव्य निभाए नहीं तो वो घर में रहें। आगे रेफरल हॉस्पिटल के स्वास्थ कर्मी एएनएम और सहिया दीदी पर बड़ा खुलासा किया है। कहा है कि यहां की सहिया और नर्स मिल कर प्रसव महिला को रुपये के वास्ते बाहर प्रसव कराती है। जिसमें सहिया को पांच हजार और पहुंचाने वाले चालक को तीन हजार रुपये उक्त निजी नर्सिंग होम से मिलता है ।यही कारण है कि नर्स और सहिया रेफरल अस्पताल में अपना कार्य दायित्व सही से नहीं निभा रही है। वैसे सहिया और नर्स को चिन्हित कर ली गयी है वैसे लोगों को रेफरल अस्पताल से कहीं दुशरे अस्पताल में ट्रांसफर अतिशीघ्र कर दी जाएगी। जांच के दौरान विधि व्यवस्था में सन्तुष्ट नहीं होने से काफी नाराज दिखे। वहीं पत्रकारों के सवालों में कहा कि ऐसे नर्सो और सहियाओं को अविलंब दुशरे अस्पताल में ट्रांसफर की जाएगी। बता दें कि रेफरल अस्पताल में सभी प्रसव कराने आयी महिलाओं से 2 हजार से लेकर लेकर 3 हजार तक वसूली की जाती है। वैसे में पुराने नर्सो को यहां से ट्रांसफर किया जाना लाजमी होगा। तभी स्वास्थ विभाग में स्वास्थ सुविधा बेहतर होगी। मौके पर चिकित्सा प्रभारी अशोक करमाली, डाक्टर एस आलम के अलावे स्वास्थ कर्मी मौजूद थे।

# मनरेगा मजदूरी का भुगतान नहीं होने से मजदूरों के समक्ष उत्पन्न हुई भुखमरी की स्थिति

**➲क्या दीपावली में भी मनरेगा मजदूरों के मज़दूरी का हो पाएगा भुगतान, मजदूर मायूस**

**➲अंतिम पायदान में मजदूरी कर अपने व अपने परिवार का करते है भरण पोषण : मनरेगा मजदूर**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** एक तरफ जहां सरकार दीपावली उत्सव पर सरकारी कर्मियों को बोनस पर बोनस दे रही है तो वही दूसरी तरफ मनरेगा मजदूर भुखमरी की कगार पर है।पिछले डेढ़ महीने से मनरेगा मजदूरी भुगतान नहीं होने से मजदूरों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।विदित हो की मजदूरों को भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधा बैंक खाते में की जाती है।उसके बाद भी मनरेगा मज़दूरी भुगतान में विलंब हो रही है।मनरेगा कार्यो में लगे मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं होने के कारण इन दिनों मजदूरों के परिवार के समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है।कई मजदूरों ने कहा है की समय से मजदूरी भुगतान नहीं होने के कारण मनरेगा कार्य करने में असंतोष जता रहे हैं, अब जाहिर सी बात है की मजदूरों का मजदूरी का भुगतान नहीं होने से दीपो का त्योहार दीपावली भी फीका पड़ने वाली है। मनरेगा मजदूरों ने बताया की हमलोग गरीब वर्ग से है प्रतिदिन कार्य कर उसी पैसे से अपना व अपने परिवार का भरण पोषण होता हैं ऐसे में यदि डेढ़ माह तक पैसा नही मिलेगा तो दैनिक स्थिति काफी विषम हो जाती है। वही मनरेगा मजदूरों ने दीपावली से पहले सरकार से मज़दूरी भुगतान करने का मांग कीया है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले डेढ़ महीने के दौरान मनरेगा योजना में लगभग 96 लाख 34 हजार 146 रुपये मजदूरी का भुगतान बकाया है।

## झारखंड राज्य की इकलौती बेटी गोल्ड मेडलिस्ट मन्नत राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हुई रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी की सुपुत्री मन्नत कुमारी झारखंड रायफल शूटिंग में अपना हुनर साबित करने के बाद हरियाणा के पंचकुला में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुई। माता-पिता अपनी बेटी को विदा करने और बेटी को आशीर्वाद देकर चतरा और राज्य का मान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टोरी रेलवे स्टेशन तक गये। बता दें कि चतरा की प्रतिभाशाली 11 वर्षीय मन्नत ने झारखंड की राजधानी रांची के उमराव शूटिंग स्पोर्ट्स खेलगांव में झारखंड राज्य स्तरीय स्कूल राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीती थी। इससे पहले भी मन्नत ने राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में देश के अन्य प्रांतों में परचम लहराने का रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के लिए बधाई और राष्ट्रीय स्तर की राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में सफलता के लिए मन्नत को शुभकामनाएं मिल रही हैं। आत्मविश्वास से ओतप्रोत मन्नत को राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में अपनी सफलता का पूरा भरोसा है। वह कहती हैं कि देश-दुनिया के मानचित्र पर चतरा और झारखंड राज्य का नाम रोशन करना मेरा लक्ष्य है। वह अपनी सफलता के लिए अपने माता-पिता और कोच समेत सभी शुभचिकों को श्रेय दिया है। पिता बिरजू तिवारी जिला परिषद उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता बिरजू तिवारी कहते हैं कि मैं बेटी मन्नत के साथ बेटे कार्तिकेय की रुचि के अनुरूप यथासंभव संसाधन उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं कर रहा हूँ। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मेरी बेटी मन्नत और कार्तिकेय देश-दुनिया में जिले और राज्य का नाम आने वाले दिनों में रोशन करेंगे। जिला वासी इस उपलब्धि से गौरवान्वित है।

## स्कूली लीग ए ग्रुप के छठे मैच में आरसीसी ने एसवीएम को 67 रन से हराया



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित स्कूली क्रिकेट लीग ए ग्रुप का अंतिम मैच एसवीएम तथा आरसीसी के बीच खेला गया। जहां आरसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 151 रन पर ही सिमट गई। जिसमें राम प्रजापति ने 36, रोहित 26 तथा अमित ने 26 रन का योगदान दिया। एसवीएम की ओर से विद्यांशू 3, अभिषेक 2 सकेंद्र 2 तथा किशन ने 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी एसवीएम की पूरी टीम 84 रन पर ढेर हो गई। जिसमें सूरज ने 20, हर्ष ने 14 तथा किशन ने 11 रन का योगदान दिया। आरसीसी की ओर से राम प्रजापति ने 6, प्रणव 2 तथा विकास ने 2 विकेट चटकाए। मैच के अंपायर श्रवण महली तथा कुमार शानू थे। जबकि स्कोरिंग समरेश बादल ने किया। वहीं मैच के पर्यवेक्षक श्रवण महलि थे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरसीसी के राम प्रजापति को मैच पर्यवेक्षक सह कोच श्रवण महली के द्वारा दिया गया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे।

## आम्रपाली चंद्रगुप्त के द्वारा रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड में संचालित आम्रपाली चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र के द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उदघाटन परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह एवं जिला परिषद सदस्या देवंती देवी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस शिविर में सबसे पहले धनगड्डा के मुखिया अरविन्द कुमार सिंह ने रक्तदान किया। यह रक्तदान कार्यक्रम सदर अस्पताल रांची के द्वारा किया गया जिसका इस्तेमाल थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चो के लिए किया जाएगा, जिसमे सिविल सोसायटी ने सहयोग किया। रक्तदान शिविर में कुल 91 यूनिट रक्त उपलब्ध हुआ। रक्तदान करने वाले में मुखिया जिला संघ अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, कसियाडीह मुखिया पति गोपाल महतो के अलावे परियोजना में कार्यरत कई कर्मचारियों ने दान किया।

## जांच करने पहुंचे सीएस से भाजपा के सिपाहियों ने की कार्रवाई की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमण्डल क्षेत्र के एक मात्र रेफरल अस्पताल में जांच करने पहुंचे सीएस जगदीश प्रसाद से भाजपा के सिपाही लातेहार किसान मोर्चा प्रभारी लखन साहू, प्रखण्ड अध्यक्ष दयानिधि सिंह ने रेफरल अस्पताल के नर्स एवं कर्मियों पर दोपहर दो बजे के बाद हॉस्पिटल से गायब रहने की शिकायत किया और कहा यदि आप कार्रवाई करेंगे तो ठीक है वर्ना हम भाजपा के सिपाही हॉस्पिटल गेट तालाबंदी कर देंगे। जिसका जिम्मेवार खुद यहां की नर्स और आउट सोर्सिंग से कार्यरत स्वास्थ कर्मी होंगे। आगे कहा कि कितने नर्स एवं कर्मी हैं जो यहां मात्र हाजरी बनाती है और घर पर काम करती है। महज हाजरी बनाने तक हीं उन्हें देखा जाता है ।वहीं स्वास्थ विभाग से तनख्वाह उठाते है। जो सरासर गलत है। यदि ऐसे लोगों पर आप सीएस कार्रवाई नहीं करेंगे तो बाध्य होकर हम लोग तालाबंदी कर कार्रवाई करने पर बाध्य होंगे। वहीं सीएस जगदीश प्रसाद ने आगे आश्वासन दिया कि वैसे कर्मी को पहचान कर ली जा रही है अविलंब कार्रवाई की जाएगी। लखन साहू ने कहा की रेफरल अस्पताल में काफी मनमानी हो रही है जब भी हॉस्पिटल में जाइए तो नर्स गायब या केवल गपोली करने में मशगूल रहती है। वैसे में वैसे लोगों पर कार्रवाई होना अनिवार्य है।

## रैयत विस्थापित मोर्चा के तत्वाधान में की गई बैठक, कई बिन्दुओं पर हुई चर्चा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अमरवाडीह पंचायत स्थित मध्य विद्यालय परिसर फूलबसिया मे रैयत विस्थापित मोर्चा के नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसका अध्यक्षता मगध परियोजना अरवीएम अध्यक्ष रामचंद्र उरांव संचालन सचिव प्रवेश पांडेय ने की। जहाँ मुख्य अतिथि के रूप मे रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय सचिव गुरुदयाल साव, केंद्रीय सदस्य विजय साव द्वारा उपस्थित विस्थापित मोर्चा के नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा किया. साथ ही मगध परियोजना जेसीएमयु के अध्यक्ष राजकुमार उरांव सचिव राजेश गंझू उपाध्यक्ष बिरेन्द्र गंझू, दीपा देवी कोषाध्यक्ष कुलदीप गंझू उपकोषाध्यक्ष कोलेश्वर गंझू संयुक्त सचिव त्रिवेणी गंझू, नारायण गंझू, ललिता देवी मीडिया प्रभारी सुनील गंझू सदस्य गौतम पाण्डे, दिवाकर ठाकुर, राम कुमार उरांव मोहन गंझू, खुशियाल गंझू, गंगाधर गंझू, दरोगी गंझू, साहो देवी, सरैया देवी, लालमनि मासोमत सहित दर्जनों उपस्थित लोगों से कई समस्या पर चर्चा कर सीसीएल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, रोजगार, स्कूल बस, प्रदूषण सहित कई समस्याओं से सम्बंधित 5 नवम्बर रविवार को बैठक रखने की सहमति बनाई गई जहाँ उक्त बैठक मे अधिक से अधिक संख्या मे भू-रैयत विस्थापित, ग्रामीण महिला पुरुषों को आने की अपील की गई।

## काम की तलाश में असम जा रहे मजदूर की ट्रेन से गिरकर मौत

**महुआडांड (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड थाना क्षेत्र के ग्राम हामी से काम की तलाश में असम के त्रिपुरा जा रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी पुसंती देवी के द्वारा बताया गया कि पिछले महीने में सरयू प्रखंड के डबरी निवासी विजय नायक के द्वारा असम के त्रिपुरा में ईट भट्ठा में काम के संबंध में पूछा गया जिस पर आर्थिक स्थिति दैन्य होने और प्रखंड में काम नहीं मिल पाने के कारण हम दोनों पति-पत्नी काम के लिए असम के त्रिपुरा जाने का निर्णय लिया। जिस पर कार्य की अग्रिम राशि के रूप में 14000 रूपये विजय नायक के द्वारा दिया गया। इसके बाद 30 अक्टूबर दिन सोमवार को हम पति-पत्नी व दो बच्चे असम जाने के लिए निकले।जिला के अन्य 10 मजदूरों के साथ असम के लिए ट्रेन में हम सभी सफर कर रहे थे। इसी दौरान दिन बुधवार को पति धर्मपाल राम उम्र 33 वर्ष शौच के लिए गया, काफी देर तक नहीं लौटने के बाद जब हमने खोजबीन शुरू की तो पता चला कि वह चलती ट्रेन से गिर गया है। इसके पश्चात रेलवे पुलिस के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई कि ट्रेन से गिरें एक अज्ञात शव को अस्पताल ले जाया गया है। जहां शव का शिनाख्त करने के बाद पोस्टमार्टम कर शव हमें सौंप दिया गया। प्रखंड में लगातार पलायन की समस्या बढ़ती जा रही है, गांव में चल रहे विकास कार्यों में भी बाहर से मजदूर लाए जाने के कारण प्रखंड में बेरोजगारी अपने चरम पर है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की अनदेखी से लगातार ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही है।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा शताब्दी वर्ष समापन समारोह सभा मंच पर जुटे नेता : रामाशीष



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शताब्दी समारोह पांच नवंबर को मनाया जाएगा। समारोह का आयोजन चतरा के बाबा घाट मैदान में किया जा रहा है। इसमें झारखंड राज्य से यादवों का महाजुटान होना है। इस आशय की जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष यादव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव समेत महासभा के सभी जिले से आधिकारी शामिल होंगे।सभी ने एक आवाज से यादव जाति का शिक्षा का उत्थान, राजनीति में भागीदारी, सामाजिक व आर्थिक स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा किए। उपस्थित शताब्दी समारोह में यादव समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में चतरा आने का संदेश प्रदेश के वरिष्ठ, आम एव खास, नेता कार्यकर्ता से चतरा आने का आह्वान किया है। रामाशीष यादव ने बताया कि समाज के जो लोग स्वयं जाने में सक्षम नहीं हैं तो उनके लिए यादव महासभा गठन कमिटी से मील कर चतरा पहुँचे। आगंतुकों के स्वागत कर, उनके द्वारा बताए गए निर्देश पर चल कर समाज का उत्थान करने का कार्य करे।समारोह के अध्यक्ष बली यादव, संयोजक रंजन यादव ,नीलम यादव ,अरुण यादव ,हृदयानंद यादव ,और बलवंत यादव, प्रांतीय यादव महासभा के महासचिव नरेंद्र कुमार यादव ,उर्फ गुरु जी,बालेश्वर यादव , पप्पू यादव ,अधिवक्ता राधेश्याम यादव,जिला अध्यक्ष अर्जुन यादव, योगेंद्र यादव कोषाध्यक्ष ललन यादव रामदेव यादव महरू यादव निरंजन यादव आदित्य यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

# राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन को लेकर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार की अध्यक्षता में सदर अस्पताल के सभागार में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई थी। जिसका आज समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी को माध्यमिक स्तर के रेफरल प्रणाली स्थापित करने को लेकर विशेष रूप से जानकारीयां दी गई। कुष्ठ रोग से विकलांगता को लेकर रोकथाम एवं चिकित्सा पुनर्वास के संस्थागत।को लेकर विशेष रूप प्रशिक्षण दिया दिया गया है।दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य कार्यक्रम प्रमुख एनएलईपी सलाहकार एवं आई एलईपी राज्य समन्वयक, एनएल आर झारखंड समेत जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी शोभना टोप्पो, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार द्वारा प्रशिक्षण में आये हुवे प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारीयों को दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ताकि प्रखंडों में विशेष रूप से कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित कर प्रखंड स्तर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुष्ठ रोगियों को खोजकर कुष्ठ रोगियों का समुचित इलाज की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा सके। सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी को कुष्ठ उन्मूलन का प्रशिक्षण देने का एक मात्र उद्देश्य है , पूरे जिले को कुष्ठ रोग से पूरी तरह से कुष्ठ रोग मुक्त करना। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर मुख्य रूप से स्वास्थ्यकर्मीयों का अपेक्षित सहयोग प्राप्त हो सके। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विभिन्न प्रखंडों से आये हुवे चिकित्सकों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया साथ ही अलग अलग प्रखंडों से आये हुवे कुष्ठ रोगियों का प्रारंभिक अवस्था में जांच किस तरह से करना है इसका भी जानकारी मौके पर उपस्थित चिकित्सकों को दी गई। मौके पर डॉ गौतम कुमार स्टेट डीएफआईटी कोडीनेटर, काशी नाथ चक्रवर्ती एनएलआर झारखंड, जिला कुष्ठ उन्मूलन पदाधिकारी शोभना टोप्पो, जिला कुष्ठ सलाहकार डॉ राजेश कुमार, समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# विस्थापित रैयतों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता अनुमण्डल कार्यालय में की गयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** टंडवा उद्योग नगरी अम्रपाली आदि कोल माइंस द्वारा विस्थापित भुरायतों को मुआवजा नहीं देने को लेकर कई दिनों से धरना प्रदर्शन जारी था। जिसे लेकर अनुमण्डल कार्यालय सिमरिया में एसडीओ सुधीर कुमार के अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता की गई। बता दें कि रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले चल रही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के आठवीं दिन सिमरिया अनुमंडल में अनुमंडल पदाधिकारी के अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता प्रबंधन के साथ आहूत की गई जिसमें रैयतों के 8 सूत्री मांगों पर बिंदुवार चर्चा की गई। कई मांगों पर प्रबंधन ने अपनी सहमति जताई जिसमें झारखंड सरकार के नियम के अनुसार स्थानीय लोगों को 75त्न रोजगार उपलब्ध कराने पर सहमति बनी साथ ही 8 महीने बाद जो भी नई कंपनियां आएगी उसमें पूर्ण रूप से 75त्न स्थानीय विस्थापितों को रोज़गार उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं फिलहाल जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना स्तर पर पुनर्वास समिति का गठन करने पर सहमति बनी ।जिससे छ्ष्टरु और विस्थापितों के समस्या का समाधान करने में सुविधा होगी। गैरमजरूआ जमीन को तीव्र गति से सत्यापन कर नौकरी एवं मुआवजा दिया जाएगा और इसके लिए हम गांव में कैंप लगाने के लिए विभाग को पत्र लिखेंगे द्य ट्रांसपोर्टिंग कंपनी में 12 घंटा ड्यूटी को घटाकर 8 घंटा किया जाएगा और सम्मानजनक वेतन दिया जाएगा इसके लिए सभी कंपनी को चिट्ठी लिख दी जाएगीद्य प्रदूषण की रोकथाम के लिए हाईवा में त्रिपाल अच्छी तरह से ढकने का सख्त निर्देश दिया जाएगा वहीं गति सीमा को नियंत्रण करने के लिए विशेष पहल की जाएगी द्य अन्य मांगे जो विचाराधीन है इस पर भी प्रबंधन गंभीर है वार्ता का मिनट्स कॉपी भी रैयत विस्थापित मोर्चा को उपलब्ध कराई जाएगी।

## मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन को लेकर किया गया कैंप का आयोजन

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत सभी बूथों में 28 अक्टूबर से चल रहा मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन को लेकर शनिवार को भी कैंप का आयोजन किया गया। जिसका निरीक्षण करने पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय एवं बीपीओ रामकुमार सिंह ने कई बूथ पर पहुंचे। जिसमें 174/175/185 बूथ संख्या शामिल है। जहां उपस्थित बीएलओ अपने-अपने मतदाताओं के नाम उम्र फोटो सुधार एवं स्वच्छ करने में जुड़े हुए हैं। एवं कार्यरत दिखे। यह कार्य अभियान चलाकर सभी बुथों में 29 अक्टूबर से 9 दिसंबर चलाया जाना है। जहां मतदाता पंजी में छूट लोगों का नाम जोड़ा जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों को स्थानांतरित किया तथा नवनियुक्त पंचायत सचिवों को दिया प्रभार

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के आदेश पर मनरेगा जेई,पंचायत सचिवों और रोजगार सेवकों के स्थानांतरण किया गया,साथ ही नवनियुक्त पंचायत सचिवों को भी प्रभार दिया गया।विष्णुगढ़ प्रखंड के चौबीस पंचायतों में मनरेगा जेई नीरज कुमार को खरना, गैड़ा, अलपिटो, बेड़ाहरियारा, बराय, विष्णुगढ़, भेलवारा, चेडरा, कुशुम्भा,गोविंदपुर,नवादा एवं बक्सपुरा का प्रभार मिला। जेई अविनाश कुमार को अचलजामु,सारूकुदर, सिरैय, मड़मो, चानो, नागी, जोबर, खरकी,गाल्होबार,नरकी,बनासो एवं करगालो का प्रभार दिया गया। पंचायत सचिवों में कारू राणा को खरना,गैड़ा,सरयू पासवान को चेडरा,विष्णुगढ़,सुरेश राम को भेलवारा,कुसुम्भा,देवनंदन प्रसाद,को बराय,विजय मेहता,को नागी,चानो,जगनारायण राम को गाल्होबार,खरकी,बैकुंठ दुबे को अचलजामु,सिरैय,रामानंद प्रसाद को जोबर,मडमों,शिवकुमार प्रसाद को बेड़ाहरियारा,रंजीत कुमार को सारूकुदर,बसंत कुमार को गोविन्दपुर,चंदन कुमार गुप्ता को नरकी,दीपक दास को करगालो,हर्षिता सदा को अलपिटो,उषा कुमारी को बक्सपुरा,प्रियंका कुमारी को नवादा का पंचायत प्रभार दिया गया। रोजगार सेवकों को भी स्थानांतरित करते हुए मो.यूसुफ को खरना एवं गैड़ा,गोपाल दास को विष्णुगढ़,नारायण प्रसाद को भेलवारा एवं कुसुम्भा,पंकज कुमार दास को बराय एवं अलपिटो,मो.अली को नागी एवं चानो,मदन यादव को गाल्होबार एवं खरकी,राहुल कुमार दास को अचलजामु एवं सिरैय,विनोद रजक को जोबर एवं मड़मो,सुधीर कुमार कुशवाहा को बेड़ाहरियारा,संझलु हांसदा को सारूकुदर,मो.अब्दुस सफुर अंसारी को नरकी,मो.खालिद नवाज खां को करगालो,तुलसी विश्वकर्मा को बक्सपुरा एवं बनासो तथा गोपाल साव को चेडरा एवं नवादा का प्रभार दिया गया ।

### गुलमोहर पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया डांस फिनाले

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुलमोहर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में डांस कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें पहले सेमीफाइनल राउंड से प्रतिभागी चुने गए थे जिसका फाइनल राउंड का आयोजन किया गया। चुने गए प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं अरीशा परवीन, मानसी कुमारी ,मुस्कान कुमारी ,पल्लवी कुमारी, रिद्धि कुमारी ,सुरुचि ,सुरभि कुमारी, लवली कुमारी ,अनाया सिद्धि,, आशीष पीहू ,आकांक्षा, आरुषि राजनंदनी ,रिया ,नरगिस नफीस, जानवी ,मौसम ,सुमन ,विद्या और सृष्टि। प्रतिभागियों ने अपने नृत्य का प्रदर्शन बहुत ही अच्छी तरह से किया जिसमें से इस नृत्य प्रतियोगिता का जजमेंट करने के लिए अमित कुमार और अविनाश कुमार जोकि हिप हॉप डांस चैंपियनशिप के रनर अप रह चुके हैं। ने आकर के इन प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया और जजमेंट दिया। नृत्य प्रतियोगिता में जूनियर विंग में प्रथम स्थान पर लवली कुमारी दूसरे स्थान पर अनन्या शर्मा तीसरे स्थान पर मानसी मेहता ने अपना स्थान प्राप्त किया उसी प्रकार सीनियर विंग में पहले स्थान पर सुमन विश्वकर्मा दूसरे स्थान पर राजनंदनी और तीसरे स्थान पर आरुषि श्रद्धा ने अपना स्थान प्राप्त किया । बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए कई तरह के स्कूल में कुछ-कुछ कार्यक्रम होते रहते हैं डांस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों का मनोबल बहुत बढ़ता है इसी तरह का कार्यक्रम गुलमोहर स्कूल में हमेशा आयोजित किया जाता रहा है और करता रहेगा इस प्रोग्राम को सभी शिक्षकों ने जिसमें से अंकिता सृष्टि साक्षी रिजवाना रणजीत राणा नमिता अंकिता कंचन सनम सिमौन ,मनमोहन ठाकुर सूरज अमित रवि अपूर्व मिश्रा ईला सृष्टि जैन, रीता संतोष इत्यादि सभी टीचर एवं कर्मचारी शामिल थे।इस आयोजन का को पूरी तरह से आयोजित किया गया और सफल पूर्वक कार्यक्रम समाप्त हुआ इस उपलक्ष में प्राचार्य विद्या बख्शी ने बच्चों को विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को लेने के लिए प्रोत्साहित किया और कहां की इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और उन्हें हर कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए विद्या बख्शी ने सभी विजयी बच्चों को बहुत-बहुत बधाई दी और जितने भी बच्चे प्रतिभागी थे उन सभी को और अच्छा प्रदर्शन करने की बात कही।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली में स्वदेशी मेला का हुआ आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में स्वदेशी मेला का आयोजन हुआ द्य मेला में विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा कक्षा छठी से एकादश कक्षा में पढ़ने वाली बहनों के द्वारा दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली स्वदेशी वस्तुओं का स्टाल लगाकर उसके लाभ के बारे में प्रस्तुत किया गया द्यभारत में निर्मित वस्तुओं के उपयोग पर विद्यालय के बहनों ने विभिन्न प्रकार कि स्वदेशी वस्तुओं का स्टॉल लगाया द्य मेला में विद्यालय के सचिव, संजय उपाध्याय ने स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग एवं उसके लाभ पर विस्तार से प्रकाश डालाद्य उन्होंने कहा- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो मेकिंग इंडिया को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी वस्तुओं को अपने पर जोर दिया हैद्य हम सभी इस दिशा में सतत रूप से आगे बढ़कर भारत में निर्मित स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करेंद्य जिससे भारत और अधिक समृद्ध राष्ट्र बनेगा द्य सचिव ,संजय उपाध्याय ने बहनों के द्वारा लगाए गए स्वदेशी वस्तुओं के स्टॉल की काफी सराहना कीद्य मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने बहनों द्वारा लगाए गए स्वदेशी वस्तुओं के स्टॉल की काफी सराहना कीद्य उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपने की सलाह दी उपस्थित थे द्य मेला की तैयारी बहनों ने पूनम दीदी के दिशा- निर्देश में की द्य मौके पर संजू दीदी, आचार्य रामेश्वर गोस्वामी, नरेंद्र कुमार सिन्हा, विद्यालय आचार्य बंधु -भगिनी एवं भैया- बहने उपस्थित थे ।

### एकादशा में शानदार दुगोला कार्यक्रम का आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव की चाची चौपारण प्रखंड के हज़ारी धमना निवासी स्व. तलिया देवी के एकादशा में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल होकर मृतक आत्मा के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने मृतक की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दिया। जिसके बाद दुगोला कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिला परिषद राकेश रंजन, जिला परिषद महेंद्र बिहारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रतिनिधि सुधीर कौशल, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया हरेंद्र गोप, मुखिया संतोष सिंह, पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी संजय यादव, पंसस कामेश्वर दास, रविंद्र यादव, ओबीसी मोर्चा के मुन्ना यादव, एससी मोर्चा नागेश्वर रजक, भीम यादव, बासुदेव यादव, ब्यास जी, महेश यादव, इंद्रदेव यादव, राजू यादव, बाबूलाल पासवान, मनोज यादव, रामचंद्र यादव, केदार यादव, राजेश यादव, धनेश्वर यादव, राजेन्द्र यादव, खिरोधर यादव, संतोष यादव, सीताराम यादव, राजेश यादव, सुनील यादव, रूपेश यादव, सुरेंद्र यादव, ब्रह्मदेव यादव, सरयू राणा, विजय राणा, मनोज राणा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस नेता डॉ. प्रकाश कुमार पर हुए गोलीकांड का बरही के कांग्रेसियों ने निंदा किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस झारखंड प्रदेश ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता डॉ प्रकाश कुमार को अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े गोली मारकर घायल किए जाने के खिलाफ बरही के कांग्रेसियों में घटना के प्रति आक्रोश व्यक्त किया जा किया गया है।वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी जमुना यादव ने कहा है कि हजारीबाग में अपराधी बेलगाम हो गए हैं प्रशासन इस पर सख्त कार्रवाई करें। कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष शरीफुल हक ने कहा है कि अभी दीपावली और छठ पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्योहार सामने है ऐसे में इस प्रकार की घटना से आम नागरिकों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।ज्ञात हो कि जीवन और मृत्यु की सैयया पर जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे 50 वर्षीय डॉक्टर प्रकाश कुमार को बीते शुक्रवार संध्या 5ः00 बजे हजारीबाग के दीपूगढा में अपराधियों ने गोली मार दी थीं।घटना की निंदा करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप जमुना यादव,कुणाल कतरियार ,कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष शरीफ फुल हक,मुखिया मनोज कुमार, प्रयाग यादव ,मंजीत यादव ,मनोहर यादव ,फिरदोस खान ,निजाम द्वारका रविदास, गाजो यादव, मोहन प्रजापति, सुशील केसरी ,उर्फ नुनु वासुदेव यादव ,प्रमोद सिंह ,समेत कई कांग्रेसी शामिल रहे ।

## अंचलाधिकारी ने कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी लोकसभा चुनाव में 18 वर्ष और उससे अधिक शत प्रतिशत मतदान के योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, सुधार करने एवं मृत मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम हटाने के विशेष अभियान के तहत अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी केरेडारी द्वारा प्रखंड के दुरस्त मतदान केंद्र 01गोपदा 02 लोहरा सहित अन्य मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और उपस्थित बीएलओ से इस संबंध में जानकारी प्राप्त किया और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जांच किया। इस दौरान अंचलाधिकारी ने सभी बीएलओ को मतदान केंद्र में विशेष शिविर में उपस्थित होकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करते हुए प्रपत्र 06, 07, 08 प्राप्त कर ओनलाइन करने के निर्देश दिए। अंचलाधिकारी द्वारा भी गोपदा और लोहरा गांव के ग्रामीणों से इस अभियान में शामिल होकर आगामी लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान अभियान में शामिल होने की अपील की गई ।

## सजावट एवं रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** फहिमा अकादमी स्कूल में क्लास सजावट एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में वर्ग पांचवी से लेकर ग्यारहवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमे विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सजावट और रंगोली बनाकर अद्भुत प्रतिभा का परिचय दिया क्लास 9 और 11 को बेस्ट सजावट और रंगोली का अवार्ड दिया गया । क्लास 8 को 1 पुरस्कार से नवाज़ा गया जूनियर विंग में क्लास 5 ने बेस्ट सजावट का अवार्ड अपने नाम किया। स्कूल प्राचार्या फरहा फातमी ने बच्चो और शिक्षको को सम्बोधित करते हुवे कहा की ऐसी प्रतियोगिता से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है ,और बच्चो को नई कला सिखने का मौका मिलता है ।

## पूर्व सैनिकों का राजभवन के सामने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड और वेटरन ऑर्गेनाइजेशन आफ झारखंड दोनों के बैनर तले सेवारत सैनिक राजेश पोद्दार जो गोड्डा जिले की रहने वाले हैं, उनके साथ पूर्व में जमीन विवाद को लेकर कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा पहले मारपीट किया गया था उसके एक महीने बाद 14 अक्टूबर 2023 को उनकी माता का अपहरण कर हत्या किया गया। इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस का कार्यशैली न्यायपूर्ण नहीं होने की वजह से इस केस की जांच सीबीआई से करवाने का मांग को लेकर आज राज भवन के सामने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।इस मौके पर पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि अगर ठाकुरगंटी थाना प्रभारी पूर्व में सेवारत सैनिक राजेश पोद्दार के साथ हुए मारपीट पर संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई किया होता तो शायद उनकी माता का हत्या नहीं होता। इसलिए थाना प्रभारी को अभिलंब बर्खास्त करना चाहिए और मामले का सीबीआई जांच कर दोषियों को फांसी देकर उदाहरण पेश करना चाहिए। ताकि सरहद पर तैनात जवानों का मनोबल बढ़े और ये महसूस हो कि हमारे अनुपस्थिति में हमारे परिवार और जमीन की रक्षा झारखंड सरकार और वहां के पुलिस प्रशासन कर रही है । वेटरन इंडिया झारखंड के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट की भूमि पर सैनिकों और उनके परिवार के साथ इस तरह का घटना कहीं से भी उचित नहीं है, इस पर झारखंड सरकार उचित कार्रवाई करें । नहीं तो धरना प्रदर्शन एक दिवसीय नहीं आगे भी न्याय नहीं मिलने तक लगातार जारी रहेगा। बाद में राज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री , डीजीपी,रक्षामंत्री भारत सरकार, महामहिम राष्ट्रपति को अलग अलग माध्यमों से ज्ञापन दिया/सौपा गया।इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, उप कोषाध्यक्ष वासुदेव साहू, मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार, रांची जिला अध्यक्ष मनोज सिंह, सचिव मुकेश सिंह, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह, बी के ओझा,रामदयाल उराव के साथ साथ सैकड़ो पूर्व सैनिक शामिल थे।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट की रखी गई आधारशिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अनुमंडलीय अस्पताल के पुराने परिसर में ग्रामीण विकास विभाग से 15 वें वित्त आयोग मद से 49 लाख की राशि से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट(बीपीएफयू) निर्माण कार्य का आधारशिला रखा गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने विधिवत रूप से किया। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनन वारसी,कोनरा मुखिया यास्मीन तबस्सुम ,डॉ निजामुद्दीन, सुनील साहू, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, मो वारिस, रिजवान अली, बीरेंद्र यादव, मो असगर अली ,शशि जयसवाल, राजकुमार यादव, पंचमाधव पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, उप मुखिया विनोद यादव, योजना का ठिकेदार जमील



अख्तर सहित अन्य लोग मौजूद थे। मौके पर विधायक अकेला ने कहा कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे आम जनमानस को बेहतर सुविधा मिल पाएगी। वहीं डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि इस यूनिट में ब्लड टेस्ट के लिए लैब होगी, जहां टाइफॉयड मलेरिया जैसे कई तरह का जांच की सुविधा होगी।

## आदर्श डीएवी के छात्र ने सीबीएससी राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के चेडरा पंचायत में आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के द्वारा विजय प्रभात फेरी निकाली गई। बताते है,कि सीबीएससी द्वारा कलस्टर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स खेल में आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने हिस्सा लिया। आयोजित दौड़ प्रतियोगिताओ में 800 मीटर की दौड़ में कक्षा आठ के राहुल कुमार ने चौथा स्थान प्राप्त किया,वहीं 200 मीटर की दौड़ में राहुल कुमार ने पाँचवा स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों की हौसलाअफजाई के लिए आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रबंध कमिटी ने गाजे-बाजे के साथ स्कूल से लेकर चेडरा, हॉस्पिटल चौक एवं अन्य स्थानों में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के पूर्व आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल ने पुस्तक दान अभियान चलाया,जिसमे छात्रों, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा अभिभावकों द्वारा पाँच सौ पुस्तक दान प्राप्त किया गया।इस अभियान में शामिल सभी सहभागियों को विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद,आभार दिया गया।

## सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवन अभियान को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में जिला बाल संरक्षण इकाई, समाज कल्याण विभाग हजारीबाग के द्वारा बाल विवाह एवं बाल हिंसा को रोकने हेतु ÷सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवन÷ अभियान के तहत जिला स्तरीय मीडिया संवेदीकरण विषय पर मीडिया कर्मियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती इन्दु प्रभा खलखो की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम के विषेश अतिथि जिला सुचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, हजारीबाग उपस्थित थे। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम 31 अक्टुबर 2023 से 14 नवंबर 2023 तक सघन रुप से पुरे जिला में आयोजित किया जा रहा है। महिला बाल विकास एवं समाजिक सूरक्षा विभाग, झारखण्ड




सरकार के निदेशानुसार हजारीबाग जिले मे बाल विवाह, बाल यौन शोषण एवं बाल हिंसा को रोकने हेतु सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन के अंतर्गत मीडिया संवेदीकरण कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित किया गया।

बाल संरक्षण के क्षेत्र मे विभिन्न अधिनियम के सुचारू रूप से संचालन करने की दिशा मे किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 108 तथा लैंगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 43 के अंतर्गत आम जनता, बालकों के साथ उनके माता-पिता और संरक्षको को अधिनियम के उपबंधो के प्रति जागरूक बनाने के लिए विभिन्न माध्यमो से इसका प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करने का प्रावधान है। इसमें विद्यालय के शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, पंचायती राज संस्थाओं मिडिया कर्मियों एवं अन्य हितधारको के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तार से मुख्य-मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग ने संबोधित करते हुए कहा कि इस 15 दिवसीय अभियान के तहत सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से वंचित बालिकाओं को चिन्हित कर योजना से अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इस 15 दिवसीय कार्यक्रम के तहत उन बच्चों या अन्य चैंपियनों को चिन्हित् करना है जिन्होनें बाल विवाह तथा बाल हिंसा को हतोस्ताहित किया है तथा साथ ही विषम परिस्थितियों के बावजुद बालिकाओं ने अपनी शिक्षा जारी रखी है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग संजय प्रसाद ने उपस्थित मीडिया के प्रतिनिधियों को इस 15 दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित मीडिया के संवेदीकरण विषय के उपर संबोधित किया।

उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य हितधारकों के साथ तथा विद्यालय स्तर पर, बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारियों के साथ आमुखीकरण कार्यक्रम जिला स्तर/ब्लॉक स्तर पर किया जा रहा है।

## चंद्रवंशी समाज ने चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की 5226वीं जयंती मनाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के नावाडीह में चंद्रवंशी समाज ने चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध समारोह आयोजित कर 5226 वी जयंती पूरे धूमधाम से शनिवार को मनाई।जिसकी अध्यक्षता अशोक राम तथा संचालन भीखा राम ने किया।इस दौरान चंद्रवंशी समाज के अध्यक्ष भीखा राम ने चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध के आदर्शो पर चलने पर जोर दिया।वही चंद्रवंशी समाज के उपाध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि एकजूटता से ही हमारे समाज की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक मजबूती संभव है।इस दौरान वक्ताओं ने महाराज के कृतियों पर चर्चा करते हुए समाज संगठित करने और उनके आदर्शो को अपनाने का संकल्प लिया गया।इस मौके पर विशेष रूप से चंद्रवंशी समाज के अध्यक्ष भीखा रवानी, उपाध्यक्ष अशोक रवानी, सचिव परमेश्वर रवानी, नवल किशोर वर्मा,राजेंद्र प्रसाद



सिंह,भोला रवानी,नरेश रवानी,माथुर रवानी, धानेश्वर रवानी,सूरज रवानी,दिलीप रवानी, प्रकाश रवानी, ललन रवानी, बीरु रवानी, जवाहीर रवानी,राजू चंद्रवंशी,राजेश रवानी, कुंदन वर्मा, उदित वर्मा, गौतम वर्मा,धर्म रवानी,संजय वर्मा, विक्की रवानी,अनुज वर्मा, महेश रवानी, उमाशंकर प्रसाद,नरेश रवानी, सुमित रवानी, नवलेश रवानी, रामप्रसाद रवानी, विनय रवानी, दुर्गा रवानी,मनोज चंद्रवंशी,अर्जुन चंद्रवंशी,मुरली चंद्रवंशी,अनुश्रेया कुमारी, मो. जसोदा देवी,कंचन देवी, कौशल्या देवी, लक्ष्मी देवी, पार्वती देवी, सावित्री देवी, ममता देवी, सरोज देवी, पुष्पा देवी समेत दूर दराज से आए चंद्रवंशी समाज के काफी संख्या में महिला पुरुष लोग शामिल थे।

## सतर्कता जागरुकता सप्ताह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** डीवीसी परियोजना द्वारा जिला में सतर्कता संबंधी जागरूकता लाने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य थीम रखा है ङ्क 'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें' और इसी विषय पर संगोष्ठि् ङ्कसह- पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन डीवीसी सभागार में किया गया ।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित करके संगोष्ठी ङ्कसह- पुरस्कार वितरण समारोह की विधिवत शुरूआत की गई ।

अमित कुमार शील ने सभी कार्मिकों से आह्वान किया कि ईमानदारी पूर्वक और पारदर्शी शैली को अपनाकर ही हमलोग सतर्क भारत, समृद्ध भारत की परिकल्पजना को पूरा कर सकेंगे । उन्होंने सभी कार्मिकों से एवं स्कूली




बच्चों से आयोजित की जा रही विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए सभी बच्चों को धन्यवाद दिया ।

संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार डीजीटल करेंसी, डीजीटल पेमेंट और जेम पोर्टल के माध्यम से अपने कार्यालयों को भ्रष्टारचार से मुक्त करने का प्रयास कर रही है । मुख्य् अतिथि एवं मुख्य वक्ता अविनाश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी राष्ट्र तभी विकसित हो सकता है जब वहां के नागरिकों में आत्मसंयम की भावना विकसित हो, बिना आत्मतसंयम के हमारी इच्छाओं का अन्त ही नहीं होगा । किसी भी राष्?ट्र के विकसित होने में वहां भूख, भय और भ्रष्टांचार से मुक्त होना आवश्यधक है । नैतिकता और आत्म संयम के बिना हमलोग अपनी युवा पीढ़ी में ईमानदारी और सदाशयता का संचार नहीं कर पायेंगे ।

## एनटीपीसी ढेंगा पुनर्वास कॉलोनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा ढेंगा पुनर्वास कॉलोनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना विभाग के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। महाप्रबंधक ने दीप प्रज्वलन स्थानीय गांव से आए बुजुर्गों के साथ मिलकर किया। इस अवसर पर श्री ध्यानी ने कहा कि यह शिविर परियोजना के प्रभावित ग्रामीणों एवं प्रखंड वासियों का बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान के लिए आयोजित की गई है। क्षेत्र के लोग स्वस्थ एवं खुशहाल रहें इसके लिए मेगा कैंप के माध्यम से कई प्रकार के जांच एवं दवाइओं का वितरण भी मुफ्त किया जा रहा है। इस मेगा कैंप में कई बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर को बुलाकर ग्रामीणों



की हर समस्याओं का समाधान एवं डॉक्टरो को बुलाकर बेहतर उपचार प्रदान की गई। आपको बता दें कि मेगा शिविर के अलावा परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में दिन प्रतिदिन भी कैंप लगाकर लोगों को इलाज किया जाता है ताकि लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहे। शिविर में लगभग 600 मरीजों का इलाज एवं आवश्यकता अनुसार दवा का वितरण किया गया। साथ ही साथ आवश्यकता अनुसार बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी जैसे कई जांच भी की गई। शिविर में सीएमओ डॉक्टर कबीर प्रधान, डॉक्टर सुकुमार रेड्डी, डॉक्टर आनंद प्रकाश, डॉ जूही चावला, डॉ हीरालाल राम, डॉ रवि रंजन, डॉक्टर एमडी मालिक, डॉक्टर मयंक प्रताप सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ जयेश इत्यादि द्वारा जांच की गई। जबकि मेगा शिविर का सुचारू रूप से संचालन के लिए उप प्रबंधक संजीत कुमार सेनापति, मंजूनाथ, राजकिशोर महतो, वरिष्ठ प्रबंधक कमलाराम रजक, एग्जीक्यूटिव रजनीश कुमार, ऋचा नंदा, सिद्धि कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएवी उरीमारी में सतर्कता जागरूकता अभियान में बच्चों ने भारत श्रृंखला बनाई

**उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल बरका- सयाल क्षेत्र में चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान में शनिवार को डीएवी उरीमारी स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में स्कूली बच्चों द्वारा भारत श्रृंखला बनाई गई। वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवदास राव, एसओपी अजय कुमार, रोमित कुमार, केदार राम,शशि कुमार,गुरजीत कुमार, गोविंद कुमार,डीएवी के प्राचार्य उत्तम कुमार रॉय उपस्थित हुए। वहीं शिक्षकों एवं बच्चों के साथ भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ ली गई।

वहीं डीएवी स्कूल उरीमारी के बच्चों ने भारत के मानचित्र को मानव श्रृंखला के रूप में आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया। जिसमें कक्षा आठवीं से दसवीं तक के लगभग 300 छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता दर्ज की।

इसमें कक्षा छठी की अन्विता सिन्हा ने भारत माता के रूप में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। वही विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार रॉय के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विद्यालय के शिक्षक डी बी दास ,राहुल कुमार सिंह एवं हरिहर पाढी ने कार्यक्रम को आकर्षक एवं प्रशंसनीय बनाया ।

### कुंटू बाबू से मिला फुटपाथ दुकानदार संघ का प्रतिनिधिमंडल, बताई समस्याएं

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू से उनके आवासीय कार्यालय आकर रामगढ़ छावनी परिषद फुटपाथ दुकानदार संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मिला ।

उक्त बातों की जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से मीडिया को देते हुए भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की समाजसेवी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे दुकानदारों ने कुंटू बाबू को पुष्पगुच्छ देकर दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं साथ हीं फुटपाथ पर व्यवसाय करने में आने वाली प्रशासनिक कठिनाइयों से भी अवगत करवाया।

इस पर कुंटू बाबू ने सकारात्मक आश्वासन देकर सभी दुकानदारों के साथ हमेशा की तरह आगे भी सहयोग करने का आश्वासन दिया जिससे आगंतुक दुकानदार खन्नूलाल सोनकर,नंद किशोर सोनकर, प्रेम मेहता, हामिद हुसैन, पप्पू, महेश, प्रमोद, गंगा साव इत्यादि लोग अपने चेहरे पर मुस्कान लिए वहां से विदा हुए।

### नगर परिषद ने अरगड्डा सड़क से झाड़ियों को किया साफ

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर परिषद के द्वारा अरगड्डा बैगा मोड़- सिरका मुख्य सड़क के किनारे जंगली झाड़ियां के झुंड को अभियान चलाकर साफ किया। जबकि से पूर्व सिरका कार्यालय में भी सफाई चला। नप कर्मियों ने बताया कि सड़क के किनारे और कार्यालय सिरका परिसर में झाड़ियां व कचड़े जमा हो रही थी। मौके पर जमादार अलीफ आलम, सफाई मित्र सिकंदर मुंडा, बसंत कोलेत, सन्नी सागर, अमर आदि उपस्थित थे।

### उरीमारी में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उरीमारी पंचायत में शनिवार को सीसीएल एवं सखी मंडल के द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। जो उरीमारी के हेसाबेडा से शुरू कर क्षेत्र के विभिन्न टोलों एवं गलियों में घुमकर लोगों को नशा छोड़ने के लिए जागरूक किया गया। वहीं इस मौके पर एसओ प्रसनल अजय कुमार,जीसीआरपी लक्ष्मी हेम्ब्रोम,सीसी देवनारायण महतो, मुखिया कमला देवी, सखी मंडल की आशालता देवी,गीता देवी, सुनीता देवी,प्रिया टुडू,सुलेखा सुनीता बेसरा, रेखा देवी,आशा देवी, कुमारी एकता, बबीता देवी, गीता देवी, लक्ष्मी देवी,अनीता देवी,रूकैया शांति देवी, गंगोत्री देवी,तेलानी कंडोलना, सरीता देवी, रेखा देवी, पुष्पा देवी,गंगीया देवी,उमा देवी, ममता देवी इत्यादि दर्जनों महिलाए मौजूद थी ।

### भारतमाला परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर को सौंपा ज्ञापन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को भारतमाला परियोजना के परियोजना पदाधिकारी से मिला तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के मार्फत संघर्ष समिति ने प्रबंधन से ओरमांझी से बोकारो तक बन रहे फोरलेन पथ के कार्य में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

जेबीकेएसएस के नेताओं ने भारतमाला परियोजना के प्रबंधन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है कि स्थानीय लोगों को इस परियोजना में कार्य दिया जाय। इसके साथ हीं भूदाताओं के बकाया का भी भुगतान यथाशीघ्र किया जाय। मौके पर संघर्ष समिति के जिला कोर कमिटी के सदस्य पांडव कुमार महतो, प्रखंड मिडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, सुजीत कुमार महतो सहित समिति के कई सदस्य मौजूद थे।

### अल्पसंख्यक जिला कमिटी की सूची प्रदेश कार्यालय को सौंपी

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने रामगढ़ ज़िला के अंतर्गत आने वाले 7 प्रखंड अध्यक्षों की नाम कि सूची एवं ज़िला कमिटी की सूची प्रदेश अध्यक्ष मंज़ूर अंसारी से अनुमोदन के लिए प्रदेश कार्यालय राँची में प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अख़्तर अली को सौंपे। इस दौरान अल्पसंख्यक ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने कहा कि जल्द कमिटी की अनुमोदन अध्यक्ष मंज़ूर अंसारी से मिलते ही कमिटी प्रभावी होगी इसके उपरांत सूची जारी कर दी जाएगी।

### ब्रह्मभोज में शामिल हुए राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव

**उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल कोआपरेटिव के पुर्व सचिव सह सीसीएल कर्मचारी राजकुमार सिंह के माता जी का बिते दिनों निधन हो गया था। वही शनिवार को सयाल आजाद रोड स्थित आवास पर ब्रह्मभोज कार्यक्रम मे राकोमयू के बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव उपस्थित हुए एंव राजकुमार सिंह के माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।वही इस मौके पर डा जीआर भगत, दिपक कुमार यादव, अजय मिश्रा, रवि पावरीया, बिनोद प्रजापति इत्यादि लोग मौजूद थे।

# विधायक अंबा प्रसाद ने नारियल फोड़ कर किया उपस्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के पोटंगा पंचायत अंतर्गत जरजरा मे शनिवार को झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग योजना अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र का आधारशिला रखी गयी। जिसका शिलान्यास बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने नारियल फोड़ कर व शिलापट्ट से पर्दा उठा कर किया। वही इस योजना का आनुमानित दर लगभग 55 लाख रुपए है, इस दौरान विधायक अंबा ने कहा कि आज जरजरा क्षेत्र के लोगो के लिए खुशी का दिन है। अब यहा के लोगो को उप स्वास्थ्य केंद्र बन जाने से कही और जाकर इलाज नही कराना पडेगा। ग्रामीणो को सारी सुविधा यही पर मिलेगी। वही विधायक अंबा ने यह भी कहा मै इस क्षेत्र मे विकास के लिए अग्रसर हू। आने वाले दिनों मे यहा पर सडक पानी की सुवीधा जल्द बहाल कर दी जाएगी। इस दौरान जिला पार्षद गीता देवी ने क्षेत्र मे विकास को लेकर एक डिग्री कॉलेज खोलने की मांग की जिससे उरीमारी के बहुल इलाकों के बच्चे दुसरे क्षेत्र के कॉलेजो में पढने न जाए। अपने क्षेत्र मे खुद का डिग्री कॉलेज होना चाहिए। जिसपर विधायक ने जवाब दिया कि यह अच्छी पहल है यहा लोग अब विकास की ओर बढ रहे है बड़कागांव क्षेत्र मे जल्द ही एक डिग्री कॉलेज खोला जाएगा। वही राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रिय सचिव राजू यादव ने कहा क्षेत्र मे स्वास्थ्य केंद्र का खुलना यहा के लोगो के लिए गर्व की बात है। यहा के लोगो को अब यही पर उचित ईलाज दिया जाएगा।वही विधायक अंबा प्रसाद का ढोल नगाडो के साथ स्वागत किया गया। वही इस मौके पर पोंटगा पंचायत मुखिया चरका करमाली,जिला पार्षद प्रतिनिधि दीपक करमाली,वार्ड सदस्य जुगेश बेदिया,देव नारायण बेदिया,शिव दयाल मिस्त्री, शिव कुमार,ओम प्रकाश, द्वारिका ठाकुर, बिनोद प्रजापति, महिला समूह अध्यक्ष संगीता देवी,फुल चनिया देवी, संगीता देवी,मंजू देवी,सोहाबतिया देवी,रवि पावरीया, सुखदेव सोरेन,कुला प्रजापति,गुदल प्रजापति, जगमोहन बेदिया, ठिकेदार राम प्रसाद,डा जीआर भगत,दीपक यादव,अजय मिश्रा, लालू महतो, इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे

## जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने किया कई मतदान बूथों का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार उप निर्वाचन पदाधिकारी रामगढ़ रविंद्र कुमार गुप्ता ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के नियमित चल रहे स्पेशल कैंप के दौरान रामगढ़ शहर के कई बूथों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत प्राप्त आवेदनों का जायजा लिया एवं लंबित आवेदनों को ससमय निष्पादित करने का निर्देश संबंधित बूथ के बीएलओ को दिया। साथ ही उन्होंने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के विभिन्न प्रपत्रो के निष्पादन में आ रही कठिनाइयों को दूर करने संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं उन्होंने होम टू रोल अभियान को वृहद रूप से ससमय पूर्ण करने का भी निर्देश दीया। मौके पर सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सतेंद्र नारायण पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## बंद पड़े खदानों में बढ़ चढ़कर हो रहा मत्स्य पालन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** कोयला प्रधान होने के कारण रामगढ़ जिले का बड़ा क्षेत्र खनन कार्य से जुड़ा है। खनन कार्यों के दौरान कई बड़े-बड़े गड्ढों का निर्माण होता है जिनकी लंबाई औसतन 12~50 हेक्टेयर क्षेत्रफल के आसपास होती है। इन्हीं में एक है मांडू प्रखंड अंतर्गत आरा ग्राम में अवस्थित माइनिंग कोलपिट। मांडू प्रखंड अंतर्गत आरा ग्राम के निवासी श्री शशिकांत महतो द्वारा बंद पड़े माइनिंग कोलपिट में मत्स्य पालन करने की पहल की गई जिसके उपरांत उन्होंने स्थानीय नवयुवकों को भी इसके प्रति जानकारी देकर उन्हें कार्यों से जोड़ा। जिला प्रशासन के सहयोग से 200 किलोग्राम मछली की अंगुलिकाएं संचयन करने के उपरांत साल भर में ही मछलियां 800 ग्राम से 1.5 किलोग्राम तक निकलने लगी और दूसरे साल तो इनका आकार 2 से 3 किलो तक बढ़ने लगा। आज यहां से रेहू, कतला, मृगल एवं भारतीय मेजर कॉर्प 10 से 15 किलोग्राम तक निकाले जाते हैं। इसी का परिणाम है कि श्री शशिकांत महतो के साथ नवयुवकों की टोली अब समूह बनाकर मत्स्यजीवी सहयोग समिति के तरह कार्य करने लगी है। समूह की मेहनत और परिश्रम को देखकर जिला प्रशासन ने इन्हें इंटेंसिव फिश फार्मिंग हेतु 51 केज मत्स्य पालन के लिए केज संरचना बनाकर नई सौगात दी अब इनके द्वारा केज मत्स्य पालन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इन केजों में लगभग 120 से 180 टन मछलियां वर्तमान में तैयार है एवं केज के अलावे खदान से एक वर्ष में लगभग 5 टन मछलियों का शिकार माही भी करते हैं जिसे देखकर हर बड़े स्तर पर लोग मत्स्य पालन कर उद्यमी बनने की ओर अग्रसर हैं।आधुनिक मत्स्य की में केज मत्स्य पालन एक अधिक लाभ देने वाली तकनीक है परंतु इस प्रकार बंद खदान में मत्स्य पालन अनूठा है एवं देश का शायद पहला ही केंद्र होगा जो कि वैज्ञानिकों को भी पुनः गहरी अनुसंधान के लिए प्रेरित कर रहा है, जो हर दावे को झूठा साबित करता है कि इस तरह से मत्स्य पालन किया जाना संभव नहीं है।आरा क्षेत्र में बंद पड़े माइनिंग कोलपिट में मत्स्य पालन की सफलता को देखते हुए उपयुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा जिला मत्स्य कार्यालय को अन्य बंद पड़े मीनिंग कुल सीट को भी चिन्हित करने एवं स्थानीय लोगों को मत्स्य पालन के प्रति जागरूक करने एवं उनके रोजगार सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया है।

# हजारीबाग में होगी विशाल परिवर्तन रैली : भाकपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कार्यालय रामगढ़ मंजूर भवन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव विष्णु कुमार, राज्य परिषद के सदस्य नेमन यादव, वरिष्ठ नेता मेवा लाल प्रसाद, मांडु प्रखंड सचिव कयूम मलिक ,उपस्थित थे । प्रेस वार्ता में नेताओं ने कहा की हजारीबाग सहीत पूरे देश में परिवर्तन की लहर चल रहा है। इस तरह से हजारीबाग में आगामी होने वाले लोकसभा के चुनाव में परिवर्तन होगा। भारतीय जनता पार्टी के नीतियों के कारण देश में महंगाई ,बेकारी बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। बड़का गांव में उपजाऊ खेती का अधिग्रहण कर अडानी अंबानी को कौड़ी के भाव जबरन लिया जा रहा है । तो दूसरे तरफ धर्म के नाम पर लोगों को बांटने की साजिश की जा रही है । वर्तमान सांसद को जनता से कोई लेना-देना नहीं है । वंशवाद के नाम पर राजनीति करने वाली भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग की जनता इस बार नकारेगी और हजारीबाग में पुनः लाल झंडा का परचम फहराएगा । रैली के तैयारी के लिए 7 नवंबर 2023 को हजारीबाग में विशाल परिवर्तन रैली का आयोजन किया गया है। रामगढ़ जिला से सैकड़ो कार्यकर्ता हजारीबाग जाएंगे । जिसकी तैयारी की समीक्षा की गई । रैली को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों में पंचायत स्तर पर सघन जनसंपर्क अभियान चला कर तैयारी की जा रही है। नेताओं ने कहा कि 7 नवंबर को हजारीबाग में सफल रैली होगा । उसे रैली के माध्यम से जनता अपनी गुस्से के इजहार करेगी।

## रैयत विस्थापित सेल समिति ने परियोजना स्थल का निरीक्षण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल डी परियोजना में खुले लोकल सेल का शनिवार को सेल संचालन समिती के सौंदा बस्ती के पुर्व मुखिया दयानंद प्रसाद के नेतृत्व में सेल समिति के सदस्यो ने परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। वहीं सेल समिति ने एक स्वर? में कहा कि यहां पर 40 कंपनियों ने अपना डिओ लगाया है।जिनको कोयला उठाव कराने में स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग दिया जाएगा। वहीं यह भी संदेश दिया गया कि ग्राम सभा के द्वारा जो कमिटी गठित है सिर्फ उन्हीं के द्वारा कोयला उठाव का कार्य किया जाएगा। ग्राम सभा द्वारा चयनित कमेटी ही कार्य करेगी। अन्यथा कोयला उठाव नहीं करने दिया जाएगा। वहीं इस मौके पर बिनोद साव, दयानंद प्रसाद, रविन्द्र प्रसाद,हरी मुंडा,राम कृष्ण प्रसाद, नंदकिशोर साव, बिनोद प्रसाद,राजू कुमार,अमन साव,किशन प्रसाद,अशोक प्रसाद,ललित प्रशाद,माधो प्रसाद,बबलू कुमार, सुमीत कुमार, रितेश कुमार, विकास प्रसाद,भोला प्रसाद,राजेश? प्रसाद,संदीप कुमार,मनीष कुमार, संतोष कुमार,नंद किशोर गिरी,पवन? कुमार,राजन कुमार, मानिक कुमार, बिनोद कुमार, टिंकू कुमार, सुंदर साव, गणेश प्रसाद, विशाल कुमार,हिरा प्रसाद,सुरज प्रसाद, शत्रुघ्न गिरी, गौरीशंकर प्रसाद, उपेन्द्र प्रसाद, सुबोध पांडेय,बबलू प्रसाद इत्यादि लोग मौजूद थे

# सामुदायिक सहायक अध्यापक संघ ने दिवंगत राजकिशोर महतो के निधन पर मनाया शोक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** सामुदायिक सहायक अध्यापक संघ के संस्थापक सदस्यों में से एक राजकिशोर महतो का गत दिन निधन हो गया। उपरोक्त जानकारी सामुदायिक सहायक अध्यापक संघ के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष भागवत तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि सामुदायिक सहायक अध्यापक संघ को सरकार के द्वारा अब तक जो भी सुविधा उपलब्ध हुई है उसमें स्व. महतो की भूमिका काफी निर्णायक एवं पारदर्शी रही है। वे अब हम सबों के बीच नही रहे ,बीते रात उनका निधन हो गया ,सुन कर बहुत दुखी हूँ। सामुदायिक संगठन के बैनर तले उन्होंने झारखंड के सहायक अध्यापक को बहुत कुछ दिलवाने में अपनी महती भूमिका निभाई थी, जिसका ऋणी सदेव सहायक अध्यापक रहेगा। वे धनबाद जिले के बलियापुर प्रखंड के रहने वाले थे जो हाल ही में सेवा निवृत हुए थे। आज इनके चले जाने से झारखंड के तमाम सहायक अध्यापक हृदय से दुखी हैं। उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू में सभी शिक्षक शिक्षिका संग बच्चों ने दुख व्यक्त करते हुए 1 मिनट का मौन धारण किया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर छात्र/छात्राओं सहित प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार महतो, सहायक शिक्षक भागवत तिवारी, विनोद बिहारी महतो, लालमोहन बेदिया, राधेश्याम साहू, मुकेश कुमार यादव, मनोज कुमार, अजय कुमार मिश्रा, विनोद कुमार , रीता बाला, रीता करमाली, सरस्वती नायक, आनंद कुमार मिश्रा, सुधीर चौधरी, रूपनाथ महतो, उषा रंजन, दीप्ति रानी, तेरेसापुस्तिका टोप्पो, शिल्वीना लकड़ा, आदित्य महतो, अभिषेक खत्री, प्रचीला कश्यप सहित कई अन्य मौजूद थे।

# 15 नवंबर 23 को झामस की पदयात्रा, भाजपा हटाओ देश बचाओ अभियान चलाया जाएगा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक रामगढ़ में संपन्न हुई। बैठक देवकीनंदन बेदिया की अध्यक्षता और बिगेन्द्र ठाकुर, नरेश बडाईक,नागेश्वर मुंडा,रामबृक्ष बेदिया,सोहन बेदिया, शैलेन्द्र बेदिया, भुनेश्वर बेदिया,लालकुमार बेदिया,अनोद बेदिया एवं भाकपा-माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया उपस्थित थे।

बैठक में ग्रामीण गरीबों से संबंधित समस्याओं पर विचार विमर्श की गई कि जिला में आदिवासियों की भू-वापसी आदेश का अंचल अधिकारियों के द्वारा दखल दिहानी नहीं कराया जा रहा है और न्यायलय के आदेशों का खुलम-खुला भ्रष्टाचार के तहत उल्लंघन किया जा रहा है। मनरेगा के तहत ग्रामीण मजदूरों को काम नहीं और न भत्ता दिया जा रहा है।जो मजदूर काम करते हैं उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं। गरीबों का राशन, दो महीने का गायब कर घोटाला कर ली गई है। साथ ही राशन वितरण में घोर अनियमितता बरती जा रही है। वास-आवास के लिए गरीबों को 5 डीसमिल जमीन दो अन्य सात सुतरी मांगों को लेकर 15 से 30 नवंबर तक ग्रामीण गरीब अपने अधिकार यात्रा अभियान को संचालित किया जाएगा जिस अभियान में %भाजपा हटाओ देश बचाओ% नारे के साथ पद यात्रा किया जाएगा।

गरीबों, मजदूरों के निम्न अधिकारों की गारंटी के लिए अधिकार यात्रा 15 नवंबर को गरीब विरोधी, झारखंड विरोधी मोदी वापस जाओ और 30 नवंबर तक भाजपा हटाओ,देश बचाओ पद यात्रा अभियान का कार्यक्रम लिया गया है। .जो जहां बसे हैं, वहां मुकम्मल सर्वे के आधार पर नया वास-आवास कानून ! सभी भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीनऔर पक्का मकान, हाउसिंग राइट को संवैधानिक दर्जा दो। मनरेगा में 200 दिन काम, 600 रुपए दैनिक मजदूरी और समय पर भुगतान करो। सभी बुजुर्गों, विकलांगों और विधवाओं को 3000 रुपए मासिक पेंशन दो।

शिक्षा-स्वास्थ्य के अधिकारों के साथ दलितों आदिवासियों मजदूरों? गरीबों को 200 यूनिट फ्री बिजली दो दलित-आदिवासियों-अकलियतों के सम्मान और अधिकारों की गारंटी करो।6. मुफ्त राशन,दाल और तेल की गारंटी करो। वनाधिकार कानून की गारंटी करें।15 नवंबर को निम्न स्थानों व नेताओं के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली जाएगी। 1. मांडू प्रखंड के नया मोड़ से कुजू,मुरपा,आरा-सारुबेड़ा पहुंच कर बिरसा मुंडा मुर्ति में माल्यार्पण और सभा की जाएगी। लाली बेदिया, महादेव मांझी, जयवीर हंसदा,करमा मांझी रहेंगे।

अरगड्डा बिरसा मोड़ में माल्यार्पण कर अरगड्डा बाजार टांड तक पद यात्रा की जाएगी। भुनेश्वर बेदिया,लालचंद बेदिया, जयनंदन गोप,रामबृक्ष बेदिया,लाका बेदिया,सरयू बेदिया,लालकुमार बेदिया रहेंगे भुरकुंडा हुडूंग गढ़ा से मतकमा चौक होते हुए बिरसा चौक में माल्यार्पण किया जाएगा। नरेश बड़ाईक,सरजू मुंडा,मनोज मांझी,सोहन बेदिया, भुनेश्वर बेदिया रहेंगे। घुटूवा सेकेंड गेट से हेहल अंबवा टांड पहुंच कर बिरसा मुंडा की मूर्ति का स्थापना एवं अनावरण किया जाएगा। नागेश्वर मुंडा,नीता बेदिया,बृजनारायण मुंडा,तृतियाल बेदिया रहेंगे। सोसो से ईचातू होते हुए दुलमी बाजार टांड तक पद यात्रा किया जाएगा। बिगेन्द्र ठाकुर, लालचंद ठाकुर रहेंगे। 16 नवंबर से 30 नवंबर तक भाजपा हटाओ देश बचाओ अभियान चलाया जाएगा।

## अरगड्डा टोंगी क्लब में सिरका के 85 एकड़ गैर मजरुआ जमीन को लेकर हुई ग्राम सभा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा के दामोदर क्लब (टोंगी) के प्रांगण में शनिवार को सिरका के 85.86 एकड़ गैर मजरुआ जमीन व 40 एकड़ अनुसूचित वन भूमि के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिकारी अमरेंद्र कुमार ने किया। ग्राम सभा में सीसीएल, प्रखंड रामगढ़, वन विभाग के अधिकारी शामिल थे। सभा में करीब 87 ग्रामीणों ने गैर मजरुआ जमीन पर अपना दावा पेश किया। साथ ही 2006 से चले आ रहे वन अधिकार समिति का पुनर्गठन की बाते कहीं। कहा गया कि इसके बाद ही सिरका में गैर मजरुआ जमीन का दावा और इससे जुड़ाव की स्थिति साफ हो पाएगी। इधर सीसीएल, प्रखंड एंव वन विभाग से पहुंचे अधिकारियों ने भी ग्रामीणों की बातें गहनता से सुनी। साथ ही जो भी कमी है इसके लिए सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। जल्द ही समिति गठन की भी बातें कही गई। इस दौरान ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहां कि रैयती जमीन के अगल-बगल जो भी गैर मजरुआ जमीन हैं। उसकी दावेदारी रैयत ही करेगा। इसके अलावे कई ग्रामीणों ने अपनी ओर से आपत्ति दर्ज कराया। मौके पर सीआई राजा राम, पीओ श्रीकांत शर्मा, सुखदेव कुमार, पूर्व नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, जगनारायण बेदिया, तिवारी महतो, नागेश्वर महतो, पार्षद अनु विश्वकर्मा, लखन पासवान, कालीचरण, कार्तिक महतो, बलदेव महतो, सिकंदर महतो, विनोद करमाली, अर्जुन बेदिया, धनेश्वर महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# सीओ व थाना प्रभारी ने परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र सवांददाता

**सरिया :** सरिया कॉलेज सरिया में बनाए गये स्नातक परीक्षा केंद्र का शनिवार को सीओ संतोष कुमार और थाना प्रभारी अनीश पांडेय ने औचक निरीक्षण किया । इस दौरान सभी परीक्षा कक्ष का निरीक्षण कर कदाचार मुक्त परीक्षा कार्य संपन्न कराने व कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गेजेट का परीक्षा केंद्र में प्रवेश पर पूर्णता रोक के निर्देश का अनुपालन करने का निर्देश केंद्राधीक्षक को दिए। कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर केंद्र में पर्याप्त मात्रा में पुलिस अधिकारी व जवान तैनात किया गया है । इस बाबत परीक्षा केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल ने बताया कि बिनोभा भावे विश्वविद्यालय के द्वारा स्नातक पुराना पाठ्यक्रम के सत्र 15-18 से 19-22 तक के आदर्श कॉलेज राजधनवार का लगभग 2 हजार परीक्षार्थी का परीक्षा केंद्र बनाया गया है । जिसमे शनिवार को पहली पाली में इतिहास विषय की परीक्षा में 282 परीक्षार्थी और द्वितीय पाली में गणित विषय में 23 और अंग्रेजी विषय में 49 छात्र शामिल हुए ।

# खनन विभाग ने जब्त किया 30 टन अवैध कोयला व 100 क्यूबिक फीट अवैध बालू



प्रभात मंत्र सवांददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर जिला खनन टास्क फोर्स ने बीती रात औचक छापामारी कर 30 टन अवैध कोयला वह 100 क्यूबिक फीट अवैध बालू राजगंज से जप्त किया। इस संबंध में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि बीती रात लगभग 11:00 बजे से लेकर देर रात तक जिला खनन टास्क फोर्स ने छापामारी अभियान चलाया। इस क्रम में राजगंज थाना क्षेत्र के चार्ली बंगला के पास राजगंज पुलिस के सहयोग से राजगंज अंडरपास पुल के नजदीक गोविंदपुर की ओर जाते हुए सड़क पर खनिज के अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध औचक छापामारी की। इस क्रम में 30 टन अवैध कोयला लोड हाइवा जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 09 एबी 9887 तथा 100 क्यूबिक फीट अवैध बालू लोड ट्रैक्टर संख्या जेएच 10 सीएस 6164 को बिना परिवहन चालान के परिवहन करते पाया गया। दोनों वाहनों को जप्त कर राजगंज थाना को सुपुर्द कर प्राथमिकी दर्ज की गई।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले तिसरी थाना का चौकीदार 24 घंटे से लापता

## एसपी ने किया एसआईटी का गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह के तिसरी थाना में पदस्थापित चौकीदार राहुल यादव मोर्निंग वॉक करने के दौरान संदिग्ध परिस्थिति में गायब हो गया है। राहुल के गायब होने के बाद परिजनों की चिंता बढ़ गयी है वहीं दूसरी और पुलिस भी लगातार राहुल की तलाश कर रही है। राहुल की बरामदगी के लिए गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा ने खोरीमहुआ के एसडीपीओ को नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया है।हालांकि इस मामले में पुलिस कुछ भी कहने से परहेज कर रही है। फिलहाल पुलिस मानव व तकनीकी सहित अन्य चीजों की मदद से राहुल यादव की खोजबीन में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार राहुल यादव शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे हर दिन की तरह मोर्निंग वॉक पर निकला था। काफी देर तक जब वापस नहीं लौटा तो परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। देर रात तक जब राहुल घर नहीं लौटा तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच के क्रम में सीसीटीवी कैमरे में राहुल सुबह करीब 3.45 बजे दौड़ते हुए देखा गया इसके बाद अचानक वह गायब हो गया।

# एनएसयूआई एसएसएलएनटी कॉलेज कमिटी की हुई कार्यकारी बैठक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को एनएसयूआई जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी की अध्यक्षता में एनएसयूआई एसएसएलएनटी कॉलेज कमिटी की बैठक मे विभिन्न मुद्दो पर चर्चा हुई।

जिसमे कॉलेज से जुड़े समस्याओं का समाधान करने की बात कही गई तथा संगठन को मजबूत करने के लिए जरूरी कदम उठाए गए। साथ ही नए छात्राओं को जोड़ा गया। बैठक में जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने छात्राओं का आत्म विश्वास बढ़ते हुए कहा ÷अपने हक के लिए लड़ना सीखो÷ तथा उन्हें छात्र हित में काम करने की बात कही और छात्राओं का हौसला बढ़ाया।


## राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार का किया जाएगा आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 15 नवंबर से 29 दिसंबर 2023 तक आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने बताया कि विगत वर्षो में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता तथा उपयोगिता को देखते हुए मुख्य सचिव से प्राप्त निर्देश के आलोक में इस वर्ष भी राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम को 15 नवम्बर से 29 दिसम्बर 2023 तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति वंचित नहीं रहे और अधिक से अधिक लोगों को शिविर में ही योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। जिले की सभी 256 पंचायतों, नगर निगम के 55 वार्ड और चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्ड में कम से कम एक शिविर का आयोजन करने का प्रयास किया जाएगा। इन शिविरों में सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने के लिए विशेष व्यवस्था की जायेगी। शिविरों में आम जनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति/आय/जन्म/मृत्यु/ दिव्यांगता प्रमाण पत्र, म्यूटेशन, नापी, लगान रसीद तथा ऑनलाइन रेकॉर्ड में सुधार सहित राजस्व से जुड़े अन्य मामले, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े परियोजनाओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर आवेदन लिए जाएंगे। साथ ही सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फूले बालिका समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रग विभाग अन्तर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिक का पंजीकरण ऑन द स्पोट किया जाएगा।

# मिशन चैरिटी धनबाद में हुआ फल, मिठाई व कपड़ा वितरित : ब्रजेंद्र सिंह



**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कार्तिक सप्तमी और बांग्ला नव वर्ष के अवसर पर धनबाद जिला बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के उपाध्यक्ष सह प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, अधिवकता कांग्रेस नेता प्रदीप पांडे, समाजसेवी उमाशंकर अग्रवाल ने मिशन चैरिटी धनबाद में जाकर बच्चों तथा विकलांगों के बीच मे फल, मिठाई और कपड़ा का वितरण किया गया। इस अवसर पर चैरिटी मिशन के सिस्टर लोबेनी और अन्य सिस्टर उपस्थित रहे। मिशन चैरिटी के सिस्टम को श्री सिंह ने आश्वस्त किया कि यहां एक पार्क और एक खेलने का फील्ड बनाने के लिए धनबाद के उप विकास आयुक्त से निवेदन करेंगे और डीएमएफटी फंड से पूरा कराने का प्रयास करेंगे। सिस्टर ने श्री सिंह को मिशन चैरिटी कैंपस मे होने वाली दिक्कतों से अवगत कराया।

# झारखंड में दीपावली व अपने राज्य में छठ, ऐसा नही चलेगा : जयराम महतो

## जेबीकेएसएस के बदलाव संकल्प जनसभा में गरजे जयराम महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** झारखंड में हम झारखंडियो को पढ़ने लिखने के बाद भी हमको हमारा अधिकार नही मिलता है। हम अपने बच्चो को क्यों पढ़ते हैं , झारखंड बन गया है ताकि हमारे झारखंड के बच्चो को अच्छा नौकरी मिलेगा । उक्त बाते बाघमारा विधान सभा के महुदा अंतर्गत पथरगढ़िया फुटबाल मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति , बाघमारा प्रखंड इकाई , धनबाद की ओर से आयोजित बदलाव संकल्प जनसभा में समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने कहा उन्होंने आगे कहा कि कुछ दिन बाद महिलाओं को गोतनी नही मिलेगा क्यों की झारखंड के सब जल, जमीन, जंगल, घर का खत्म हो जाएगा। तब गोतनी भी बाहर कमाने चल जाएगी। हमारे लोगो ने लड़ कर झारखंड राज्य को बनाया है। कोपरेटिव बनाकर रैयतो को कोयला खोदने का जिमेवारी देना चाहिए। इस तरह की व्यवस्था होना चाहिए जबकि कानून में कॉपरेटिव बना सकते हैं। यह देश तभी विकसित माना जाएगा जब एक ग्रामीण महिला गंगिया के गढरी में वजन होगा। झारखंड में दीपावली मनाएंगे और अपने राज्य में जाकर छठ मनाएगा ऐसा नहीं होना चाहिए। यदि बाहर के लोग भी झारखंडी है तो सरकार 1932 के आधार पर जांच करके देखले अभी को जाना पड़ेगा। प्रदीप महतो ने कहा की हमने आजतक बहुत विधायक को देखा वे सिर्फ अपना घर और अपना विकास किया है। वर्तमान में भी यही हो रहा है। इससे बदलने की जरूरत है। बदलाव संकल्प जनसभा में महुदा, के हजारों ग्रामीण पुरुषो ने भाग लिया।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया क्षेत्र का निरीक्षण, योजना का लिया जायजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** प्रखंड अंतर्गत बदवारा पंचायत के विभिन्न गांव में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया क्षेत्र भर्मण। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना द्वारा मिले मकान का निरीक्षण किया। निरिक्षण में पाया की काफी लोगो ने आवास का राशि निकाशी कर ली गई लेकिन जमीनी स्तर पर इसका निर्माण नहीं किया गया है। जिन लोगो ने राशि निकासी कर मकान नहीं बनाया है उन्हें 10 दिन का समय दिया गया और कहा की अगर 10 दिन में मकान निर्माण नहीं किया गया तो निकासी राशि की रिकवरी किया जायेगा। वही आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न विकास योजनाओं का जायजा ले संबंधित अधिकारियों को उक्त योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा वंचित लाभुकों विभिन्न विकास योजनाओं से जोड़ लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यहां पर चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान वहां पर ग्राम पंचायत बदवारा के मुखिया, पंचायत स्वयं सेवक एवं वार्ड सदस्य भी उपस्थित रहे।

# सरायढेला में रिलायंस डिजिटल स्टोर की हुई शुरुआत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** देश के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स प्लेटफार्म रिलायंस डिजिटल ने शनिवार को शहर के सरायढेला में स्टोर का शुभारंभ किया। इस स्टोर का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद सदर के नोडल ऑफिसर डॉ. राज कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने रिलायंस डिजिटल के सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की खरीदारी के लिए उचित स्थान साबित होगा। वहीं रिलायंस डिजिटल के झारखंड क्लस्टर हेड रचना गौतम ने बताया कि यह झारखंड का पांचवां स्टोर है। यहाँ टीवी, लैपटॉप, फ्रीज, मोबाइल, स्पीकर्स, स्मार्ट वॉच, हैडफ़ोन, ईयरबड्स से लेकर सभी इलेक्ट्रॉनिक्स सामान एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ग्राहक मल्टी बैंक कार्ड का उपयोग कर दस प्रतिशत तक का कैशबैक पा सकते हैं। इस फेस्टिवल के दौरान ग्राहकों को सामान की खरीदारी पर विशेष छूट दी जाएगी। स्टोर मैनेजर अर्नब बासु ने बताया कि कंपनी रिलायंस डिजिटल से शॉपिंग करने वाले ग्राहकों को जीरो प्रतिशत इंट्रेस्ट फाइनेंस के बेहतर ऑप्शंस और ढेर सारे ऑफर्स दे रही है ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक खरीदारी का लाभ उठा सकें। इसके साथ ही कंपनी पूरे भारत में फ्री होम डिलीवरी की भी सुविधा दे रही है। मौके पर रिलायंस डिजिटल से जुड़े सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अनियंत्रित हो कर बोलेरो दीवार से टकराई, एक घायल

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को सुबह जुठाहा आम बागोडिह रोड पर बराकर नदी पुल के पास बारात से लौट रही एक बोलेरो संख्या जेएच 10 बीके 1857 एक टेंपो को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर दीवाल से टकरा गई। इस बीच मॉर्निंग वॉक पर निकले सरिया प्रखंड के ग्राम छतरबाद निवासी एक युवक मामूली रूप से घायल हो गया। घटना के पश्चात बोलरो में सवार सभी लोग मौके से फरार हो गए।

# बेंगाबाद प्रखंड परिसर का विकास तथा विधिक निर्माण कार्य का शिलान्यास

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को बेंगाबाद प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाअधिकारी, तृतीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी एवं प्रखंड परिसर का विकास तथा विधिक निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गांडेय विधायक डॉ.सरफराज अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी बेंगाबाद प्रमुख मीना देवी उप प्रमुख सबा अंजुम , एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी अंचला अधिकारी के साथ प्रखंड एवं अंचल के कर्मी और दर्जनों जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

वही कार्यक्रम में अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधि ने कहा कि प्रखंड परिसर में आवास उपलब्ध होने से अधिकारी प्रखंड परिसर में ही रखेंगे जिससे विकास कार्य की गति में तेजी आएगी।

# गिरिडीह कालेज में मनाया गया भिजिलेंस अवेयरनेस प्रोग्राम

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह कालेज एवं सी सी एल, गिरिडीह के संयुक्त तत्वावधान में सतर्कता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत गिरिडीह कालेज के सभागार में इस अवसर पर सतर्कता संबंधी शपथ, नुक्कड़ नाटक, ट्वीट कांटेस्ट आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरिडीह कालेज के प्राचार्य डा अनुज कुमार ने किया। मुख्य अतिथि गिरिडीह कोलियरी के जेनरल मैनेजर वासब चौधरी एवं डिप्टी मैनेजर राजवर्धन कुमार थे।

# कांग्रेस कमिटी के द्वारा सांगठनिक समीक्षा बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला कांग्रेस कार्यालय दुमका में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी की अध्यक्षता में सांगठनिक समीक्षा बैठक की गई। जिसमें दुमका लोकसभा के संयोजक सुल्तान अहमद खान और दुमका जिला के प्रभारी रवींद्र वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। पूर्व प्रायोजित इस कार्यक्रम में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से खचाखच भरे हाल में झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष सह लोकसभा संयोजक सुल्तान अहमद ने कार्यकर्ताओं से सभी तरह का फीडबैक लेते हुए मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष और बुथ लेवल एजेंट को अभी से तैयार होने का नसीहत दिया। उन्होंने कहा की कार्यकर्ता संगठन का रीढ़ होता है। कार्यकर्ता के बगैर हम एक इंच भी नहीं चल सकते। वहीं दुमका जिला प्रभारी रवींद्र वर्मा ने कहा कि कांग्रेस सत्ता की भूखी नहीं है। इस देश और आमजन के सम्मान एवं छात्रों तथा कृषक वर्ग की भलाई के लिए कांग्रेस हमेशा चिंतित रही है। इस देश के नौजवान रास्ता भटक रहे हैं और झूठ बोलने वाले प्रधानमंत्री देश के अवाम को ठग रहे हैं ऐसी स्थिति में हमारा धर्म बनता है कि हम देशवासियों के लिए आगे आए और इंडिया गठबंधन एक-एक सीट पर विजयी हो ये सुनिश्चित करें।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव राजा मरांडी, प्रदेश प्रतिनिधि मनोज अम्बास्थ, प्रेम कुमार, शमशाद अंसारी, राजीव जयसवाल, सीताराम मंडल, विमल बेसरा, संजय राय, स्टीफन मरांडी, सुनील किसको, योगानंद सरकार, मजीद अंसारी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया। मंच का संचालन प्रदेश प्रतिनिधि महबूब आलम ने किया। कार्यक्रम में युगल किशोर सिंह, अरविंद कुमार, शहरोज शेख, सुबोध मंडल, दशरथ मंडल, छबि दास, चिंता देवी, मो कलाम, एलिजाबेथ, निमचंद मंडल, राजीव जयसवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शक्तिपुंज एक्सप्रेस का होगा रमना स्टेशन में ठहराव

# सांसद विष्णु दयाल राम व विधायक भानु प्रताप शाही ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद रेल मंडल ने यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सांसद विष्णु दयाल राम एवं विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा हरी झंडी दिखाकर गाड़ी सं. 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस का रमना स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ किया गया। गाड़ी सं. 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस 08:48 बजे रमना स्टेशन पहुंचकर वहां से 08.50 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी एवं गाड़ी सं. 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस 01.33 बजे रमना स्टेशन पहुंचकर वहां से 01.35 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# नगरनिगम क्षेत्र में पेयजल सुविधा व फॉगिंग मशीन का काम बेहतर हो : राजेश सिन्हा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह नगरनिगम क्षेत्र में पेयजल की घोर कमी है,सुबह शाम को पानी की सुविधा नहीं आती है । सुबह पानी आता है तो शाम नही आता,शाम आता है तो सुबह नही आता है,कभी कभी तो तो तीन चार दिन भी नही आता है, इसका उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए और इसका जांच कमिटी नगरनिगम नहीं बनवाए, डीसी महोदय के द्वारा हो टीम गठन किया जाना चाहिए। इसके लिए भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा के प्रभारी राजेश सिन्हा गिरिडीह उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपेंगे। ज्ञात हो पेयजल कार्य में लगे कर्मी का कोई दोष नहीं है,उनको सुविधा नहीं दी जाती है,दवाब दिया जाता है कि सभी को बोलना सुविधा है,जांच में उभर कर आएगा,जांच में वार्ड में धरातल में जा कर पूछे कि सच क्या है, उपनगर आयुक्त महोदया भी इसको बेहतर जांच के लिए पहल कर सकती है,शुरुवाती जांच में ही गड़बड़ी साफ दिखेगा।दूसरा मुद्दा यह है कि नगरनिगम क्षेत्र में 36 वार्डो के लिए फॉगिंग मशीन के लिए केवल एक गाड़ी है, जो 36 वार्ड को जा भी नही पाती, फॉगिंग मशीन लगभग दस होने से यह काम आसान होता,एक दो महीने में निकलता है मशीन जिसका दर्शन भी जनता नही कर पाती है। फॉग मशीन वार्ड में घूमते हुए कभी कभी देखा जाता है,जिससे मच्छड़ भागता नही बल्कि मच्छड़ और भी बढ़ जाता है।

# उपायुक्त ने की छठ पूजा की तैयारी को लेकर नगर निगम व छठ पूजा समिति के साथ बैठक

## छठ घाटों की साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट की मरम्मती समेत सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता मे समाहरणालय सभागार में छठ पूजा समितियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान छठ पूजा समिति से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने छठ घाटों से संबंधित परेशानियों से उपायुक्त को अवगत कराया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने नगर आयुक्त से छठ पूजा की तैयारी को लेकर जानकारियां ली। नगर आयुक्त ने बताया कि छठ घाटों की सफाई शुरू हो चुकी है, छठ घाटों तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड की मरम्मती, तालाबों एवं नदियों की साफ सफाई, जलकुंभी की सफाई, छठ घाट की समतलीकरण, स्ट्रीट लाइट की मरम्मती आदि पर कार्य किया जा रहा है जो की त्योहार से पहले पूरा कर लिया जाएगा। उपायुक्त ने सभी छठ पूजा समितियां से सीसीटीवी लगाने, महिला छठ व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम बनवाने, पटाखों के लिए अलग स्थान चिन्हित करने, स्थानीय गोताखोरों को घाट पर रखने एवं वॉलिंटियर एक्टिव रहने की अपील की। वही उपायुक्त द्वारा नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि जितने भी छठ घाट है वहां समुचित तरीके से साफ सफाई की व्यवस्था की जाए। साथ ही जितने भी स्ट्रीट लाइट खराब है उसे तत्काल मरम्मती करें। उसके अलावा जहां भी फल मंडियां लगती है एवं पूजा सामग्रियों का बाजार लगता है वैसे स्थान की विशेष तौर पर साफ सफाई करें। साथ ही जितने भी डेंजर जोन वाले तालाब है उन सभी तालाबों में बैरिकेटिंग अवश्य करें ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना ना घटे। ब्लीचिंग और चुना पाउडर अवश्य छिड़काव करवाएं। मौके पर उपयुक्त वरुण रंजन नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार समेत सहायक नगर आयुक्त एवं छठ पूजा समितियां के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# उपायुक्त ने राज्य स्थापना दिवस को लेकर पदाधिकारी के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर की तैयारी की बैठक की गई। 15 नवंबर 2023 को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला/ प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम किया जाएगा। जिला स्तर पर विकास मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन निम्न प्रकार किया जाएगा। माल्यार्पण 15.11.2023 को 9:30 बजे पूर्वाह्न से 10:30 बजे पूर्वाह्न तक भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा एवं अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए प्रतिमाओं की साफ सफाई कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद लोहरदगा द्वारा किया जाएगा। विकास मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम ~ 15.11.2023 को 12:30 बजे अपराह्न से समाहरणालय परिसर मैदान में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने परिसंपत्ति वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का समन्वय अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम स्थल पर अन्य व्यवस्थाओं के प्रभार में पदाधिकारी रहेंगे। स्टॉल~ जिला योजना पदाधिकारी विभिन्न पदाधिकारियों से समन्वय करते हुए विकास योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए विकास मेला की आयोजन हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारी से संबंधित विभागीय स्टॉल की स्थापना की प्रभार में रहेंगे। परिसंपत्ति वितरण~ विभिन्न लाभूको को परिसंपत्ति वितरण/ प्रमाण पत्र वितरण, स्वीकृति पत्र के वितरण, पी.एम .ए.वाई. (ग्रा) के लाभुकों को गृहप्रवेश,जे एस एल पी एस के महिलाओं को लाभान्वित करना एवं अन्य योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सुधीर मुर्म, परियोजना पदाधिकारी, मनरेगा, कृष्ण कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक, पी एम ए वाई एवं सुश्री हेमलता बजाज, पी पी आई ए फेलो रहेंगे। वे संबंधित पदाधिकारीयों से समन्वय करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करेंगे। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी लोहरदगा उक्त अवसर पर माइक की व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था एवं अन्य विभागीय व्यवस्था प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे। मंच एवं स्टॉल की व्यवस्था महाप्रबंधक, हिंडालको द्वारा की जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी लोहरदगा हिंडालको प्रबंधन से समन्वय करते हुए उक्त कार्रवाई समय करना सुनिश्चित करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम~ सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था से संबंधित आवश्यक कार्य योजना कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा की जाएगी इनके सहयोग जिला समाज कल्याण पदाधिकारी लोहरदगा, जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा,जिला शिक्षा अधीक्षक लोहरदगा एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रहेंगे। मंच संचालन गणेश लाल एवं मंच में सभी आवश्यक व्यवस्था श्री नारायण राम कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर पेय जलापूर्ति की व्यवस्था कार्यपालक पदाधिकारी नगर पालिका लोहरदगा द्वारा की जाएगी। जिला नियोजन पदाधिकारी लोहरदगा एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी लोगों के बैठने, अतिथियों के बैठने एवं परिसंपत्ति वितरण के प्रभारी से समन्वय्या करते हुए आवश्यक व्यवस्था में सहयोग करेंगे।

# फसल का उत्पादन आंकलन के लिए किया गया क्रॉप कटिंग






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के सवनाजरा गंझुटोली में किसान उत्पादक संगठन जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा दो नंबर धान का क्रॉप कटिंग कर किसानों को प्रति एकड़ में होने वाला उत्पादन बताया गया। धान कटिंग अमृता देवी का खेत से किया गया जिसमें पच्चीस स्क्वायर मीटर धान काट कर मिसने से 12 .5 कि.ग्रा. प्राप्त हुआ यानी प्रति एकड़ बीस क्विंटल धान का? उत्पादन हुआ। किसान उत्पादक संगठन के कृषक धान की खेती से संतुष्ट है बारिश अच्छा न होते हुए भी धान का पैदवार अच्छा है। जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सीईओ सोनू सिंह ने किसानों को धान में होने वाले रोग के बारे में विस्तार से बताते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया हमारे क्षेत्र एंव जीविका कृषि पर आधारित है जिसके कारण कृषि को व्यावसायिक रूप में करने कि आवश्यकता है। किसानों का हर संभव मदद के लिए किसान उत्पादक संगठन हमेशा तत्पर रहता है आप आकर सहायता ले सकते हैं। मौके पर उपस्थित ए टाटा प्रोडक्ट धन्या के कर्मचारी उत्तम कुमार सिंह ने बताया की जो खेत में दो नंबर का धान लगा है वहां पर तीन नंबर का धान लगाने से इससे ज्यादा उत्पादन देगा क्योंकि वह खेत तीन नंबर है हमारा कंपनी धान एंव सब्जी बिज उत्पादन करती है जो उन्नत किस्म का होता है आप उसे लगाकर अच्छे आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर लीड्स के कार्यकर्ता मनोज बिंझीया, कृषक सरस्वती देवी, लखमी देवी, जानकी देवी, सुखमती देवी, बांसमती देवी, सुलोचना देवी, पतांगी देवी, कुलांती देवी, फुलमनी देवी, कमल सिंह, आदि उपस्थित है।

**त्यौहार दीपावली को लेकर मिट्टी के बर्तन व दिये बनाने में जुटे कारीगर**

# स्वदेशी निर्मित वस्तुओं की ही करें खरीदारी, चाईनीज समान का करें बहिष्कार : लक्ष्मण महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखण्ड मुख्यालय ग्राम कैरो में दीपावली त्यौहार को लेकर कुम्हार समाज के ग्रामीण कारीगरों ने दीया, ग्वालिन, कलश, गणेश, लक्ष्मी के मूर्ति एवं मिट्टी के दियानुमा खिलौना बच्चो को आकर्षित करने वाला विभिन्न प्रकार के समान बनाने में लगे हुए हैं कारीगर।दीपावली को देखते हुए कारीगर लक्षमण महतो एवं जोगिया महतो इन दिनों मिट्टी के दिया गणेश लक्ष्मी के मूर्ति बनाने में काफी व्यस्त हैं। कारीगर लक्ष्मण महतो अपने मिट्टी के काम के विषय पर कहते हैं घड़ा, सुराही, बर्तन, खपड़ा, खिलौना, बनाना हमारे पूर्वजों के समय से चलता आ रहा है। आज हमारे परिवार मिट्टी के समान बना कर बाजार में बेच कर अपनी जीवन यापन करते हैं। बाजार के विषय पर पूछने से कहते हैं आज समय अत्याधुनिक हो गया हैं। जगह-जगह प्लास्टिक के बने समान सस्ते दर में उपलब्ध हो जाते हैं जिसके कारण लोग देशी वस्तुवों से दूर होते जा रहें हैं। बाजार में चाइनीज समान के चमक धमक ने लोगो को अपनी ओर आकर्षित किया। पिछले चार पांच वर्ष पूर्व मिट्टी से बने समानो का बिक्री काफी कम हो गया था परंतु देश मे चारो ओर फैले गंदगी को देख लोग प्लास्टिक के सामानों का बहिष्कार कर मिट्टी से बने समान का इस्तिमाल करने लगे हैं जिससे आज पुनः बाजार में मिट्टी से बने समानों का बिक्री अच्छी है। गांव ही नही शहरो में भी लोग अब मिट्टी से बने दीया का अधिक से अधिक उपयोग करने लगे हैं। इस व्यवसाय से अपने घर परिवार को दो वक्त का रोटी, बच्चो का पढ़ाई लिखा करा कर खुश हूं और जब तक जिंदा रहूंगा अपने पूर्वजों के द्वारा सिखाये हुए काम को आगे बढ़ाते हुए लोगो को मिट्टी का सामान उपलब्ध कराते रहंगे।

# दस लाख का लेवी मांगने वाला टीपीसी नक्सली कुलेश्वर यादव गिरफ्तार, भेजा गया जेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के नक्सली कुलेश्वर कुमार यादव उर्फ डिटोल यादव पिता गुलेची यादव को पलामू से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी हारिश बिन जमां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पेशरार थाना क्षेत्र में हाई लेवल ब्रिज निर्माण कर रहे प्राइवेट कंपनी राइट वे कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड के संवेदक से दस लाख रुपए की लेवी मांगी गई थी, यह लेवी प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के जोनल कमांडर प्रभात जी और विकास जी के कहने पर मांगी गई थीं। वही आवेदन मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई की है।लोहरदगा एसपी के निर्देश पर पेशरार थाना में मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए, पेशरार थाना प्रभारी अख्तर अली के नेतृत्व में टीम का गठन कर आरोपी नक्सली का मोबाइल ट्रेस कर पलामू से गिरफ्तार की गई। टीपीसी नक्सली कुलेश्वर कुमार यादव उर्फ डिटोल यादव संवेदकों से लेवी मांगने का कार्य को अंजाम दिया करता था। आरोपी टीपीसी नक्सली कुलेश्वर कुमार यादव उर्फ डिटोल यादव को लोहरदगा पुलिस ने पलामू जिला के बिदरा पिपराटांड पलामू से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही लेवी मांगने के लिए इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन और सीम को भी जप्त किया गया। जिसमे पेशरार थाना कांड संख्या - 09/23, दिनांक 02.11.2023 धारा 385/387/34 भा0 द0 वि0 एवं 17 सी0 एल0 ए0 एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# शिशु विद्या मंदिर कैरो में बालिका शिक्षा व्यक्तित्व विकास वर्ग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत दिनांक 04 नवंबर शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो, में बालिका शिक्षा व्यक्तित्व विकास वर्ग को लेकर वर्ग प्रमुख रीता यादव के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि मातृ भारती कैरो, के सचिव महोदया सीता देवी जी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा पंचम से दशम तक बहनों ने भाग लिया इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य बहनों के सर्वांगीण विकास, चारित्रिक विकास, आध्यात्मिक विकास के साथ नारी के सातों गुणों के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में बालिका शिक्षा के प्रमुख आचार्या रीता यादव, रूपा देवी, शांति नाग उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बक्सीडीपा में हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल स्थानीय ग्रामीणों एवं पुलिस द्वारा घायल युवक को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा शिव मंदिर के समीप ट्रैक्टर के चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों के पहल से एवं पुलिस के मदद से घायल को अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। विदित हो कि सड़क दुर्घटना में पल्सर मोटरसाइकिल चालक को ट्रैक्टर चालक अपने चपेट में लेते हुए घटना को अंजाम दे घटना स्थल से फरार हो गया। वही घायल युवक की पहचान बिशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निरासी करचा निवासी रामनन्दन उराँव के पुत्र अरुण उराँव के रूप में किया गया है। जो अपने मोटरसाइकिल जे एच 01 डी एम 9316 से अपने परिवार के साथ लोहरदगा से घर लौट रहा था। उसी दौरान बक्सीडीप शिव मंदिर के समीप अज्ञात ट्रैक्टर चालक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। सड़क दुर्घटना में युवक अरुण उराँव के पैर में गम्भीर चोटें आई है। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी को मिलते ही उनके निर्देश पर गस्ती दल घटना स्थल पहुंच घायल अरुण उराँव को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराते हुए अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई।

# नियोजकों को निबंधन कराने का निर्देश दिए जाने के बावजूद नहीं करवाई, मामला दर्ज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोटर परिवहन कामगार अधिनियम 1961 के तहत जितने भी लोहरदगा जिला में कमर्शियल गाड़ी संचालित है सभी गाड़ी का निबंधन इस एक्ट के तहत करने का प्रावधान है तथा ड्राइवर एवं हेल्पर को वर्षा एवं सर्दी मौसम में उसी के अनुकूलित वस्त्र देने का प्रावधान है। ड्राइवर से 8 घंटे से अधिक कार्य कराया जाता है तो दुगुना राशि भुगतान करेंगे तथा सभी ड्राइवर हेल्पर को ड्रेस उपलब्ध कराएंगे एवं उसकी धुलाई भत्ता का खर्च वहन नियोजक के द्वारा किया जाएगा। वैसे नियोजक जो इस नियम के तहत अपने गाड़ी का निबंधन नहीं कराए हैं उनको निर्देश दिया जा रहा है की निबंधन करावे।

# जनसमस्याओं को लेकर आपूर्ति पदाधिकारी से मिले भाजपा नेता

**समस्याओं का जल्द निष्पादन करने की रखी मांग**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी सिमडेगा से मुलाकात कर क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाकरडांड पालेडीह बखरी टोली के ग्रामीणों के द्वारा दिए गए आवेदन को दिया एवं कहा कि क्षेत्र में राशन डीलर द्वारा ठेपा लेकर राशन न देना जैसी कृत्य करने वाला डीलर को गंभीरता पूर्वक विचार किया जाए एवं नियम संगत करवाई कि जाए ताकि पुनः इस तरह कृत्य करने का दुस्साहस न करे। साथ में उपस्थित पाकरडांड सांसद प्रतिनिधि दीप नारायण दास ने कहा कि रेंगारपानी, बरहालेटा, बरपानी, हल्दीबेड़ा सुदूरवर्ती पहाड़ी इलाकों से ग्रामीण राशन लेने के लिए पैदल करीब 5 से 6 किलोमीटर की दुरी तय कर पालेडीह आते हैं और लगभग एक दिन लग जाते हैं उन ग्रामीणों के लिए उनके गांवों के आसपास राशन वितरण की सुविधा मुहैया कराई जाए ताकि उन्हें राशन लेने में सुविधा हो। जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी महोदय ने समस्याओं को गंभीरता पूर्वक लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया एवं सुदूरवर्ती इलाकों से राशन लेने के लिए आने वाले राशनकार्ड धारकों को आवेदन देने की बात की, ताकि संख्या के अधार पर उनके लिए व्यवस्था किया जाएगा।

# डॉ. रामेश्वर उरांव आज बीएस कॉलेज में पुस्तकालय का करेंगे उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार एवं माननीय राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू आज दिनांक 5 नवंबर 2023 दिन रविवार को लोहरदगा जिले के निम्न कार्यक्रम में शामिल होंगे।माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के विधायक निधि से निर्मित बी0 एस0 कॉलेज लोहरदगा में पुस्तकालय भवन का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत लोहरदगा जिले में जुरिया, तिगरा, लालपुर से अरकोसा पथ का शिलान्यास करेंगे।सेनहा प्रखंड के नंदगांव में फुटबॉल फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अतः इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, प्रखंड प्रमुख प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण, प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण गठबंधन दल के नेतागण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें। यह जानकारी मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने दी।

# श्रद्धा, विश्वास, लगन परिश्रम व सतत अभ्यास से कोई भी कार्य कठिन नहीं : जीपीझा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीबीएसई द्वारा निर्देशित भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता लाने हेतु वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थी ऋग्वेद सदन से आकृति पंकज व अनम फिरदौस, सामवेद सदन से जागृति मित्तल व निर्वाण कुमार यजुर्वेद सदन से पिंकी कुमारी व अंकित राज तथा अथर्ववेद सदन से स्नेहा देवघरिया व शिव उरांव प्रतिभागी बने। इस प्रतियोगिता में अथर्ववेद सदन की प्रतिभागी स्नेहा देवघरिया व शिव उरांव ने प्रथम स्थान अर्जित किया तथा आकृति पंकज व अनम फिरदौस ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। स्नेहा देवघरिया को श्रेष्ठ वक्ता हेतु भी पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में रोजर बिनी सिन्हा,पंकज कुमार सिन्हा व पल्लवी कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। समाज व्यक्तियों से ही मिलकर बनता है व्यक्ति समाज की इकाई होने के नाते अपने दृढ़ संकल्प से परिवर्तन अवश्य ला सकता है।जब कोई व्यक्ति न्याय व्यवस्था के मान्य नियमों के विरूद्ध जाकर अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए गलत आचरण करने लगता है तो वह व्यक्ति भ्रष्टाचारी कहलाता है। कई बार व्यक्ति समाज के कुछ लोभी व भ्रष्टाचारी व्यक्तियों से परेशान होकर स्वयं भ्रष्टाचारी बन जाता है किंतु ऐसे में व्यक्ति को परेशानियों से ना घबराते हुए धैर्य और साहस के साथ दृढ़ प्रतिज्ञ होकर सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए क्योंकि अंततः विजय तथा सुख सत्य के मार्ग पर चलने से ही प्राप्त होता है।

# फीफा के नियमों की जानकारी खिलाड़िओं के लिए होगी लाभकारी : बाघमारे प्रसाद कृष्णा

➲ खेल से अनुशासन और अनुशासन से बढ़ता है आपसी सौहार्द : हरीश बिन जमां

➲ फीफा के नियम जानेंगे तभी खिलाडी राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय मैच खेल पाएंगे : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित कार्तिक उराँव फुटबॉल लीग का समापन मिनी स्टेडियम में हो गया। मौके पर उपस्थित अतिथि डीसी बाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारिस बिन ज़मां का स्वागत जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष द्वारा किया गया। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा कार्तिक उराँव के चित्र पर मालाअर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरान्त खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारम्भ किया गया। मैच से पूर्व फेयर प्ले बैनर के साथ खिलाडियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। मैच समाप्ती के बाद भव्य पुरुषकार वितरण समारोह के मौके पर खिलाडियो को सम्बोधित करते हुए डी सी डॉ. बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा क़ी फीफा के नियमों क़ी जानकारी के बाद ही जिले के फुटबॉल खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्पर्धाओं में हिस्सा ले सकते हैं। इससे खिलाड़िओं क़ी प्रतिभा में निखार आएगा और वे आगे प्रतियोगिता में अच्छा कर सकेंगे। एसपी हारिस बिन ज़मां ने कहा क़ी फुटबॉल खेल टीम भावना का खेल होता है जो टीम अनुशासित होंगी वही मैच जीतता है। अनुशासन से खिलाडियों में कौशल का विकास होता है और कौशल विकास से ही खिलाडियों को लाभ होगा। खेल अनुशासन सिखाता है और अनुशासन से ही देश व समाज का विकास होता है। जिला फुटबॉल संघ के जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा क़ी शुरुवाती स्तर से ही बच्चों क़ी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। फीफा के नियम के तहत खेल खेलने से ही खिलाडियों की प्रतिभा विकसित होती है जो जिला फुटबॉल संघ प्रयास कर रही है। फाइनल मैच हिरही इलेवन तथा प्रतिभा केंद्र लोहरदगा के बीच खेला गया जिसमे हिरही ने प्रतिभा केंद्र लोहरदगा को 05-01 से पराजित कर खिताब पर अपनी दावेदारी पेश की। साथ ही साथ जिला आयुष समिति के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया।

**शहर के हर मुहल्ले में लगाएं स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था में करें सुधार : विधायक भूषण बाड़ा**

# विधायक भूषण बाड़ा ने विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शहर के खिजरी खूंटीटोली पहुंच सुनी ग्रामीणों की समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार की देर शाम शहरी क्षेत्र के खिजरी खूंटीटोली पहुंच ग्रामीणों की समस्या सुनी। नगर अध्यक्ष अरसद उर्फ अक्षण हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मोहल्लेवासियों ने बताया कि शहरी क्षेत्र में रहते हुए उनका मुहल्ले में नगरीय सुविधा नहीं मिल रहा है। न तो उनके मुहल्ले में नल से जल आता है। न ही बिजली के खंभे में स्ट्रीट लाइटें लगी है। शाम होते ही उनका मुहल्ला गांव से भी ज्यादा घना अंधेरा में डूब जाता है। सफाई की स्थिति काफी दयनीय है। गली मोहल्ले में सफाई कभी नहीं होती। कचरा उठाव वाहन भी कभी कभार ही आता है। मुहल्ले में रोजगार का भी कोई साधन नहीं है। इसपर विधायक ने कहा कि शहर में रहते हुए भी समस्याओं का अंबार लगना विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाता है। निजी कम्पनी को सफाई का जिम्मा दिए जाने के बाद भी शहर में सफाई की स्थिति दयनीय है। हर मुहल्ले से रोजाना सफाई नही होने, कचरा उठाव वाहन के रोजाना नहीं पहुंचने की शिकायतें हमेशा मिलते रहती है। इस पर जल्द सुधार करें अन्यथा कारवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि उनके पहल पर शहर के हर घर को पाइप लाइन से पानी पहुंचाया जाएगा। इसका काम भी शुरू हो चुकी है। विधायक ने हर मुहल्ले के प्रमुख स्थानों में स्ट्रीट लाइट भी लगाने का नगर परिषद को निर्देश दिया है। इसके अलावे पहुंच पथ को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। मौके पर नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज,नगर अध्यक्ष अरशद उर्फ अक्षण हुसैन, पूर्व वार्ड पार्षद शशि गुड़िया, जिला सचिव बिरंजन बाड़ा, जिला सचिव जयवंत बरला,कल्लू मिया, महताब आलम, अहमद हुसैन आदि उपस्थित थे।

*वार्ड पार्षद के नहीं रहने से बढ़ गई है परेशानी~ मुहल्लेवासी* मौके पर मोहल्लेवासियों ने शहरी क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के नही रहने से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी समस्या सुनने वाला कोई नहीं है। जनप्रतिनिधियों के नहीं रहने से नगर परिषद के अधिकारी और कर्मी भी उनकी एक न सुनते हैं। ग्रामीणों ने शहरी क्षेत्र में जल्द चुनाव करवाने की पहल करने की मांग की। जिसपर विधायक ने भी उचित आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि शहर में जनप्रतिनिधियों के न रहने से ग्रामीणों को होने वाली परेशानी को वे भली भांति समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्या उनके फोन नम्बर में रखें। नप के अधिकारी व कर्मी परेशान कर रहे हैं तो इसकी जानकारी दें। ग्रामीणों का कोई भी काम नहीं रुकेगी। हर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। विधायक ने कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अरसद उर्फ अक्षण हुसैन व अपने नगर विधायक प्रतिनिधि को नगर भ्रमण का अभियान तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा के आप सभी शहर के हर वार्ड, गली मोहल्ले में जाकर लोगों की समस्या सुनें और उसे दूर रखें। शहर वासियों को नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व वार्ड पार्षद की कमी का एहसास न होने दें।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## चलते चलते एक नजर

### गंभीर हालत में पारस अस्पताल लाए गये एक दिन के बच्चे को मिला जीवनदान

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गंभीर अवस्था में 1 दिन के बच्चे को प्रसवपूर्व हाइड्रोनफ्रोसिस (द्विपक्षीय किडनी) की शिकायत के साथ बिना मूत्र उत्पादन के राँची के पारस एचईसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आईवीएफ द्वारा पैदा हुआ था । चिंता का विषय था की वह बच्चा समय से 32 सप्ताह पहले परिपक्व हो गया था और उसका वजन केवल 1.6 किलोग्राम था। शहर के किसी भी डेडिकेटेड चिल्ड्रेन हॉस्पिटल सहित रांची में कोई भी अस्पताल (मूत्रविज्ञान या बाल चिकित्सा) उनका प्रबंधन करने में सक्षम नहीं था, क्योंकि उनके पास एक ही छत के नीचे एनआईसीयू देखभाल के साथ-साथ नवजात शिशु विशेषज्ञता उपकरण नहीं थे। शिशु को डॉ. सौमिक चटर्जी और डॉ. विकास आनंद की संयुक्त देखभाल में भर्ती कराया गया था। सिस्टोस्कोपी और राइट डीजे स्टेंटिंग दूसरे दिन की गई (3 दिन के बच्चे पर इस प्रक्रिया को करना बेहद चुनौतीपूर्ण है) और इसके लिए विशेष नवजात मूत्रविज्ञान उपकरण की आवश्यकता होती है। बच्चे को पेशाब आना शुरू हो गया और उसकी हालत में सुधार हुआ। उनकी किडनी, जो पहले ख़राब चल रही थी, ठीक होने लगी। 10 दिनों के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

### एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता पर सम्मेलन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा चुना गया विषय भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध हों है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सतर्कता जागरूकता पर सम्मेलन का आयोजन किया गया, इस अवसर पर कुमार गौरव, आईपीएस, एसपी ट्रैफिक, रांची मुख्य अतिथि और सम्मानित वक्ता थे। इस अवसर पर बोलते हुए, कुमार ने आजकल प्रचलित साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं और प्रकारों के बारे में बात की और कहा कि किसी की मेहनत की कमाई को बचाने के लिए ऑनलाइन बैंक लेनदेन करते समय व्यक्तियों द्वारा सतर्क और सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रतिभागियों के साथ बातचीत करते हुए, उन्होंने ऐसे अपराधों के निवारण के लिए विभिन्न सहायता प्लेटफार्मों को साझा किया, उन्होंने वित्तीय लेनदेन के दौरान जालसाजी से बचने के लिए व्यक्तिगत विवरण साझा करने में सावधानी बरतने की याद दिलाई। इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न पूछे, जिनका एसपी, यातायात द्वारा उपयुक्त उत्तर दिया गया। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे कर्मचारियों के लिए समूह चर्चा, और स्कूली बच्चों के लिए भाषण आदि शामिल हैं। सतर्कता जागरूकता पर प्रचार करने के लिए, प्रमुख स्थानों पर बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए जाएंगे।

### सुदेश महतो से मिला विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच का प्रतिनिधिमंडल

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवी गदाधर महतो, प्रखण्ड उपाध्यक्ष सह प्रभारी (आजसू) कांके प्रखंड जोगिंदर उरांव, छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने शनिवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो एवं केंद्रीय प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत से उनके कांके रोड स्थित आवास में मुलाकात की। साथ ही उन्हें प्रकाश का महापर्व दीपावली एवं आस्था का महापर्व छठ पूजा की बधाई दी और छठ पूजा में आने के लिए न्योता भी दिया।

# नेपाल : 2015 में आये भूकंप की भयावह यादें हुई ताजा

**एजेंसी**

**काठमांडू :** नेपाल में 2015 में 7.8 तीव्रता के भूकंप और उसके बाद आए झटकों के कारण लगभग 9,000 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 22000 अन्य घायल हो गये थे. इस भूकंप के कारण 35 लाख लोग बेघर हो गये थे. आपदा के बाद सरकार की एक आकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप के लिहाज से नेपाल दुनिया का 11वां संवेदनशील देश है. 25 अप्रैल 2015 को आए विनाशकारी भूकंप में नेपाल की राजधानी काठमांडू में स्थित कई ऐतिहासिक इमारतें ध्वस्त हो गई थीं. सैकड़ों विदेशी पर्यटक भी इस भूकंप की चपेट में आ गए थे.

**नेपाल में आए भूकंप से सैकड़ों की मौत, दिल्ली-एनसीआर, यूपी-बिहार में भी जलजले से सहमे लोग:** भारत का पड़ोसी देश नेपाल एक बार फिर भूकंप की चपेट में हैं. शुक्रवार देर रात आए 6.4 तीव्रता वाले इस भूकंप के कारण कई इमारतें ढह गई और तबाही का आलम यह है कि 129 लोगों की मौत हो चुकी है. अभी भी मौतों के आंकड़े बढ़ सकते हैं. मलबे में दबने के कारण कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है.बताया जा रहा है कि भूकंप के कारण ज्यादातर लोगों की मौत रुकुम पश्चिम और जाजरकोट में हुई है. मृतकों की जानकारी रुकुम पश्चिम के डीएसपी नामराज भट्टराई और जाजरकोट के डीएसपी संतोष रोक्का ने दी है. नेपाल में आए भूकंप में मरने वालों की संख्या 129 तक पहुंच गई है. प्रधानमंत्री के निजी सचिवालय के मुताबिक, जाजरकोट भूकंप में 92 लोगों की मौत हो गई है और 55 लोग



घायल हो गए हैं.वहीं, रुकुम वेस्ट में 36 लोगों की मौत हो गई और 85 लोग घायल हो गए.

**दिल्ली-एनसीआर में मची अफरा-तफरी:** नेपाल में तबाही मचाने वाले भूकंप की तीव्रता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसका असर दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में देखा गया. बिहार के पटना और मध्य प्रदेश के भोपाल तक भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए. दिल्ली-एनसीआर में लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और हाईराइज बिल्डिंग में रहने वाले लोगों में अफरा-तफरी देखी गई. दरअसल, बीते हर महीने लगभग एक बार दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके लगे हैं.

**नेपाल के जाजरकोट जिले में था केंद्र:** नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप मापन केंद्र के मुताबिक भूकंप का केंद्र नेपाल के जाजरकोट जिले के लामिडांडा इलाके में था. नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने भूकंप से हुई लोगों की मौत पर दुख जताया है. उन्हों जीने बचाव और राहत के लिए 3 सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया है. इस भूकंप का असर यूपी के लखनऊ में भी देखा गया था, जहां लोग झटके महसूस होने के बाद घरों से बाहर निकल आए थे.

**लखनऊः भूकंप के झटकों को देखते हुए अलर्ट जारीः** नेपाल से सटे उत्तर प्रदेश के जिलों में लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर , महाराजगंज जनपदों के अपरजिलाधिकारी से फोन पर सूचनाएं प्राप्त की गयी,सभी जनपदों में भूकम्प के हल्के झटके महसूस किये गये,किसी भी जनपद से किसी भी जनहानि एवं अन्य किसी नुकसान की सूचना नही है.


**मध्य प्रदेश में भी लगे झटके:** नेपाल में आये भूकंप के झटके मध्यप्रदेश के भी कुछ हिस्सों में महसूस किये गए. मध्यप्रदेश मौसम विभाग के मुताबिक भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, सतना और रीवा में भूकंप के बेहद हल्के झटके महसूस किए गए.

**बिहार में पटना तक लगे झटके:** बिहार के पटना में भी भूकंप के झटके लगे हैं. बिहार के कई जिलों में शुक्रवार की रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. झटका इतना जोरदार था कि लोग घरों से बाहर निकल गए. राजधानी पटना समेत बिहार के कई जिलों में तेज झटके को लोगों ने महसूस किया है.

## डोरंडा में 30 लाख से बनेगा हिमाचल के शिव मंदिर का मॉडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में काली पूजा को लेकर एक से बढ़कर एक पंडाल बनाए जा रहे हैं। इस लेकर पूजा समिति अपने अपने पंडाल के निर्माण काम में जुट गए है। इसी क्रम में डोरंडा बाजार, श्री काली पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने शनिवार को बताया कि इस बार हिमाचल प्रदेश के शिव मंदिर की तर्ज पर पूजा पंडाल बनेगा। कोलकाता के 75 कारीगरों की ओर से पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण की लागत 30 लाख रुपए है। पंडाल की ऊंचाई 100 फीट और चौड़ाई 50 फीट होगी। हर साल की तरह इस साल भी माता रानी की मूर्ति बीणापानी क्लब की ओर से बनाई जा रही है। 18 फीट की मां की मूर्ति बन रही



है। चंदन नगर से लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, जो पंडाल से एक किमी तक लगाई जाएगी। पांडेय ने बताया कि 12 नवम्बर की शाम 7 बजे पंडाल का पट खोला जाएगा। चार दिन माता रानी को खिचड़ी और सब्जी का महाभोग लगाया जाएगा। विसर्जन के दिन खीर का भोग लगाया जाएगा।

### परशुराम मंदिर निर्माण में सभी सनातनियों का मिल रहा सहयोग

## घर-घर झोली फैलाएंगे,भव्य मंदिर बनाएंगे : मुकेश तिवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू में झारखण्ड की पहली परशुराम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव कर रही है।

इसमे झारखण्ड के साथ साथ दूसरे राज्यों एवं सभी वर्गो से बढ़ चढ़ कर सहयोग मिल रहा है, उसी का यह नतीज़ा है कि सात महीनों के अंदर ही मंदिर के प्लींथ, छत, ढलाई होने का साथ बीते मंगलवार से गुम्बद निर्माण के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है।

मंदिर में 5 गुम्बदों का निर्माण कराया जाना है। जो कि 71 फिट 21 फिट एवं 15 फिट के दो गुम्बद वही 11 फिट के गुंबद इस मंदिर की शोभा बढ़ायेगी। मंदिर के के हो रहे निर्माण से पूरे झारखण्ड के सनातन धर्म के लोगों के बीच उत्साह एवं कौतूहल



देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि मंदिर निर्माण से सनातन पद्धति और मज़बूत होगी। आने वाली पीढ़ी को अपने पूर्वजों एवं धर्म के बारे में सीखने पढ़ने को मिलेगा।

मंदिर निर्माण करा रहे राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारीयों का कहना है कि धर्म, पंथ और जात के बीच भेद नहीं है.

भारत को विविध मान्यताएं और पूजा पद्धति बतानेवाले देख सकते हैं। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के संरक्षक कमलेश शुक्ला ने कहा कि मंदिर निर्माण में लोग बढ़ चढ़ कर सहयोग एवँ मार्गदर्शन के लिए आगे आ रहे हैं। झारखण्ड प्रदेश के संरक्षक मुकेश तिवारी ने कहा कि घर घर झोली फैलाएंगे मंदिर भव्य बनाएंगे अभियान को लेकर रोज एक टोली लोगों के घर पहुच रही है। इन्होने सभी से मंदिर निर्माण में सहयोग के लिए आभार भी जताया है। इस टोली में मुख्य रूप से अगुवाई कर रहे राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला, प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी, बंसत तिवारी, परमेस तिवारी आशुतोष तिवारी, अंकित पांडे, धर्माचार्य रमेश पांडे अरविंद पांडे, चंदन शुक्ला, करन कांत तिवारी, रितिक चौबे, शुबास दुबे, संजम दुबे, नवनीत शुक्ला अभिषेक पांडे, बिटू पांडे, पींकू उपाध्याय के साथ कई अन्य पदाधिकारियों की रहीं उपस्थिति।

# चित्र बनाने में प्रीतराज को है महारत हासिल

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पहल पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य में पहली बार 3 नवंबर से 5 नवंबर 2023 तक राज्य के विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत बाल कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का प्रदर्शनी आड्रे हाउस में लगाया गया है। ÷चाइल्ड आर्टिस्ट एग्जिबिशन÷ को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। यहां राज्य के 24 जिलों के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों, कॉलेज के छात्र- छात्राओं द्वारा ÷अर्निंग फॉर लर्निंग÷ थीम पर बनाई गई पेंटिंग सहित अन्य कलाकृतियों का भी लोग अवलोकन कर रहे हैं और खरीद भी रहे हैं प्रथम दिन शुक्रवार को करीब साठ हजार और शनिवार को खबर लिखे जाने तक एक स्टॉल में करीब तीस हजार रुपए की सामग्री, पेंटिंग, क्राफ्ट इत्यादि की बिक्री हो चुकी थी।

**प्रीतराज एक बार एक साथ बीस पेंटिंग :** एक साधारण सा दिखने वाला छात्र प्रीत राज के हाथों में एक जादू सा है। करीब 20 मिनट के अंदर ही किसी भी व्यक्ति को अपने सामने बैठा कर उसका स्केच उतार सकते हैं। इसके आलावा एक बार में एक ही समय पर एक



साथ करीब 20 महापुरुषों व स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीर भी एक कागज में बनाने की महारत हासिल है। प्रीत राज आड्रे हाउस में अपना एक स्टॉल लगाये हैं,यहां पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,माता रूपी सोरेन,पिता शिबू सोरेन सहित कई आईएएस, आईपीएस एवं खिलाड़ियों की स्केचिंग बनाकर अपने स्टॉल पर रखे हैं।जहां पर लोग खींचे चले आ रहे हैं।वहीं अपने स्टॉल पर ही कुर्सी पर बैठाकर हर आने जाने वाले लोगों को भी तस्वीर बखूबी उतार रहे हैं।

**कौन है प्रीतराज:** प्रीत राज प्रभात मंत्र संवाददाता परवेज कुरैशी से बातचीत में बताया कि उनका पूरा परिवार ही चित्रकला से जुड़ा हुआ है । मां संगीता दास , पिता एम गोपाल आर्ट एवं तीन भाई एक बहन सभी कला प्रेमी हैं। सभी को चित्रकला में महारत हासिल है। बता दें इसमें लेकिन प्रीत राज थोड़ा आगे निकल गये हैं। खासकर वह एक कागज पे एक बार में एक साथ 20 पेंसिलों की मदद से एक साथ 20 अलग-अलग महापुरुषों की तस्वीर बनाकर न सिर्फ झारखंड , बल्कि देशभर में मशहूर हैं। उसका एक साथ 20 पेंटिंग लाइव वीडियो भी चलाया गया। यूट्यूब और इंस्टाग्राम में प्रीत राज के नाम से अपलोड कर देख भी यह वीडियो देख सकते हैं।

**हजारीबाग के हैं प्रीत राज :** प्रीत राज हजारीबाग के मुंडाई खुर्द का रहने वाले हैं और वहीं से प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा इसकी प्राप्त हुई है। प्रारंभिक शिक्षा हजारीबाग स्थित आरक्षी स्कूल , इसके बाद जिला प्लस टू और वर्तमान में संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग से पढ़ाई जारी है। उनकी इच्छा है कि वह और बेहतर चित्रकार बने। फाइन आर्ट्स में वह डिप्लोमा हासिल करना चाहते हैं। बिहार के आइएएस आइपीएस की तैयारी कराने वाले खान सर के नाम से मशहूर शिक्षक और फिल्मों के नायक सोनू सूद से मिलने की ख्वाहिश रखते हैं। प्रीत राज सोनू सूद एवं खान सर सहित कई गणमान्य लोगों की तस्वीर भी बना रखी है और वह इच्छा जाहिर करते कि इन लोगों से मिलकर उन्हें ये पेंटिंग भी भेंट करेंगे। वहीं प्रदर्शनी देखने आए रांची यूनिवर्सिटी के पीजी विभाग के प्रोफेसर रिजवान अंसारी भी प्रीत राज के चित्रकला की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे छात्रों के मनोबल बढ़ाने के लिए इन्हें रांची विश्वविद्यालय में स्कॉलरशिप की व्यवस्था कराई जानी चाहिए और यहां पर फाइन आर्ट्स का क्लास भी चलता है , तो ऐसे छात्र को यहां पर भी हिस्सा लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ऐसे छात्रों को प्रोत्साहन करने का काम कर रहे हैं यह काबिले तारीफ है।

## पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को 21 रन से हराया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच वनडे वर्ल्ड कप का मुकाबला खेला गया। इस मैच को पाकिस्तान की टीम ने 21 रनों से जीत लिया। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच इस मैच में बारिश ने कई बार खलल डाला, जिसके कारण यह मैच नहीं खेला जा सका और आईसीसी के एक खास नियम के आधार पर पाकिस्तान की टीम ने यह मुकाबला अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के लिए यह करो या मरो का मुकाबला था। बता दें कि पाकिस्तान को इस मैच में आईसीसी के एक खास नियम के आधार पर जीत मिली है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए इस मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 401 रन बनाए। जिसके बाद ऐसा लगने लगा कि पाकिस्तान के लिए अब यहां से मैच जीतना आसान नहीं होगा, लेकिन पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज



फखर जमां ने एक शानदार पारी खेलते हुए पाकिस्तान को इस मैच में दमदार शुरुआत दिलवाई। मैच में बारिश आने की उम्मीद को देखते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने डकवर्थ ल्यूस के निधारित स्कोर से अपनी टीम को हमेशा आगे रखा। मैच की दूसरी पारी में जब बारिश ने पहली बार खलल डाला तो पाकिस्तान की टीम डकवर्थ ल्यूस के निधारित स्कोर से 10 रन आगे चल ही थी। उन्हें 21.3 ओवर में कम से कम 150 रन बनाने थे, लेकिन उन्होंने 160 रन बना लिए थे। बारिश रुकने के बाद मैच को जब दोबारा से शुरू किया गया तब पाकिस्तान को जीत के लिए 41 ओवर में 342 रनों की जरूरत थी। फखर जमां और बाबर आजम ने मैच फिर से शुरू होने के बाद अपनी लय को बनाए रखा और टीम को डकवर्थ ल्यूस स्कोर से आगे रखा, मैच में जब दोबारा बारिश ने खलल डाला तो पाकिस्तान की टीम डकवर्थ ल्यूस स्कोर से 21 रन आगे थी। बारिश के कारण मैच फिर से शुरू कर पाना बहुत मुश्किल था। ऐसे में उन्होंने यह मैच 21 रनों से जीत लिया।

# संत मरियम विद्यालय में दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**प्राचार्य ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा की नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा में बदलाव होना आवश्यक है ऐसा होने पर ही बच्चे वर्तमान तथा भविष्य की चुनौतियों का सामना सरल तरीके से कर पाएंगे।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** संत मरियम विद्यालय में सीबीएसई के तहत स्कूल के शिक्षकों का प्रशिक्षण दिनांक 04-11-2023 से प्रारंभ हो गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मौके पर प्रशिक्षिका (प्रवक्ता) के रूप में धनबाद से आई हुई हिन्दी शिक्षिका- विनिता विजय सामाजिक कार्यकर्ता के साथ-साथ क्रिमिनल वकील भी रह चुकी हैं तथा स्थानीय ब्राइटलैंड स्कूल से आई हुई रबिना कुमारी अंग्रेजी शिक्षिका भी उपस्थित थीं। विद्यालय के प्राचार्य कुमार आदर्श ने दोनों प्रशिक्षिका तथा चेयरमैन श्री अविनाश देव को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।टीका के साथ-साथ उनकी आरती भी उतारी गई। मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों प्रवक्ताओं के माध्यम से सीबीएसई के द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत स्ट्रेंथिंग एसेसमेंट एंड इवोलुएशन प्रैक्टिस पर प्रकाश डाला जाएगा। प्राचार्य ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा की नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा में बदलाव होना आवश्यक है ऐसा होने पर ही बच्चे वर्तमान तथा भविष्य की चुनौतियों का सामना सरल तरीके से कर पाएंगे। ऐसा होने पर ही बच्चे समाज तथा राष्ट्रहित में कार्य कर सकेंगे। सभी आगंतुकों को मध्यान भोजन करवाया गया। मौके पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भाजपा पर साधा निशाना

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पर जो आरोप भाजपा लगा रही है। इससे यह साफ पता चलता है कि चुनाव पूर्व ही भाजपा ने यह मान लिया है कि हम छत्तीसगढ़ में चुनाव हार रहे हैं। सिन्हा ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में कहा कि भाजपा जिस प्रकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है, यह देश की जनता को पता है। कांग्रेस लोकतंत्र का निर्माण कर्ता है, लेकिन भाजपा उस लोकतंत्र की हत्या करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि ईडी के जरिए भाजपा गैर भाजपा शासित राज्यों को किस प्रकार परेशान कर रही है और कैसे बिना साक्ष्य ईडी काम कर रही है यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ संवाददाता सम्मेलन कर कांग्रेस के उपर आरोप लगाने वाली पार्टी बनकर रह गयी है।

# कमलनाथ ने ट्रांसफर इंडस्ट्री लगाने का काम किया : अमित शाह

**एजेंसी**

**भोपाल :** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने शनिवार को शिवपुरी जिले के करैरा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस की पिछली डेढ़ साल की कमलनाथ सरकार पर आरोप लगाया कि उस दौरान शिवराज की 51 कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी गई। यहां कमीशनखोरी का उद्योग स्थापित किया। ट्रांसफर इंडस्ट्री लगाने का काम किया। बेटा-दामादों के कल्याण का उद्योग स्थापित किया। भ्रष्टाचार की इंडस्ट्री लगाने का काम किया। केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी जनसभाओं को संबोधित किया।अमित शाह ने चुनावी सभाओं में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। शाह ने आरोप लगाते हुए कहा कि कमलनाथ ने साढ़े तीन सौ करोड़ का मोजरबेयर घोटाला किया। 2400 करोड़ रुपये के



अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में नाम आया। 600 करोड़ का इफ्को घोटाला किया। 25 हजार करोड़ रुपये की कर्जमाफी का घोटाला कमलनाथ ने किया।केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कई साल तक मध्य प्रदेश को अंधेरे में रखा। बीमारू राज्य बनाकर रखा। दूसरी ओर भाजपा की सरकार ने मध्य प्रदेश को बीमारू से बेमिसाल राज्य बनाया। गरीबों, दलितों, शोषितों, वंचितों के कल्याण का काम किया। 20 साल पहले श्रीमान बंटाधार की सरकार थी तब सड़क ऐसी थी क्या? सिंचाई की व्यवस्था ऐसी हुई थी क्या? घर-घर बिजली आती थी क्या? 2003 में जब कांग्रेस मध्य प्रदेश छोड़ कर गई तब यहां का बजट 23 हजार करोड़ रुपये का था। 2023 में मध्य प्रदेश सरकार का बजट तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का था। हर साल एमएसएमई के चार हजार रजिस्ट्रेशन होते थे। आज यह रजिस्ट्रेशन बढ़कर तीन लाख से अधिक हो गए हैं। मेडिकल सीटें 620 थी, जो बढ़कर चार हजार से अधिक हो गई है। आईआईटी की सीटें बढ़ाई हैं। पर्यटक 64 लाख आते थे, अब नौ करोड़ आते हैं। यह पूरा परिवर्तन भाजपा की सरकार ने किया।

**राममंदिर का निमंत्रण देने आया हूं:** उन्होंने कहा कि अयोध्या में जहां भगवान राम का जन्म हुआ, वहां मंदिर बनना था या नहीं? कांग्रेस पार्टी 70 साल से मंदिर के प्रश्न को लटका रही थी। मैं तो निमंत्रण देने आया हूं। 22 जनवरी को वहां पर प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। 22 जनवरी 2024 को दोपहर साढ़े 12 बजे रामलला प्रस्थापित होने वाले हैं। हमने सिर्फ अयोध्या मंदिर का काम नहीं किया। उज्जैन में महाकाल लोक और काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर बनाया। सोमनाथ का मंदिर सोने का बन रहा है। बद्रीनाथ और केदारनाथ का भी पुनरुद्धार भी मोदी ने किया है।